वर्षों की विरासत

जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 09 ■ फरवरी 2026 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



## समाज गौरव सम्मान

श्री दीपक माहेश्वरी
( रिटायर्ड न्यायाधीश, राज. उच्च न्यायालय )

डॉ. श्रीगोपाल काबरा
( पूर्व प्रोफेसर, SMS Medical College)

श्री गौरीशंकर आगीवाल
( रिटायर्ड भारतीय विदेश सेवा- IFS)

MPS कालवाड़ : नवीन सुविधाओं हेतु 2869 वर्ग गज भूमि की रजिस्ट्री संपन्न

होली स्नेह मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन

शनिवार, 28 फरवरी 2026 । समय : सायं 6:00 बजे से

माहेश्वरी
चाय
स्थापित-1961

65 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

**चलो ना फिर से कुछ वक्त साथ बिताते हैं**
**ताज़गी से भरपूर माहेश्वरी चाय बनाते हैं**
**और घंटो बतियाते हैं।।**




**माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि.,** जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com
www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 16 | अंक 09 | फरवरी, 2026
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100
8233681813

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा ( पूर्व पार्षद )
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी ( शकुन ग्रुप )

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी ( हरमाड़ा )
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू ( मुरलीपुरा )
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर प्रसाद अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा ( मुरलीपुरा )
राकेश झंवर ( बंबाला )
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा



**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री
98281-12198



**मोहन तोषनीवाल**
प्रधान संपादक
98290-67553



**मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**
संपादक
98281-53965



**प्रिंसा ( चारु ) बांगड़**
संयोजक
99115-00431

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर — सेवा त्याग सदाचार — 100 वर्षों की विरासत

## संपादकीय

रंगों की रंगीनी है होली
मिलन अनुराग की है होली
सौहार्द एकता उत्सव है होली
प्रेम ऊर्जा संस्कृति है होली।

प्रिय आत्मीय बंधुओं,

सादर अभिवादन,

होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव एवं मस्ती के रंग में सरोबार होने का अनूठा राष्ट्रीय हिंदू त्यौहार है।

यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, तेरे-मेरे की बढ़ती कलुषित भावना और भाग-दौड़ से होली की परंपरा धुंधली होती जा रही है, परंतु खुशी का बहाना हर कोई ढूंढता है, वस्तुतः होली ही एकमात्र वह त्यौहार है, जिससे हमारे भीतर खिलखिलाहट और प्रसन्नता आती है।

त्यौहार के गौरवमयी परंपरा को अक्षुण्ण बनाने के लिए इस पत्रिका में इक छोटा सा अनूठा प्रयास किया गया है, समाज बंधुओं से यह जानने की कोशिश की गई है कि होली को कैसे खास बनाया जाए और समाज की कौन-कौन सी कुरीतियों और विसंगतियों का दहन किया जाना उचित होगा, इस प्रयास में पत्रिका कितनी सफल हुई हैं, यह आप पढ़ कर अवश्य बताएं।

'मिल कर होली खेलिए, मल कर रंग गुलाल।'
'नेह प्रीत शुभ रंग से, पीले कर दो गाल।।'

तो आइए, जीवन में गिले-शिकवे, उदासी, वैमनस्यता को दूर कर सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। इसके साथ आप सभी 'होली के रसिक जनों को रंगोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।'

– मधु भूतड़ा 'अक्षरा'




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
**Rajesh Khator : +91 93524 79947**

होलिका दहन से पावन संदेश जगे,
सत्य की राह पर हर मन विजय रचे
अहंकार, ईर्ष्या, कुरीतियाँ हो जाये भस्म
समाज में सद्भाव, प्रेम और विश्वास सजे।

**प्रिय समाज बंधुओं,**

राम-राम
सप्रेम वंदन

जब होली के रंगों की आहट जीवन में उल्लास भरने लगती है, तब केवल मौसम नहीं, मन भी रंगों से सराबोर हो उठता है। होली केवल रंगों का ही नहीं, विश्वास और सद्भाव का पर्व भी है।

रंगों के इस पावन पर्व होली की सभी समाज बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।

होलिका दहन हमें प्रेरणा देता है कि अहंकार और नकारात्मकता का अंत निश्चित है, आस्था और विश्वास सदैव विजयी रहते हैं।

इसी शुभ काल में गणगौर पर्व नारी श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। महिला दिवस हमें स्मरण कराता है कि नारी सम्मान और सहभागिता के बिना समाज की प्रगति अधूरी है।

साथ ही शीतला अष्टमी स्वास्थ्य, शुद्धता और मातृशक्ति की लोक आस्था का संदेश देती है, जो परिवार और समाज की रक्षा की भावना को सुदृढ़ करती है।

अभी समय बच्चों के लिए परीक्षाओं का भी है। उन्हें प्रोत्साहन दें, उनका मनोबल बढ़ाएँ और विश्वास दिलाएँ कि परिश्रम ही सफलता का सच्चा आधार है।

आइए, हर उत्सव को सामाजिक एकता और संगठन सुदृढ़ीकरण का माध्यम बनाएं।

आप सभी से सादर निवेदन है की 'होली स्नेह मिलन एवं कवि सम्मेलन' का आयोजन शनिवार, दिनांक 28 फरवरी 2026' की शाम है। सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

*रंग, उमंग और हँसी के संग हो मधुर व्यवहार*
*आप पधारें तो पूर्ण हो उत्सव का हर सार।*

सादर प्रणाम

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



## उमेश सोनी
**अध्यक्ष**

होली लाए रंग हजार,
शीतलामाता रखें स्वस्थ संसार,
गणगौर सजे सुहाग का श्रृंगार,
महिला दिवस नारी का सत्कार,
परीक्षा में मेहनत दे सफलता अपार।

॥ बोरावड़ गायत्री अम्माजी मंदिर की जय ॥

# CHATRACHAYA INFRA SOLUTIONS

## Build Your Luxury Home At Fixed Cost



Kartik Totla



Ashish Biyani



Aditya Kabra



CA Niti Mantri

### Construction and Interior
### Projects with Labour and Material at Fixed Cost

*Project Execution From 1500/- to 15000/- Rs. PSF Or More

*Flat Interiors From 50 Lakh to 1 Crore or More

**Commercial, Residential, Office, Showroom, Hotel Projects of Any Type and Scale**

**Services we provide:**

- Construction
- Architecture & Interiors
- Turnkey Projects
- Project Consultancy & Execution

**+91 80003 30312, +91 73000 98292**

Add. G-2,84 Shanti Nagar, Dcm, Ajmer Road, Jaipur-302019
Email: chatrachayainfrasolutions@gmail.com

सादर जय श्री कृष्ण !!!

समाज के वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के साथ जनउपयोगी भवन आनंदम के विनायक स्थापना कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार।

सूर्यसप्तमी पर हम सभी ने जाना कि,

- हरिप्रसाद जी ने पाया गृह मंत्रालय से दक्षता पदक,
- दीपक जी ने बनाया भारत मैप और दी गूगल को चुनौती,
- राहुल जी ने मनवाया यूरेशिया में अपनी काबिलियत का लोहा,
- प्रत्यक्ष जी ने किया अफ्रीका का माउंट किलिमंजरो फतह,
- रैकी ग्रांडमास्टर तेजश्री जी को मिली डॉक्टरेट उपाधि,
- पार्थ जी ने लिया हार्वर्ड के प्रतिष्ठित MBA में प्रवेश,
- लव्या-सान्वी जी ने पाया Worldwide Book of Records में स्थान।

यानि ईशकृपा से हम सभी माहेश्वरियों में हुनर-काबिलियत-सामर्थ्य- क्षमता अपार है, बस सही समय पर कोई उसे निखारने वाला मिल जाये तो बात बन जाये।

ऐसी ही सोच के साथ शुरुआत की जा रही है Maheshwaris' Empowerment by Development Hegemonic Abilities यानी "MEDHA" की, जिससे समाज के काबिल बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सके और वो देश के नीति-निर्धारक ( जैसे IAS, IPS, IRS, RAS, RJS, AIJS, RHJS) बन सकें।

फाल्गुन के महीने में,

*शब्दों के बाण, व्यंग्यों की फुहार,*
*ठहाकों के बम, टिप्पणियों की मिसाइल,*
*छेड़-छाड़ की फुलझड़ियों के साथ,*

ठंडाई का रंग जब जमेगा, तभी तो होली के रंगों का सुरूर चढ़ेगा।

शनिवार दिनांक 28 फरवरी की शाम आप सपरिवार आमंत्रित हैं -

होली स्नेह मिलन एवं कवि सम्मलेन, 'तक्षशिला' सभागार, एमपीएस, जवाहर नगर में।

आपके सुझाव समाज के कार्यक्रमों और योजनाओं को बेहतर बनाने के लिये आवश्यक है, अतः हमें मार्गदर्शन देते रहें।

*होली की बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ।*

- सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )

msjmahamantri@gmail.com



सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)
महामंत्री



॥ श्री महेश्वराय नमः ॥

# जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन

( पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन से सम्बद्ध )

## आगामी सत्र 2026-2028 हेतु सूचना

जयपुर शहर के छः क्षेत्रीय महिला संगठनों के कार्यकारी मण्डल के गठन हेतु सदस्य बनने के लिए जोनवार निम्न प्रतिनिधियों से सदस्यता फार्म प्राप्त कर शुल्क सहित 15 मार्च, 2026 तक जमा करवाएँ।

**जोन-1 ( परकोटा चौकड़ी चारदीवारी उत्तर, दक्षिण एवं मोती डूंगरी )**

श्रीमती उर्मिला लोहिया -मो. 9829089765<br>
श्रीमती ममता जाखोटिया -मो. 9351450440<br>
श्रीमती रेणुका चितलाग्याँ -मो. 9920111178

**जोन-2 ( चौकडी - विद्याधर नगर एवं शास्त्री नगर )**

श्रीमती दीपिका लढ्ढा -मो. 7718892292<br>
श्रीमती खुशबू झंवर -मो. 9636136000<br>
श्रीमती स्वाति काबरा -मो. 9413926537

**जोन-3 ( चौकडी - मुरलीपुरा एवं झोटवाड़ा )**

श्रीमती हेमलता जाखोटिया -मो. 8209663045<br>
श्रीमती मीनू मोदानी -मो. 9351414538<br>
श्रीमती सुनिता सोमानी -मो. 9352662703

**जोन-4 ( चौकड़ी - बनीपार्क एवं वैशाली नगर )**

श्रीमती सिम्मी भूतड़ा -मो. 9829057745<br>
श्रीमती रेखा धूत ( बनीपार्क ) -मो. 9784659108<br>
श्रीमती नीता समधानी -मो. 8955577062

**जोन-5 ( चौकड़ी - श्याम नगर एवं मानसरोवर )**

श्रीमती रेखा धूत ( श्याम नगर ) -मो. 8107378363<br>
श्रीमती विजयलक्ष्मी बिहानी -मो. 9352707930<br>
श्रीमती दीपा साबू -मो. 9982876454

**जोन-6 ( चौकड़ी -बापूनगर, टोंक फाटक एवं सांगानेर )**

श्रीमती उमा अजमेरा -मो. 9413339548<br>
श्रीमती बीना कचोलिया -मो. 9772780806<br>
श्रीमती संगीता परवाल -मो. 7877717636<br>
श्रीमती दीपिका परवाल -मो. 8949782108

**सम्पर्क सूत्र**

दिनांक : 12 फरवरी,2026

श्रीमती उमा सोमानी, अध्यक्ष मो. 9829005138

श्रीमती सविता राठी, मंत्री मो. 9414337707



# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



स्नेहलता साबू
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



ज्योति हुरकट
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्रीकृष्ण,

'रंगों का यह उत्सव हमें सिखाता है कि जीवन में विविधता ही सुंदरता है। जैसे हर रंग मिलकर होली को खास बनाते हैं, वैसे ही समाज में हर वर्ग, हर महिला और हर परिवार का सम्मान हमें आगे बढ़ाता है। महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज की दिशा तय करने वाली प्रेरणा है।'

आज हमें कुछ बुराइयों को पीछे छोड़ना होगा—
आपसी ईर्ष्या और मनमुटाव
महिलाओं की क्षमता पर संदेह
दिखावे की संस्कृति और प्रतिस्पर्धा
समाज में बढ़ती उदासीनता
इन बुराइयों को छोड़कर ही हम एक सशक्त और संस्कारी समाज बना सकते हैं।
आगे बढ़ने का रास्ता क्या हो ?
एक-दूसरे का सहयोग और सम्मान बढ़ाएं
महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करें
समाज सेवा को केवल कार्यक्रम नहीं, अपनी जिम्मेदारी बनाएं
नई पीढ़ी को संस्कार और आत्मविश्वास दें

'रंगों की तरह अपने मन को भी सकारात्मक बनाएं और महिला दिवस की भावना से अपने भीतर की शक्ति को पहचानें। जब हम बुराइयों को पीछे छोड़कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे, तभी समाज सशक्त, सुरक्षित और प्रगतिशील बनेगा।'

जहाँ महिलाएं नेतृत्व करें और समाज साथ चलकर प्रगति की ओर बढ़े।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



सीए. अखिल भाला
अध्यक्ष



सीए. प्रवीण परवाल
सचिव

प्रिय युवा साथियों,

***सादर होली एवं रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ।***

होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि ऊर्जा, उत्साह और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जैसे रंग मिलकर एक सुंदर चित्र बनाते हैं, वैसे ही युवाओं की एकजुटता समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है।

आज का युवा केवल उत्सव मनाने वाला नहीं, बल्कि परिवर्तन का वाहक भी है। आइए, इस रंगोत्सव पर आलस्य, नकारात्मक सोच और विभाजन के रंगों को त्यागकर सेवा, संस्कार, नवाचार और नेतृत्व के उज्ज्वल रंगों को अपनाएँ।

मंडल को आप सभी युवाओं की ऊर्जा, सोच और सहभागिता पर गर्व है।

विश्वास है कि आप सभी रंगों की तरह अपने कर्मों से समाज को भी सदा रंगीन और सशक्त बनाएँगे।

आप सभी को होली एवं रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ।



भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब **घुटना प्रत्यारोपण** कराये

**AI** (Artificial Intelligence) & **AR** (Augmented Reality) तकनीक द्वारा

## Robotic AI और AR तकनीक के फायदे



- रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
- सबसे उन्नत और सटीक
- जटिलताओं का जोखिम कम
- बेहतर परिणाम
- पहले से और भी सुरक्षित

# PARTANI CLINIC






## डॉ. अरुण परतानी

एडिशनल डायरेक्टर

ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट

16 वर्षों का सफल अनुभव

## DENTAL IMPLANTS

not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!





## डॉ. भारती परतानी

BDS, MDS

Prosthodontist & Implantologist

15 वर्षों का सफल अनुभव

### Quality Dental Care

- ☑ Dental Implants
- ☑ Teeth Whitening
- ☑ Root Canal
- ☑ Composite Filings
- ☑ Ceramic or
- ☑ Porclain Crowns
- ☑ And Many More......

किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।

**175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015**

**For Queries ✆ 9783788887, 8742067974, 9887302501**

# एकता, सद्भाव और विश्वास का पर्व है

# होली



हँसी-ठिठोली के पल ही जीवन की वास्तविक पूँजी है। रोजमर्रा की जिंदगी में इनसे कुछ नवीनता मिलती है और हमें अपने दैनिक क्रियाकलापों में फिर से जुटने के लिए नव ऊर्जा।

*फागुन मास*
*मन में है विश्वास*
*खुशी की आस।*

*रंगों का मेल*
*आपसी तालमेल*
*जीवन खेल।*

*होली त्यौहार*
*खुशियों की बौछार*
*ऊर्जा संचार।*

उत्सव जीवन में नवीनता, आंनद उत्साह तो लाता ही है, साथ ही हमें हमारी संस्कृति से जोड़े रखता है। परिवर्तन का दौर चाहें जितनी ही तीव्र रफ्तार से आगे बढ़ता रहे पर हर दौर में परंपराएं यह बताती हैं कि मूल्यों की दृढ़ता से ही समाज का आधार मजबूत होता है और बुराइयों पर सदैव सत्य की ही जीत तय है।

भारतीय संस्कृति विविध उत्सवों और पर्वो से सुशोभित है और यह उत्सव ही हैं जो हमारे भीतर ऊर्जा का संचार करते हुए हमें निरंतर कुछ नया करने की प्रेरणा देते हैं। ऐसा ही पावन रंगों से भरा राष्ट्रीय त्यौहार है होली।

समस्त सृष्टि के श्रृंगार के साथ ही ऋतुराज बसंत अपनी चंचल पुरवाई बिखेरते हुए जाते हैं और त्यौहारों की अनुपम सौगात देते हैं, जो जीवन को उत्साह और उमंग से सराबोर करते हैं। यही उत्सव नारियों को अपनी कला कुशलता प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं।

अपने पसंदीदा कार्य करने से यह अंतर्मन खुशी से खिल उठता है। उत्सवों द्वारा आपसी मेलजोल बढ़ता है, रिश्तों की प्रगाढ़ता और स्नेह हमें मानसिक संबल प्रदान करते हैं, जिससे जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव को हम आसानी से पार कर आनन्दित रह पाते हैं। वर्तमान दौर में हँसी-ठिठोली के पल ही जीवन की वास्तविक पूँजी है। रोजमर्रा की जिंदगी में इनसे कुछ नवीनता मिलती है और हमें अपने दैनिक क्रियाकलापों में फिर से जुटने के लिए नव ऊर्जा। हमारे प्रत्येक त्यौहार के पीछे धार्मिक मान्यता तो है ही, किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह उतना ही महत्वपूर्ण है।

## जन-मानस के लोकप्रिय त्यौहारों में से एक है होली

फागुन मास की पूर्णिमा के दिन होली का त्यौहार देश भर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के पीछे की पौराणिक कथा कुछ इस प्रकार है कि हिरण्यकश्यप नाम का असुर था, जिसके मन में भगवान विष्णु के प्रति विद्रोह था और उसका बेटा प्रह्लाद विष्णु का परम भक्त, जो धर्म और आस्था में विश्वास रखता था। पिता हिरण्यकश्यप अपने पुत्र की विष्णु भक्ति देखकर अत्यधिक क्रोधित होता था, कई बार समझाने पर भी जब वह नहीं माना तो हिरण्यकश्यप ने उसे मारने के लिए अलग-अलग तरह से कई षड्यंत्र रचे, किंतु हर बार भगवान विष्णु अपने भक्त के प्राणों की रक्षा करने पहुंच जाते, आखिर हारकर हिरण्यकश्यप सोच में पड़ गया तभी उसे अपनी बहन होलिका को ब्रह्माजी द्वारा मिला वरदान याद आता है और वह होलिका से कहते हैं कि तुम्हें प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर अग्नि में प्रवेश करना है। भाई की आज्ञानुसार होलिका प्रह्लाद को ले अग्नि पर बैठती है, किंतु धर्म की विजय निश्चित है और कुछ ही क्षणों में होलिका जलकर भस्म हो जाती हैं और प्रह्लाद को विष्णु जी जीवनदान देते हैं। उसी के नाम पर इस त्यौहार को होली के नाम से संबोधित करने का प्रचलन है।

*'युगों-युगों से चली आ रही*
*पृथ्वी पर यही मंगल रीत*
*अधर्म चाहें जितना भी फैले*
*होती सदा धर्म की जीत'*

होली का अर्थ ही है अधर्म का नाश और धर्म व सत्य की जीत। प्रतिवर्ष फाल्गुन की पूर्णिमा से पहले ही गाय के गोबर से छोटे -छोटे कंडे जिसके बीच में छेद कर सूखने पर उनकी मालाएं बनाई जाती हैं और पूर्णिमा के दिन उन्हें एकत्रित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के पश्चात् अग्नि प्रज्वलित की जाती है। होली पर देश के हर प्रांत में कुछ अलग-अलग पकवान बनाए जाते हैं, कहीं गुंजिया, पुरण पोली, मालपुआ रबड़ी खीर, दही भल्ले, कचौड़ी, कांजी बड़े आदि कई तरह के व्यंजन बनते हैं। मंदिरों के आस-पास और परिसरों में होलिका दहन के दौरान भोग लगाए जाते हैं। स्वाद भरे व्यंजनों से घर-आँगन महकता है, जिह्वा में मिठास घुलती है।

इसके साथ होलिका दहन वास्तविक रूप से तभी सार्थक होगा, जब इंसान अपने भीतर पनप रहे स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष, झूठ, अहंकार को अग्नि में समर्पित करेंगे।

आजकल कई जगह होली को विशाल प्रांगण में भव्य रूप से मनाया जाता है, जिसके दहन के लिए बड़े पैमाने पर लकड़ी इकट्ठा की जाती है। वृक्षों का संरक्षण हमारा फर्ज है। हमारी संस्कृति हमें वृक्ष पूजा के लिए प्रेरित करती है। वृक्ष हमारे जीवन का प्रमुख आधार है।

*'सदा सींचिए वृक्ष को*
*सुख समृद्धि भंडार।*
*चहुं दिशि में फैलाइए*
*खुशियों का अंबार।।'*

होली दहन से प्रज्वलित अग्नि से वातावरण शुद्ध होता है। पर्यावरण में उपस्थित छोटे कीटाणुओं का नाश होता है। पर्यावरण शुद्धिकरण में होली का महत्वपूर्ण योगदान है।

मानव सर्वाधिक बुद्धिमान प्राणी है, उसकी कल्पना शक्ति अनन्त है, किंतु स्वास्थ्य, समृद्धि, प्रगति के लिए जरूरी है हर स्थिति में सकारात्मक रहना। यह पर्व सामाजिक मेल-मिलाप को बढ़ावा देता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। होली हँसी, खेल और शारीरिक गतिविधियाँ, रक्त संचार और ऊर्जा को बढ़ाती हैं। मन की नकारात्मक सोच को दूर करती है।

होली के दूसरे दिन धुलंडी रंगोत्सव मनाया जाता है। छोटों से लेकर बड़ों तक सभी वर्गों के समूहों में धूमधाम से रंगों और गुलाल द्वारा रंगोत्सव खेला जाता है।

हमारे जीवन में रंगों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। यही रंग हमारी भावनाओं और रीति-रिवाजों से जुड़े होते हैं। हर रंग का जीवन में अलग-अलग महत्त्व है। कोई रंग शांति का, तो कोई रंग ऊर्जा, उत्साह, समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, कोई सतत् गतिमान रहने की प्रेरणा देता है। रंगों के आकर्षण में चुंबकीय शक्ति है। यही रंग हमारे मन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं और तनाव को घटाते हैं।

*भर-भर पिचकारी से*
*करे रंगों की बौछार*
*भीगी चुनर राधा की*
*मस्त-मस्त फुहार*
*हृदय बहे श्री कृष्ण के*
*पावन प्रेम की बयार*
*आया आया देखो आया*
*होली का त्यौहार।*

रंगोत्सव का त्यौहार श्रीकृष्ण और राधा-रानी के अठखेलियों से जुड़ा है। श्रीकृष्ण अपनी मां यशोदा से कहते हैं कि 'माँ राधा रानी इतनी गोरी है और मैं इतना सांवला क्यों?' तब यशोदा मां हंसते हुए कहती हैं, तुम अपने जैसा ही रंग राधा रानी को लगा दो, जिससे दोनों का रंग एक जैसा हो जाएगा। श्रीकृष्ण खुश होकर राधा रानी को रंग लगाने पहुंच जाते हैं, जहां और भी गोपियां होती हैं।

यह उत्सव मथुरा, वृन्दावन, द्वारिका, नाथद्वारा में आज भी बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है और फाल्गुन मास की एकादशी से ही यह रंगोत्सव प्रारंभ हो जाता है, जिसमें भी विभिन्न तरह के रंग तो होते ही हैं, साथ ही फूलों की होली भी खेली जाती है। बरसाने में लठमार होली का विशेष महत्व है। यहां महिलाएं पुरुषों को लाठी से मारती हैं और पुरुष अपना बचाव करते हैं। यहां रंगोत्सव का त्यौहार कई दिनों तक मनाया जाता है, ढ़ोल के साथ ही लोकगीत गाए जाते हैं, लोकनृत्य करते हैं, लोगों का उत्साह चरम पर रहता है। ठंडाई का लुत्फ उठाया जाता है। राधा- कृष्ण एक दूजे के संग सच्चे प्रेम के रंग में रंग जाते हैं।

*'रंग प्रीत का जो लगा*
*हृदय सजा है नेह।*
*प्रेम मगन जब मन हुआ*
*सुध-बुध भूली देह।।'*

हमारे स्वस्थ तन-मन के लिए मानसिक शांति का होना जरूरी है। रंगोत्सव के दौरान आपसी मतभेद, गिले-शिकवे भुलाकर सभी आपस में एक हो जाते हैं। आपसी सामंजस्य और परस्पर प्रेमभाव में ही इस त्यौहार की सार्थकता है। बच्चों से बुजुर्गों तक सभी बड़े उत्साह से एक-दूसरे को रंग लगाते हैं।

वर्तमान समय में कृत्रिम रूप से तैयार किए गए रंग आजकल बाजारों में उपलब्ध होते हैं, जो अत्यंत नुकसानदेय होते हैं, जिससे आंखों और त्वचा को हानि पहुँचती है। कई घातक परिणाम हम देखते-सुनते हैं। इसलिए प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए हर्बल रंगों का उपयोग करना ही श्रेष्ठ है।

आजकल फूलों द्वारा भी होली खेलने का प्रचलन है, जो धार्मिक स्थानों पर अधिक देखा जाता है। इस पर्व में हुल्लड़ और हुलास के दौरान



महिलाओं के अस्तित्व की गरिमा बनाएं रखना एवं उनके आत्मसम्मान की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। रंगो के इस त्यौहार का लुत्फ उठाना चाहिए। होली भाईचारे को बढ़ावा देता है। रिश्तों में प्रेम, स्नेह और सौहार्द उत्पन्न करता है। जाति-पांति के भेदभाव को खत्म करता है और सहृदय भावों से एकजुट रहने की प्रेरणा प्रदान करता है।

जैसा कि हम जानते हैं कि होली में जल का प्रयोग होता है और कई स्थानों पर बेहिसाब जल का अपव्यय भी होता है। 'जल है तो कल है' इसलिए जल की महत्ता को समझते हुए उसके अपव्यय को रोकना हमारा दायित्व है।




*'रहिमन पानी राखिए,*
*बिन पानी सब सून।*
*पानी गए न ऊबरे,*
*मोती मानुष चून।।'*

हर उम्र में रिश्तों के पुष्पों की माला जब स्नेह रूपी सूत्र से पिरोई जायेगी तो इसकी महक सभी को मोहित करेगी। उत्सवों का आंनद लेने के लिए अत्यधिक आडम्बर की जरूरत नहीं है। बाह्य दिखावा और एक दूसरे की होड़ ही हमें मानसिक तनाव देती है, सादगीपूर्ण ढंग से भी हम आनंद प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यकता है हमारे संस्कार और संस्कृति को जीवित रखने की।

यह रंगोत्सव का पर्व हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' को सार्थक करने की प्रेरणा देता है तो आइए इस होली पर बिखेरते हैं हम...

*'खुशियों के अनंत रंग*
*मिलकर परम्परा और*
*सद्भाव के संग'*

*होलिका की अग्नि में*
*क्रोध धधकता जब थम जाए*
*हृदय भाव निर्मल हो जाए*
*सार्थक होगी फिर वह होली*
*मन का प्रदूषण जब जल जाए*
*तब खिल उठे रंगों से भरा अंबर*
*स्नेह प्रेम और विश्वास का*
*जीवन में नव अंकुर पल जाए।*



✦ राजश्री राठी




भारतीय संस्कृति पर्वों की संस्कृति है और इन पर्वों में रंगोत्सव (होली) का विशेष स्थान है। यह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सनातन जीवन-दृष्टि, सामाजिक समरसता और आत्मिक शुद्धि का प्रतीक पर्व है। रंगोत्सव हमें स्मरण कराता है कि जीवन विविध रंगों से मिलकर बना है- 'सुख-दुःख, लाभ-हानि, मान-अपमान' और इन सबको समभाव से स्वीकार करना ही सनातन संस्कृति का मूल भाव है।

## सनातन परंपरा में रंगोत्सव का आध्यात्मिक अर्थ

सनातन धर्म में होली का आरंभ होलिका दहन से होता है, जो अधर्म, अहंकार और नकारात्मक प्रवृत्तियों के दहन का प्रतीक है। प्रह्लाद की अटूट भक्ति और विष्णु कृपा का संदेश यह सिखाता है कि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है। अगले दिन मनाया जाने वाला रंगोत्सव जीवन में प्रेम, आनंद और उत्साह के संचार का पर्व है। यह आत्मा की निर्मलता और मन की सरलता का उत्सव है।

## संस्कृति और सामाजिक समरसता

रंगोत्सव भारतीय संस्कृति की समानता और समरसता का जीवंत उदाहरण है। इस दिन ऊँच-नीच, भेदभाव और वैमनस्य के रंग फीके पड़ जाते हैं। सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर अपनत्व का भाव प्रकट करते हैं। यही भारतीय संस्कृति की शक्ति है- जो जोड़ती है, बाँटती नहीं।

## माहेश्वरी समाज और रंगोत्सव

माहेश्वरी समाज सदैव संस्कार, सेवा और संगठन के मूल्यों का वाहक रहा है। रंगोत्सव के अवसर पर समाज में पारस्परिक सद्भाव, वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, युवाओं में संस्कार और सेवा भाव का संचार करना हमारा दायित्व है। यह पर्व हमें यह भी प्रेरणा देता है कि हम समाज की विसंगतियों- 'ईर्ष्या, द्वेष, दिखावा और स्वार्थ' का होलिका दहन करें तथा सहयोग, सादगी और सदाचार को अपनाएँ।

## पर्यावरण और नैतिक संदेश

सनातन परंपरा हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य सिखाती है। रंगोत्सव मनाते समय प्राकृतिक रंगों, जल-संरक्षण और शालीन आचरण का पालन करना आवश्यक है। यह पर्व उल्लास के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी संदेश देता है।

रंगोत्सव केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को रंगीन, सकारात्मक और सद्भावपूर्ण बनाने की प्रेरणा है। परंपरा, संस्कृति और सनातन मूल्यों से जुड़ा यह पर्व हमें आत्मचिंतन, सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों की ओर अग्रसर करता है।

आइए, इस रंगोत्सव पर हम सभी अपने जीवन और समाज को सद्भाव, सेवा और संस्कारों के रंगों से सराबोर करें- यही सच्चा रंगोत्सव है।



■ विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री




हमारी हिन्दू धर्म संस्कृति के समस्त संस्कार, अनुष्ठान, परंपराएं मनुष्य के नैराश्य को खत्म कर शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आर्थिक उन्नयन करते हुए स्वाधिष्ठान तक पहुंचने की राह दिखाते हैं।

किंतु अफसोस! विश्वगुरु भारत जहां संस्कृति एवं आध्यात्म में अग्रणी रहने का आदि है, वहां समाज भेड़ चाल में तेज गति से पतन की ओर अग्रसर हो रहा है।

हम हमारी सांस्कृतिक उच्चता को छोड़ पश्चिम की नकल को ही आधुनिकता का मापदंड मान बैठे हैं।

हमारी संस्कृति में रिश्ते जन्म से मृत्यु तक स्थायी है, जो हम हर दिन निभाते हुए प्रेम से आच्छादित रहते हैं, किंतु लोक दिखावे में आज हम मदर्स डे, फादर्स डे, ब्रदर्स डे, सिस्टर्स डे मनाते हैं। पति-पत्नी वेलेंटाइन तो शिक्षा जगत टीचर्स डे और चिल्ड्रन्स डे मनाते हैं। हम ये भूल रहे हैं कि ये संबंध तो हमारी सनातन संस्कृति में नित दिवस पूजे जाते हैं। कभी रक्षाबंधन के रूप में, कभी बसंत पंचमी के रंग में, कभी गुरु पूर्णिमा के प्रभाव में, कभी तीज, चौथ, गणगौर के उपवास में। भारत की सभ्यता और हमारे समाज को सनातन ने अनेक अवसर दिए हैं उत्सव-उल्लास के, किंतु उन्हें तुच्छ जानकर आधुनिकता की दौड़ में हम इन रिश्तों का मूल भूल रहे हैं, जो कि अत्यधिक प्रदर्शन एवं उपभोक्तावाद नहीं, अपितु सद्भाव और सौहार्द्र के प्रतिबिंब हैं।

भारतीय संस्कृति में, जो परिणय संस्कार घर-परिवार के बुजुर्गों के आशीष और छोटों की मौज-मस्ती से संपन्न होता था, जहां बेटी एक घर से विदा होती थी, पर पूरा मौहल्ला काम संभालता था, जहां सात्विक भोज, भोग समान होता था और मान मनुहार साथ परोसा जाता था। वहां आज डेस्टिनेशन वेडिंग के नाम पर शहर क्या देश से बाहर जा कर, इवेंट मैनेजमेंट टीम के पराए लोगों के सानिध्य में, मदिरा के नशे में और बेलगाम धन व्यय करके विवाह सम्पन्न हो रहे है और विडंबना है कि ये खर्चीले वैवाहिक संबध सर्वाधिक विच्छेद हो रहे हैं।

नामकरण संस्कार, मुंडन, गोद भराई इत्यादि बेबी शावर आदि के नाम से बेचा जा रहा और आज के नवीन युगल अपनी मेहनत का पैसा ऐसे आयोजनों में स्वाहा कर रहा है। यह विस्मृत कर रहा है कि यही पैसा यदि वह बच्चे के भविष्य के लिए संजोए, तो अधिक फलदायी होगा।

देखा-देखी, दिखावे और बाहरी संस्कृति की ओर आत्मघाती झुकाव हमारे समाज के वर्षों पुरानी परंपराओं को संस्कार कम, व्यापार अधिक बना रहा है।

होली फाग, सनातन संस्कृति में अनिष्ट को जला इष्ट को सहेजने के प्रतीकात्मक रूप में स्थापित है। आपसी ऊंच-नीच, भेदभाव, भ्रमित करने वाला लोक-दिखावा इत्यादि को भुलाकर यह अवसर है, अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पुन: पोषित करने का।

ऐसे विलक्षण त्यौहार पर अबकी बार होलिका दहन में ढोंग-दिखावे को तिलांजलि देने का प्रण लें।



✿ राजेन्द्र बजाज




**होली,** हमारे समाज और संस्कृति का वह अनुपम पर्व है, जो न केवल रंगों की बौछार से मन को उल्लासित करता है, बल्कि हृदयों को जोड़ने का माध्यम भी बनता है। यह त्यौहार हमें याद दिलाता है कि जीवन में मतभेदों और दूरी को भुलाकर, प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाना ही सच्ची खुशियों की पहचान है।

होली का यह त्यौहार, केवल खेल-कूद या रंगों की सीमित परंपरा नहीं, बल्कि सद्भाव, मिलन और आपसी सम्मान का प्रतीक है। पुराने समय से लेकर आज तक, होली का पर्व हमारे समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता आया है।

*रंग बरसे गगन में, खुशियाँ फैलें हर संग*
*मिलकर खेलें हम सब, जीवन के सुंदर रंग*

रंगों का यह त्योहार छोटे-बड़े, युवाओं और बुजुर्गों, सभी के लिए समान आनंद का अवसर लेकर आता है। बच्चों की हँसी, युवाओं का उत्साह, और बुजुर्गों की आशीर्वाद भरी मुस्कान, यही है होली की असली परंपरा।

समाज में जब हम सभी अपने परिवार, मित्र और पड़ोसियों के साथ होली मनाते हैं, तब केवल रंग ही नहीं, अपितु स्नेह, अपनापन और सामंजस्य भी फैलता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन के हर क्षण को उत्सव की तरह जीना चाहिए।

*रंगों में छिपी कहानी है प्रेम की,*
*मिलकर सजाएं हर घड़ी जीवन की*

होली केवल बाहरी रंगों का खेल नहीं है। यह हमारे मन, विचार और भावनाओं को भी सकारात्मक ऊर्जा से रंगने का पर्व है। इस दिन पुराने झगड़े, कड़वाहट और बैर को भूलकर, नई शुरुआत की जाती है। यही सिखाता है हमारा समाज, सद्भावना और मेल-जोल में ही जीवन का असली रंग है।

इस रंगोत्सव में भाग लेने का मतलब है अपने अंदर की खुशियों को पहचानना और दूसरों के साथ साझा करना। जब हम मिलकर होली खेलते हैं, गीत गाते हैं और मिठाइयाँ बांटते हैं, तो हम केवल पर्व नहीं मना रहे होते, हम सामाजिक सौहार्द और एकता को भी मजबूत कर रहे होते हैं।

*रंगों की छटा में छिपा संदेश है,*
*साथ चलो, हँसो, कहो हम एक हैं*

आज, जब हम आधुनिक जीवन की भाग-दौड़ में कहीं खो जाते हैं, तब होली हमें याद दिलाती है कि जीवन का वास्तविक आनंद संवेदनाओं, मित्रता और प्यार में है। यह पर्व हमें परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाने की प्रेरणा देता है।

अंततः, होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं है। यह एक संदेश है

रंगों में जीना, प्रेम में जीना और समाज में मिलकर खुशियाँ बांटना।

यही है हमारी संस्कृति की सच्ची शक्तिऔर यही है माहेश्वरी समाज की अनमोल विरासत।

*रंगों की ये होली, खुशियों की टोली,*
*मिलकर सजाएँ हम, जीवन और अपनी बोली*

इस प्रकार, होली हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि समाज और परिवार में एकता, स्नेह और उल्लास का प्रतीक है।

आइए, इस होली पर हम सब मिलकर अपने जीवन और समाज को प्रेम और भाईचारे के रंग से भर दें।



■ सलोनी भण्डारी

## आडंबरों का दहन...

मन, वाणी, आत्मा की शुद्धि की प्रक्रिया है हमारे धार्मिक अनुष्ठान, जो सत्य, संस्कार, सद्भाव, आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना के संवाहक होते हैं। कुछ समय से इनका सरल स्वरूप बिगड़ता जा रहा है।

इस होलिका दहन में धार्मिक अनुष्ठानों के अत्यधिक दिखावे और प्रदर्शन (ईवेंट्स) को दहन करना चाहती हूँ।

*निज वैभव का प्रदर्शन करके*
*किसने ईश्वर तत्व को पाया है!*

*श्रृंगार करो सहज आचरण का*
*होली के पर्व ने यही सिखाया है।'*

■ श्वेता धूत




**ब्रज** की होली भगवान राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम को समर्पित है। यह चालीस दिवसीय उत्सव बसंत पंचमी से शुरू होता है। बरसाना में लठमार, वृंदावन में फूलों और लड्डुओं की होली, गोकुल की छड़ीमार आदि ऐसे कई रूप प्रसिद्ध हैं। होली की शुरुआत बसंत पंचमी के दिन बाँके बिहारी जी और लाडली जी के मंदिर में गुलाल चढ़ाकर होती है। लड्डू होली पर भक्त एक-दूसरे पर लड्डू फेंकते हैं।

फूलों की होली -बाँके बिहारी जी के मंदिर में गुलाब और गेंदे के फूलों से खेली जाती है।

छड़ीमार होली में पुजारी प्रतीकात्मक रूप से भक्तों पर छड़ी से होली की रस्म निभाते हैं।

लठमार होली में हुरियारिनें (महिलाएँ) हुरियारों (पुरुषों) पर लाठियों से मारती हैं। हुरियारे अपने आप को ढाल से बचाते हैं।यह एक पारंपरिक दिव्य लीला है।

होली के पश्चात् मथुरा के बलदेव गांव (दाऊजी के मंदिर) हुरंगा मनाया जाता है, इसमें जमकर होली खेलने के साथ ही कोड़े मारे जाते हैं। आस्था का यह महोत्सव अनूठा एवं विश्व प्रसिद्ध उत्सव है, जो प्रति वर्ष संस्कृति की जीवंतता के लिए मनाया जाता है।

ब्रज की होली केवल रंगों का पर्व नहीं है, यह होली के रसिया, परंपरा और भक्ति का अद्भुत संगम है।



✿ गोदावरी देवी लाहोटी

# सपने कभी न कभी तो होंगे अपने



हास्य रचना

देखा मैंने हो रही
मुझ पर फूलों की वर्षा
हजारों की भीड़
चल रही मेरे साथ
नेताजी तुम आगे बढ़ो
यह नारा लग रहा था
मुझे चोखा-चोखा
दृश्य लग रहा था अनोखा।

हाथ स्टाईल में हिलाते हुए
मैं कर रहा था लोगों का अभिवादन
अचानक नजर पड़ी उस पर
कभी मेरे दिल का
उससे रहा था एकतरफा कनेक्शन

भीड़ को चीरते हुए
गया मैं उसके पास
करने उससे आँखे चार
कहा मैंने पहचाना क्या
मैं वही..
जिसने बांधी थी
कभी तुमसे एक आस।

बोली वह आ गया मुझे सब याद
आपका समर्पण नहीं था
किसी एक के प्रति
इसलिए तो सौंपा नहीं
तुम्हें मैंने अपना हाथ
समझ में आ गयी न बात।

आज भी वही
फितरत आपकी जारी
मलाई नहीं दिखी
पकड़ ही ली न दूसरी पार्टी
उसके बोलवचन सुनते ही
हो गया मैं थोड़ा उदास
तुरंत मन में आया यही ख्याल
पुरानी बातें हो गई अब पुरानी
मेरे पीछे इतनी भीड़
मैं बन गया खासदार।

इतने में ही मेरे लंगोटिया
छुटभैया नेता की आवाज आयी
उठो-उठो भैया
बहुत हो गई आराम फरमाई
होली पर इतनी भांग किसने पिलाई!

सामने उसको देखकर
रह गया मैं दंग
भीड़ न जाने कहां हो गई गुम
होश में आते ही ख्याल आया
जाना है मुझे
पार्टी कार्यालय में कुर्सियाँ लगाने
और एक पलटीमार नेता
जुड़ रहा हमारे संग।

घर में विराजमान
पत्नी ने छोड़े शब्दों के बाण
लालबत्ती की गाड़ी रहेगी
मेरे घर के सामने
यही सोचकर सौंपा था
मेरे बाप ने तुम्हें मेरा हाथ
तुम आज भी बाईक पर ही
घूम रहे हो श्रीमान।

कुर्सियाँ ही लगाने का
करते रहो काम
भ्रष्टाचारियों के खूब करो गुणगान
भाग्य बलवान, गधा पहलवान
इस कहावत को
मेरे यहाँ चरितार्थ करों भगवान।

हाय री फूटी किस्मत
राजनीति के चक्कर में
घिस गया मेरा घीसाराम
न जाने मेरे सपने
कब पूरे करेंगे श्रीराम
नजर से हट जाओ तुरंत
करने दो मुझे घर के सारे काम।

सुन - सुन मेरी जान
चाहे तू समझ मुझे निठल्लूराम
एक न एक दिन
होंगे हमारे पूरे अरमान।

फिर तू ठाठ से कहेगी
घिसने का फल होता मीठा
मिल-बांट कर खाएंगे
सुनो मेरे घीसाराम
बोलेंगे आपस में फिर
हम बड़े प्रेम से
जय-जय-जय श्रीराम।



■ सतीश लाखोटिया

हास्य व्यंग्य



## होली के रंग राजनीति के संग

होली के दिन पूछा मैंने नेताजी से
क्यों ? आप नहीं खेलेंगे होली
वे बोले, क्यों करते हो भाई हंसी ठिठोली
अपनी नीति में कई रंग हैं
परिवर्तन की लहर अभी भी संग हैं
रंग लगाओ हमें तुम ही कौन सा
देखो हर रंग में रम जाएंगे।

काला छोड़ सब हमें प्रिय हैं
उसमें हम पहले ही पूर्ण हैं
सफेद रंग है प्रिय हमारा
समझो है वो सहारा।

वैसे तो हम रंग जमाते हैं
वर्षभर होली मनाते हैं
भ्रष्टाचार घोटालों के रंगों में
डुबकियाँ लगाते हैं
फिर भी बेरंग हम निकल आते हैं

वर्षभर हम खेलते हैं होली
जनता बड़ी हैं भोली
अब तुम ही बोलो
रंग हम लगाते हैं ना
इतना सुनते ही
मेरे चेहरे का गुलाबी रंग
पीला पड़ गया।



■ संगीता दरक माहेश्वरी

## इस होली...



इस होलिका दहन में हम
'अहंकार और आपसी भेदभाव'
को जलाना चाहेंगे।
जब तक ऊँच-नीच, जाति-वर्ग और
स्वार्थ की दीवारें रहेंगी,
समाज एक नहीं बन पाएगा।
होलिका की अग्नि हमें यही सिखाए
मन की नकारात्मकता जले
और आपसी भाईचारा खिले।

■ सुनीता सोनी

# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39

फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416

Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचे

CT एवं Digital X-Ray

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।

**डॉ. विजेता सुल्तानिया**
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM

**डॉ. आर.सी. गुप्ता**
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

**डॉ. विकल्प वशिष्ठ**
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
10.30 AM - On Call

**डॉ. मनीष जैन**
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)

**डॉ. ख्याति माहेश्वरी**
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM, CDCT, CKTT
9 AM to 2 PM

**डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया**
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
10 AM to 1 PM

**डॉ. संजय खटोड़**
(M.B.B.S., M.D. Physician)
श्वांस, दमा एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 11.30 AM TO 1.30 PM

**डॉ. विवेक मालपाणी**
(M.S.E.N.T.)
नाक, कान, गला व एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 3.30 PM TO 6.00 PM

**डॉ. अमित कुमार**
MBBS, DNB (MD) Pediatrics (Gold Medalist)
FNCC, FCPS, MIAP, PGPN (Boston)
Neonatal Intensivist
Consultant Neonatologist & Pediatrician
Timing : 10.00 AM TO 11.00 AM

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

# 50% OFF FOR ALL MAHESHWARI'S

*TERMS AND CONDITION APPLY

जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2600/-

With Physician Consultation

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

X-Ray Chest PA, ECG

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 50/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-

प्रबंध समिति 2025-2028

| उमेश सोनी | सी.ए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) | डॉ. महेश भूतड़ा | मुरारी लाल बिड़ला | संदीप जाजू | कपिल सोमानी |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | महामंत्री | स्वास्थ्य मंत्री | चेयरमैन | समन्वयक | संयोजक |

# रंगोत्सव
## परंपरा और सद्भाव के संग



फाल्गुन की मृदुल बयार जब आँगन में उतरती है,
धरा की निस्तब्धता भी जैसे गीतों में सँवरती है।
अबीर की सुगंध लिए, गुलाल की लालिमा महकाए,
हर पथ, हर द्वार, हर मन. सद्भाव का दीप जलाए।
यह केवल रंगों का पर्व नहीं,
यह संस्कारों का शाश्वत अभिषेक है,
यह प्राचीन परंपराओं की
अक्षुण्ण धरोहर का विवेक है।
जब होलिका की ज्वाला में अधर्म की परछाईं जलती है,
तब भीतर की कटुता भी क्षण भर में पिघलती है।
राख बन जाते हैं द्वेष, दंभ, अहंकार के सभी आयाम,
और मानव के अंतर में जाग उठता है नव-प्रणाम।
ढोलक की थाप, फाग के गीत,
मन में उमंग जगाते हैं,
हर चेहरे की मुस्कान में
रंग नए भर जाते हैं।
केसरिया रंग कहता है- श्रद्धा का दीप जगाए रखो,
संस्कारों की इस पावन धरा को मन में बसाए रखो।
लाल रंग बनता है प्रेम, जो रिश्तों को जोड़ता जाए,
हर टूटे विश्वास पर स्नेह की छाया छा जाए।
पीला रंग मुस्कान बने, आशा का मधुर संदेश,
हरा रंग नव चेतना हो, जीवन का उजला परिवेश।
नीला रंग हो शांति का, संयम का विस्तार,
बैंगनी रंग सिखलाए-सौहार्द ही है उपहार।
रंगों का यह पर्व कहे- हम सब एक माला हैं,
भाषा-वेश भले अलग हों, पर एक ही ग्रीवा हैं।
माहेश्वरी समाज की पहचान-मर्यादा और संस्कार,
रंगों में भी झलक उठे, एकता का उजला सार।
इस फाल्गुन की पावन घड़ी में, एक नूतन संकल्प रचें-
हम रंगों से पहले, अपने हृदय को उजला करें।
यथा रंगोत्सव वही है,
जहाँ परंपरा का गौरव हो,
सद्भाव का आलोक हो,
जहाँ प्रेम की भाषा जीवित हो,
और मानवता का उत्सव लोक हो।
रंगों की वर्षा हो, पर मन में मर्यादा रहे,
उल्लास हो, पर हर हृदय में संवेदना रहे।
यही रंगोत्सव की सच्ची परिभाषा है-
परंपरा और सद्भाव के
संग जीवन की अभिलाषा है।



धरा डागा

महिला दिवस पर समर्पित...

नारी के सर्वोच्च स्वरूप में एक शक्ति, एक सुखद एहसास

# माँ

शब्दों में कैसे समाये
कैसे अपना प्यार जताए
क्या कहे, कैसे कहे
ऐसी होती है प्यारी मां!

मुसीबतों का सामना कर
दुनिया की हर खुशी देने वाली
खुद श्वेत श्याम रहकर भी
हमे रंगीन रखने वाली
ऐसी होती है प्यारी मां!

ईश्वर ने दे दिया तुझे अपना नाम
ओर तूने दे दिया बच्चों को ही अपना नाम
एक कृष्ण और एक को राम
ऐसी होती है प्यारी मां!

मां का हर शब्द देता है नसीहत
मानो तो बना देगी कई पोथियों की वसीयत
ऐसी होती है प्यारी मां!

मां की निगाहें दिखाती है राहें
मां की कल्पना ही अब हमारा सपना
एक बेटी का मां के चरणों में
कोटि-कोटि प्रणाम
उनकी मातृत्व छाँव सदा
ही बनाए रखना।



राधिका माहेश्वरी



# होली पर दहन करें ईर्ष्या और जलन का

होलिका की ज्वाला कहती है,
मन की कालिमा भी जलाओ,
दूसरों की खुशियों को देख
अपने भीतर फूल खिलाओ।

ईर्ष्या वो अग्नि है जो,
अपनों को भी पराया करती,
जलन की राख में अक्सर
मुस्कानें खो जाया करती।

आओ इस रंगोत्सव पर,
प्रेम का रंग अपनाएँ हम,
द्वेष-भावना छोड़कर
सद्भाव के दीप जलाएँ हम।

जब मन निर्मल हो जाएगा,
जीवन में रंग भर जाएगा,
होली का सच्चा आनंद
हर दिल में उतर जाएगा।

होली की शुभकामनाएँ!
ईर्ष्या-ज्वाला का दहन हो,
और प्रेम का अभिनंदन हो।

नारायण झंवर (मुरलीपुरा)

# अपनेपन का रंग-होली

होली तो है त्योहार रंगों का
आपस की दूरियाँ मिटाने का
भेदभाव को दूर हटाने का
हँसने और मुस्कुराने का।

प्रेम ही तो है जीवन का सार
सबके जीने का आधार
ईर्ष्या घमंड लोभ क्रोध
इन सबको करके होलिका में स्वाहा

क्यों न एक-दूसरे के गालों पर
प्रेम ही लगाएँ
अबीर की तरह इस बार।

भर के अपनेपन का रंग पिचकारी में
दुनिया के कैनवास में प्यार भर दे
इक सौगात की तरह
होली की शुभकामनाएँ।



सरिका चितलंगिया




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# ''अभिनन्दन''

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-III) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष - श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री - श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति (सत्र 2025-28)

**रमेश सोमानी**
चेयरमैन

**राधामोहन तोतला**
वाईस चेयरमैन (संचालन)

**राजेश कुमार सोढ़ानी**
सचिव

**विनेश कुमार मालपानी**
सह सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मांधना**
भवन मंत्री

**सीए. दिनेश कुमार भट्टड़**
कोषाध्यक्ष

सदस्यगण : गिरिराज प्रसाद कालानी, पवन कुमार आगीवाल, रामअवतार तोषनीवाल, सूर्यप्रकाश गगरानी

मानद प्रशासक : रमेश चन्द जाखोटिया, मानद सह-प्रशासक : रविशंकर जाजू, रजत काबरा

## होलिका दहन पर समाजबंधु लें संकल्प

# इस बार होली के पुतले की जगह समाज में व्याप्त विकारों का हो दहन

इस बार मैं होलिका दहन में पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में 'दिखावे' की कुरीति का दहन करना चाहूंगा। यह समाज के लिए विघटन, कुंठा, होड़ा-होड़ी, अनैतिकता की अभिवृद्धि और समानता, आत्मीयता, सुख चैन में कमी का मूल कारण है।

– निरंजन राठी

✿✿✿

होली प्रेम और भाईचारे का पर्व है। यह हमें सिखाती है कि रिश्तों का रंग सबसे सुंदर होता है। आज छोटी-छोटी गलतफहमियाँ और अहंकार कई बार संबंध-विच्छेद का कारण बन जाते हैं।

होली का अवसर है पुराने गिले-शिकवे भूलकर रिश्तों में फिर से अपनापन भरने का। आइए इस होली मन की दूरियाँ मिटाएँ और प्रेम व सद्भाव के रंगों से जीवन को सजाएँ।

सच्ची होली वही है जो रिश्तों को जोड़ दे।

– विमला परवाल

✿✿✿

## होली पर दहन युवाओं की विलासिता- एक आत्ममंथन

आज का युवा अपार ऊर्जा और संभावनाओं का प्रतीक है, लेकिन विलासिता, दिखावे और तात्कालिक सुखों की अंधी दौड़ उसे उसकी जड़ों से दूर कर रही है। जब साधन ही साध्य बन जाएँ, तब संतुलन खो जाता है। इस होलिका दहन में हम उस भटकाव को जलाने का संकल्प लें जो युवाशक्ति को दिशा से भटका रहा है।

सुविधाओं की चकाचौंध में,
खोता युवा विवेक
क्षणिक सुख की दौड़ में,
भूल रहा जीवन का लेख।

त्याग, तप, संस्कारों से ही,
बनती है पहचान
विलास नहीं, उद्देश्यपूर्ण जीवन से
बढ़ता है मान

– ममता काबरा

इस वर्ष हो होलिका दहन,
हम सब करें एक नया सृजन।
प्रहलाद की तरह प्रभु वंदन हो,
राष्ट्र-प्रेम का पावन अभिनंदन हो।
माँ भारती को हम शिरोधार्य करें,
कर्त्तव्यों से जीवन को कृतार्थ करें।
जैसे महकता है शीतल चंदन,
वैसे ही महके सबका अंतर्मन।
प्रेम और स्नेह की हो फुहार,
पुलकित हो जाए यह सारा संसार।
होली के रंगों में घुले सदाचार,
जिंदगी में हो हमारा स्नेहिल व्यवहार।

– शंकरलाल राठी

✿✿✿

## व्हाट्सएप का अनावश्यक ज्ञान

इस होलिका दहन पर हम किसी व्यक्ति नहीं, एक आदत का दहन करें। बिना सोचे-समझे व्हाट्सएप पर मिलने वाले 'अनावश्यक ज्ञान' को आगे बढ़ाने की आदत का। अधूरी जानकारी, झूठे संदेश और डर फैलाने वाली पोस्ट समाज में भ्रम, तनाव और दूरी बढ़ाती हैं।
ज्ञान वह है जो जोड़े, जागरूक करे और सत्य पर आधारित हो।
न कि हर फॉरवर्ड किया हुआ संदेश।
आइए संकल्प लें-
पहले सत्य जानेंगे
फिर ही कुछ मानेंगे
यही डिजीटल युग की सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी है, और यही हमारी होलिका दहन की असली जीत।

– दीपक भाला

✿✿✿

## होलिका दहन और फास्ट फूड

इस होलिका दहन पर हमें फास्ट फूड की आदत का दहन करना चाहिए। यह स्वाद भले दे, पर स्वास्थ्य और पारिवारिक परंपराओं को नुकसान पहुँचाता है। आइए, घर के बने भोजन और स्वस्थ जीवन का संकल्प लें।

– रेखा सुनील बिहानी

## संकल्प की आहुति

होलिका की अग्नि में आज,
एक नई बुराई जलाएँ हम,
दिखावे और फिजूलखर्ची का,
यह मोह भुलाएँ हम।
न हो प्रदर्शन रिश्तों का,
न कृत्रिम सा श्रृंगार हो,
प्री-वेडिंग के आडंबर तजें,
बस मन में सच्चा प्यार हो।
हल्दी, रोली और सादगी से,
घर के आंगन को सजाएँ,
विदेशी इन कुरीतियों को,
आज होलिका में भस्म कराएँ।
संस्कारों की मर्यादा रहे, न मर्यादा कोई टूटे,
रिश्ता रहे अडिग सदा, पर दिखावे का बंधन छूटे।

– कृतिका सिगची

✿✿✿

हमें इस होलिका दहन पर हमारे क्रोध पर काबू पाने का प्रण लेना है ताकि किसी भी विषम परिस्थिति का सामना भी हम शांत चित्त एवं समझदारी से कर सके।
हमें अपने फायदे के लिए दूसरे का नुकसान करने की मानसिकता को भी होलिका दहन के साथ त्यागने की सख्त जरूरत है।

– नितिन तुरक्या

✿✿✿

## 'होलिका दहन और आपसी प्रेम'

होलिका दहन पर युवाओं में बढ़ते संबंध विच्छेद को जलाने का संकल्प लें। होली आपसी प्रेम, क्षमा और सम्मान का पर्व है- जहाँ हम गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को समझें और रिश्तों को सहेजें।
यही सच्ची होली है।

– विद्या बसंत थिरानी



# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

वर्षों की विरासत

*presents*

## Maheshwaris' Empowerment by Developing Hegemonic Abilities

MEDHA

समाज की युवा प्रतिभाओं के लिए अवसर



उज्ज्वल भविष्य बनाओ, क्योंकि जो आज कदम बढ़ाते हैं वही कल इतिहास रचते हैं।
अपनी क्षमता को सफलता में बदलने का समय आ गया है।
आइए, समाज के इस मिशन का हिस्सा बनें और अपनी सफलता की कहानी खुद लिखें।

हम आपको देश की न्यायिक एवं प्रशासकीय सेवाओं के शीर्ष पदों पर सेवारत/सेवानिवृत समाज की प्रतिष्ठित विभूतियों से मार्गदर्शन एवं परामर्श प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित करते हैं।

**Mentors**

| | |
|---|---|
| Justice (R) Mahendra Maheshwari | 8696964444 |
| Justice (R) Deepak Maheshwari | 9414285054 |
| Justice (R) Dinesh Chandra Somani | 7300008888 |
| Sh. Kamal Bagri, District Judge (R) | 9799494233 |
| Sh. Purshottam Biyani, IAS (R) | 9314625342 |
| Sh. Lalit Maheshwari, IPS (R) | 9829070266 |

Supported by other former and in-service Judges/officers.

SCAN TO REGISTER

### अभिभावकों के लिए संदेश

अपने बच्चों को न्यायिक एवं प्रशासकीय सेवाओं के लिए प्रेरित करें एवं उनको पूर्ण समर्थन प्रदान करें।
हमारा लक्ष्य समाज के योग्य युवाओं को **Civil Services** (IAS, RAS etc.), **Judicial Services** (RJS, RHJS) एवं प्रतिष्ठित सरकारी पदों के लिए मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उमेश सोनी | निर्मल दरगड़ | सीए रोहित परवाल | कमल सोमानी |
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष (शिक्षा) | महामंत्री | महासचिव (शिक्षा) |

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

# होली स्नेह मिलन

## एवं हास्य कवि सम्मेलन

**कविगण** ✿ शशिकांत यादव ✿ गौरव शर्मा ✿ राजकुमार बादल ✿ दीपिका माही ✿ दीपक पारीक ✿ रामबाबू सिकरवार ✿ सपना सोनी ✿ प्रहलाद चाण्डक

शनिवार, 28 फरवरी 2026
सायं 6.00 बजे से

तक्षशिला ऑडिटोरियम,
mps जवाहर नगर

**मनीष मोदानी**
कार्यक्रम संयोजक
9983786706




## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**भवानी शंकर बाहेती**
संयुक्त मंत्री

**रामअवतार काबरा**
संयुक्त मंत्री

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थमंत्री

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष

**देवेन्द्र झंवर**
संगठन मंत्री

**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री

**अनिल कोठ्यारी**
सांस्कृतिक मंत्री

**बजरंग लाल सोमानी**
भण्डार मंत्री

**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष

**ज्योति हुरकट**
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष

**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से



### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।







### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

संयोजक : मनीष मांधना- 94140 55412

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर में भारत सरकार के सचिव श्री संजय जाजू का प्रेरक आगमन





श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के कार्यालय में उस समय गौरवपूर्ण वातावरण निर्मित हो गया जब भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्रीमान् संजय जी जाजू अपनी धर्मपत्नी डॉ. ज्योति जाजू के साथ समाज कार्यालय पधारे। समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य बंधुओं ने आत्मीय स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में श्री जाजू ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्‌बोधन में माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज की संगठित कार्यशैली, दूरदृष्टि एवं समर्पित टीम भावना आज के युग में एक अनुकरणीय उदाहरण है। जिस प्रकार समाज शिक्षा, संस्कार एवं सेवा के माध्यम से निरंतर प्रगति कर रहा है, वह न केवल जयपुर अपितु सम्पूर्ण भारत और विश्व में माहेश्वरी समाज का गौरव बढ़ा रहा है।







उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र में समाज के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज ने अनेक विद्यार्थियों को अवसर प्रदान कर उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया है। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में समाज द्वारा उठाया गया सशक्त कदम सेवा एवं संवेदना का अद्वितीय उदाहरण है, जो समाज की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

श्री जाजू ने अपने विचारों में भविष्य की दिशा भी प्रस्तुत की। उन्होंने सुझाव दिया कि माहेश्वरी परिवारों के विद्यार्थियों के लिए एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित सेमिनार का आयोजन किया जाए, जिसमें प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा, कॉर्पोरेट क्षेत्र, उद्यमिता एवं अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। उनका मानना है कि इस प्रकार का आयोजन समाज के बच्चों को नई दृष्टि, नई ऊर्जा एवं स्पष्ट लक्ष्य प्रदान करेगा, जिससे वे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकेंगे। अपने भावपूर्ण शब्दों में उन्होंने कहा कि समाज के साथ यह आत्मीय संवाद उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव है और वे सदैव समाज की सेवा, सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में समाज के पदाधिकारियों ने श्री संजय जी जाजू एवं डॉ. ज्योति जाजू का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। यह आगमन समाज के लिए प्रेरणा, ऊर्जा एवं नई दिशा प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ।



# जनोपयोगी भवन 'आनन्दम' में सुन्दर कांड पाठ एवं विनायक स्थापना समारोह सम्पन्न





भगवान महेश की अनुकम्पा से श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा बी-173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर स्थित समाज के नव-निर्मित जनोपयोगी भवन 'आनन्दम' में आयोजित सुन्दर कांड पाठ एवं विनायक स्थापना का पावन आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 31 जनवरी 2026, शनिवार को सायं 7.00 बजे से सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने सपरिवार सहभागिता कर धर्ममय वातावरण का अनुभव किया। सुन्दर कांड पाठ का आयोजन ओम श्री राम सखा परिवार, मुरलीपुरा द्वारा किया गया। इसके पश्चात दिनांक 01 फरवरी 2026, रविवार को प्रातः 10.00 बजे पूजा-अर्चना एवं मंगल अनुष्ठान के साथ विधि-विधान से गणपति स्थापना की गई।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए रोहित परवाल, समाज संरक्षकगण, पूर्व अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यगण एवं निर्माण समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थितजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समस्त आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समाजजनों ने 'आनन्दम्' जैसे जनोपयोगी भवन के निर्माण एवं सफल आयोजन हेतु कार्यकारिणी एवं सहयोगी परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया।




श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
Aanandam

# Anandam जनोपयोगी भवन

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

बी-173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर

✉ anandamvaishalinagar@gmail.com

QR for LOCATION




दिनांक 1 फरवरी को नवनिर्मित जनोपयोगी भवन 'आनन्दम' के विनायक स्थापना समारोह के शुभ अवसर पर प्रदान किए गए आर्थिक सहयोग के लिए श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

**श्रीमती उर्मिला-बजरंग लाल जी बाहेती**
चतुर्थ तल हेतु आर्थिक सहयोग की स्वीकृति

**श्रीमती आशा-डॉ. के.सी. परवाल**
पंचम तल हेतु आर्थिक सहयोग की स्वीकृति

| सहयोग प्रदाता | सहयोग राशि (₹) |
|---|---|
| श्री श्याम सुन्दर जी तोतला | 3,00,000 |
| श्री दिनेश जी अजमेरा | 2,11,000 |
| श्री रमाकान्त जी भाला | 2,00,000 |
| श्री अशोक जी पचीसिया | 1,51,000 |
| श्री हरक जी, पूनम जी भाला | 1,51,000 |
| श्री कमल किशोर जी साबू | 1,51,000 |
| श्री श्याम जी भण्डारी | 1,51,000 |
| श्री गिर्राज जी मोदानी | 1,11,000 |
| श्री हीरा चन्द लड्ढ | 1,11,000 |
| श्री बैणी प्रसाद जी मंत्री | 1,00,000 |
| श्री दामोदर जी फलोड़ | 1,00,000 |
| श्री ओम जी हेड़ा | 1,00,000 |
| श्री अशोक जी हुरकट | 1,00,000 |

जनोपयोगी भवन 'आनन्दम' को और अधिक सुदृढ़, सुविधायुक्त एवं समाजोपयोगी बनाने हेतु समाज के सभी बन्धुओं से यथाशक्ति दानराशि प्रदान करने की विनम्र अपील है। आपका प्रत्येक योगदान समाज की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर सिद्ध होगा।

## विशेष सूचना

**सदस्यता :** समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

**1 फरवरी, 2026 से बुकिंग प्रारंभ**

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

**बुकिंग हेतु संपर्क करें 8104521525**

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **211100000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

### तदर्थ समिति

**विष्णु लढ्ढा** (वैशाली नगर) – चेयरमैन (निर्माण)

**राधेश्याम काबरा** – चेयरमैन (वित्त)

**हरीश मालू** – सचिव (निर्माण)

**हरीश भराड़िया** – सचिव (वित्त)

**विकास मोहता** (चित्रकूट) – समन्वयक (भवन)

**रमेश कुमार भैया** – प्रशासक 9982082160

## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**अक्षरा परवाल** सुपुत्री श्रीमती वंदना-संजय परवाल को सीएमए (CMA Inter) परीक्षा में AIR-24 प्राप्त करने पर।



**पलक माहेश्वरी** सुपुत्री श्रीमती सोनिया-रोहित परवाल को IBS-ICFAI, Jaipur के MBA Program में छात्रसंघ के President पद पर निर्वाचित होने पर।



**प्रियांशु भाला** सुपुत्र श्रीमती सोनल-विकास भाला को CMA की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**मुस्कान** सुपुत्री श्रीमती नीलू-महेश सोमानी को CMA की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**राघव तोतला** सुपुत्र श्रीमती ज्योति-पंकज तोतला को स्वदेशी निर्माण और औद्योगिक नवाचार में उत्कृष्ट योगदान के लिए MNIT, Jaipur & MNIT Aluminai Association द्वारा यंग अचीवर्स अवार्ड (इंडस्ट्री एंड एंटरप्रेन्योरियल एक्सीलेंसी)-2025 से सम्मानित किये जाने पर।

### ज्योति जी माहेश्वरी का सम्मान



श्री रामदास सेवा संस्थान, ज्योती सदन में संस्थान के अध्यक्ष श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती इंदू माहेश्वरी को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

### चित्रकार चंद्रप्रकाश जी की पुस्तक का लोकार्पण

#### शहीदों को समर्पित 'शौर्य और शहादत को सलाम'



राजस्थान चौंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में ख्यातनाम चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता (खटोड़) की पुस्तक 'शौर्य और शहादत को सलाम' का विमोचन किया गया।

### श्री आशीष सोमानी यंग इंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित



एस. जी. ग्रुप के निदेशक श्री आशीष सोमानी को राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री प्रेमचन्द बैरवा व बगरू विधायक श्री कैलाश वर्मा द्वारा यंग इंटरप्रेन्योर सम्मान से सम्मानित किया। उनको यह अवार्ड उद्यमिता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करने व उद्योग क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों और उनकी कड़ी मेहनत के लिए दिया गया।

### क्षेत्रीय माहेश्वरी महिला संगठनों के सत्र 2026-28 के निर्वाचन संपन्न :

जोनवार चयनित अध्यक्ष व मंत्रियों का विवरण निम्न है-

| जोन | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| 1 | सरोज परवाल | अपला मून्दड़ा |
| 2 | ज्ञान लाहोटी | मन्जू मंत्री |
| 3 | हेमलता जाखोटिया | उषा खटोड़ |
| 4 | सिम्मी भूतड़ा | अमृता जाजू |
| 5 | विजयलक्ष्मी बिहानी | सरिता मोहता |
| 6 | नुपूर मोदानी | सुलोचना बांगड़ |

## परिषद द्वारा सूर्य सप्तमी पर स्नेहिल आयोजन



श्री माहेश्वरी महिला परिषद द्वारा 25 जनवरी, 2026 को सूर्य सप्तमी के अवसर पर कृष्णधाम वृद्धाश्रम में एक स्नेहपूर्ण एवं आनंदमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें खुशियाँ देना एवं अपनापन महसूस कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से हाउजी खेल रहा। खेलों में सभी बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इसके साथ ही महिला परिषद की ओर से वृद्धाश्रम में जरूरतमंद सामान की चीजें भेंट की गईं। आयोजन में बसंत पंचमी का भी उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। महिला परिषद की सभी बहनों का इस कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा, जिसके कारण यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। परिषद् सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट ने श्रीमती ज्ञान लाहोटी जिन्होंने सभी गेम्स तैयार करके खिलाए और श्रीमती सुनीता सोमानी-जनकल्याण मंत्री सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्गों को कचौरी, लड्डू एवं चाय का नाश्ता करवाया गया। महिला परिषद ने इस अवसर पर वृद्धाश्रम के समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग से यह सेवा कार्य संभव हो पाया। अध्यक्ष स्नेहलता साबू ने बताया कि श्री माहेश्वरी महिला परिषद ने भविष्य में भी ऐसे सेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी।

### आगामी अंक

### "हिंदू नव संवत्सर विशेषांक विक्रम संवत् २०८३"

#### के लिए आलेख, लघु कथा एवं काव्य/हास्य रचना आमंत्रित

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका का आगामी मार्च, 2026 अंक "हिंदू नव संवत्सर विशेषांक : विक्रम संवत् २०८३" निर्धारित किया गया है। इस विषय पर समाजजनों से आलेख एवं काव्य रचना आमंत्रित हैं। हिंदू नव वर्ष, घट स्थापना, चैत्र मास, श्री दुर्गा अष्टमी, श्री राम एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आपके लेख, कविताएं एवं लघु कथाएं इत्यादि दिनांक 28 फरवरी 2026 तक जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के ई-मेल आईडी jmpatrika@gmail.com अथवा मो. नं. 8233681813 पर व्हाट्सएप करने का श्रम करें। प्राप्त उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। रचनाएँ प्रकाशन का अंतिम निर्णय संपादक मंडल का रहेगा। -संपादक

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय अथवा मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। **– संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



### पिछले अंक में दी गई रंग भरो प्रविष्टियों में से प्राप्त प्रथम 5 उत्कृष्ट प्रविष्टियां



नाम
सौम्य मोहता
सुपुत्र
श्री सुनील मोहता
आयु 11 वर्ष



नाम
रिषभ चितलांग्या
सुपुत्र
श्री श्यामसुंदर चितलांग्या
आयु 10 वर्ष



नाम
भव्या बिड़ला
सुपुत्री
श्री रवि बिड़ला
आयु 8 वर्ष



नाम
गर्वित भाला
सुपुत्र
श्री दीपक भाला
आयु 4 वर्ष



नाम
तनवी गट्टानी
सुपुत्री
श्री कमलेश गट्टानी
आयु 4 वर्ष

## Creative Corner




## WORD POWER

### VOCABULARY CORNER

### Learn, Play & Win

Each month, will share 10 new words. Use all of them to write a short passage or a story and mail it to us (jmpatrika@gmail.com). Save and remember these words—they'll help to participate in the Vocabulary Contest held every three months with fun activities like quizzes, crosswords and more. Winners will get prizes and a feature in the magazine.

**Set 5**

1. **Arrogant -** one who feels he is superior as if he is the best.
2. **Deft-** skillful, clever or quick.
3. **Admirable-** who is loved and respected by all ,admired by all.
4. **Outrageous-** Something that is very wrong, that people find indecent or insulting. Not acceptable
5. **To inquire-** To ask for information by questioning.
6. **Ruthless -** Cruel, without pity or caring.
7. **To split-** To break or divide something.
8. **Reluctant -** Not keen on doing something.
9. To have confidence - To have complete trust in someone's power and ability.
10. **To give you the shivers-** To scare you terribly.

## वर्ग पहेली-24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ |
| | ■ | 5 | | | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | | |
| ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| 12 | | ■ | | ■ | | ■ | 13 | |
| | ■ | 14 | | 15 | | ■ | | ■ |
| 16 | | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | | ■ | |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | | |

### संकेत– बाएँ से दाएँ

1. अंजन ( 3 )
3. जरूरत ( 4 )
5. भीत ( 3 )
7. धोना, दौड़ना ( 3 )
9. नवदुर्गा का एक रूप ( 4 )
10. रेशम का कीड़ा ( 4 )
12. इसलिये ( 2 )
13. हड्डी ( 2 )
14. सेनापति ( 4 )
16. बीच का ( 3 )
17. घर ( 3 )
19. सुविधा, साँसत, मदद ( 5 )
20. अलग होना, विछोह ( 4 )
21. हवा ( 3 )

### वर्ग पहेली 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 चं | द्र | 2 मा | ■ | 3 पा | र | 4 प | त्र | ■ |
| द | ■ | 5 हि | मा | नी | ■ | रि | ■ | 6 आ |
| 7 न | 8 ग | र | ■ | फ | ■ | 9 वा | स्त | व |
| ■ | णि | ■ | 10 नी | ल | 11 न | दी | ■ | श्य |
| 12 रा | का | ■ | ल | ■ | क | ■ | 13 कं | क |
| ज | ■ | 14 हि | म | 15 न | द | ■ | ब | ■ |
| 16 प | ह | रा | ■ | व | ■ | 17 पा | ल | 18 क |
| थ | ■ | स | ■ | 19 नी | र | द | ■ | ड़ |
| ■ | 20 अं | त | र्ग | त | ■ | 21 प | रे | वा |

### ऊपर से नीचे–

1. साधन, राहत, चैन ( 3 )
2. मादा पक्षी ( 3 )
3. भिखारी ( 4 )
4. तीव्र जहर ( 4 )
6. सामने आया हुआ भेद ( 4 )
8. असल में ( 3 )
10. नरम ( 3 )
11. मूल्य ( 3 )
12. प्रायः, अक्सर ( 4 )
13. प्राप्त ( 3 )
14. आग बुझाने वाली गाड़ी ( 4 )
15. पत्थर फेंकना ( 4 )
17. धूप ( 3 )
18. विश्वास ( 3 )

।। श्री महेश्वराय नमः।।

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

# 'उत्सव'

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

### पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण |
|---|---|
| | **ब्लॉक ए** |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित |
| | **ब्लॉक बी** |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित |

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

## संचालन समिति
(सत्र 2025–28)

**उमेश सोनी** – अध्यक्ष
**सीए. रोहित परवाल** – महामंत्री
**सुधीर जाजू** – चेयरमैन
**सुनील बिहाणी** – महामंत्रीसचिव

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संजय बाहेती** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**श्यामसुन्दर तोतला** – वाईस चेयरमैन (संचालन)
**रमेश मून्दड़ा** – सह-सचिव
**बंकटलाल माहेश्वरी** – भवन मंत्री
**द्वारका प्रसाद मूंदड़ा** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : सत्यनारायण काबरा (अम्बाबाड़ी), रामसहाय मांधना, नवीन सोमानी, विकास खटोड़।

8306300307, 8619530451

# माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो

## (अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

## ऑनलाईन परिचय सम्मेलन

zoom

**रविवार, 8 मार्च 2026**
**सुबह 10:00 बजे से**

- अपना परिचय
- मीटिंग रिकार्ड निजी चैट रूम
- प्रश्न और चर्चा आपकी पसंदीदा प्रोफाइल के साथ
- www.mimbjaipur.com
- पंजीकरण शुल्कः- मात्र 200/-
- पंजीकरण अंतिम दिनांकः- 03 मार्च 2026



गूगल फॉर्म लिंक के लिए स्कैन करें

घर बैठे सहभागिता | समय और लागत की बचत | देश विदेश के प्रत्याशियों से संवाद का अवसर

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
चैयरमेन (मैरिज ब्यूरो)

**श्याम सुन्दर जाजू**
मंत्री विवाह प्रकोष्ठ

**राजेन्द्र मूंधड़ा**
मुख्य समन्वयक
8233820333

**घनश्याम भण्डारी**
कार्यालय समन्वयक
9414991967

**संजय राठी**
समन्वयक प्रचार
9672202222

**गिरधर भाला**
9414409230

**राजेन्द्र कोठारी**
7296951107

समन्वयक संग्रहण एवं अवलोकन

**बालकृष्ण जाजू (बालक)**
कार्यक्रम संयोजक
9829722633

**गोविन्द तोतला**
कार्यक्रम सह-संयोजक
9509746479

**समन्वयक महिला विंग**

**सुनीता जैथलिया** 9024403040
**ज्ञान लाहोटी** 9929501373
**रजनी राठी** 9314812525
**सुनीता सोमानी** 8384931933
**कल्पना मल्हड़** 9413663371

**सही समय पर सही रिश्ता-आज ही पंजीकरण करें .....**

Ray-Ban ELLE VOGUE fastrack LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY 30%*



Mukesh Baheti
+91 98290 48022

# Baheti Optician

A-13, Mall Road, Sect-1,
Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF
OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE

MITSUBISHI ELECTRIC Changes for the Better
eco Changes for a greener tomorrow

# Raj Engineers



Vikas Kumar Maheshwari

Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.

Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC

502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com



॥श्री महेश्वराय नमः॥

# आलोक झँवर

सुपौत्र स्व. श्री कन्हैया लाल जी झँवर ( घी वाले )
सुपुत्र श्री नवल किशोर झँवर
व्यवसाय : रत्न व्यवसायी एवं वास्तु सलाहकार
म.नं. 8, शिव मार्ग, राजभवन के पीछे,
सिविल लाईन्स, जयपुर
0141-4003155 (O) मो. : 9829068442

ॐ ASTRO-KNOWLEDGE ॐ

# ज्योतिष आचार्या
## सीमा लोहिया



- हस्तरेखा विश्लेषण
- वास्तु परामर्श
- कुंडली विश्लेषण
- व्यापारिक समाधान
- वैवाहिक परामर्श
- कुंडली मिलान
- कैरियर समाधान
- स्पिरिचुअल हीलिंग
- न्यायिक परामर्श
- लव/अरेंज मैरिज
- संतति परामर्श

समय:
सुबह:11am to 1 pm
शाम: 5 pm to 7:30 pm

C-23, Bhagat Singh Marg, Tilak Nagar, Jaipur - 302004
8949268569 @astroknowledge.seema



Manish Jajoo
निवर्तमान अध्यक्ष : पूर्वोत्तर राजस्थान युवा संगठन
कार्यकारणी सदस्य : माहेश्वरी समाज जयपुर
9414058504

CERATEC Build with experience

# GOVINDAM
## Tiles & Sanitary

QUTONE STONEWARE



Dinesh Jajoo
9887487818

Mfr Tile Adashive, Wallputty,Grout, Admix, Waterproofing Eppoxy

A House of Ceramic Tiles, Sanitary & Bath Fitting

Shop No. 61, Santosh Nagar, Opp. Metro Piller No. 40, Gopalpura Bypass, Jaipur-20



Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091

WE CREATE MEMORIES
# Satkaar Event & Decorators
WE CREATE MEMORIES
# Satkaar Caterers

Your Trust & Safety is Our Responsibility



Rahul Jajoo
+91-9828112085



Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's

Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur

Place Your Order (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery

Web. : www.satkaarevents.com

# HARI OM BATTERY
# HIND MOTORS (SINCE 1965)

卐 DEALS IN ॐ
# EXIDE
Authorised Distributor
OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004



For Maheshwari Consumers
Installation of Car Battery, Inverter Battery & Two Wheeler Battery is
FREE

EXIDE DEALERS

घर की छत पर
सोलर लगवाएं



HEMANT MACHHAR
99287-89449

EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

HARI KISHAN MACHHAR
94140-73249



# 101वाँ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न



श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 25 जनवरी, 2026 को सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर समाज का 101वाँ स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन, अभिनन्दन, मानसरोवर, जयपुर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोक जी माहेश्वरी (उप महाप्रबंधक उत्तर-पश्चिम रेलवे), विशिष्ट अतिथि डॉ. एन.के. मालपानी (प्रोफेसर एवं वरिष्ठ सर्जन) एवं विशेष अतिथि समाज संरक्षक श्री रामस्वरूप जी कोठ्यारी रहे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने कहा कि यह अवसर समाज की गौरवशाली परंपराओं को स्मरण करने के साथ-साथ समाज की देदीप्यमान विभूतियों एवं प्रतिभाशाली नौनिहालों को सम्मानित करने का भी है। समाज के जिन होनहारों ने अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश का नाम रोशन किया है, आज उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस समारोह के माध्यम से समाज सामाजिक समृद्धि, साहित्यिक संवाद तथा कला-संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प भी लेता है। उन्होंने समाजबंधुओं से आह्वान किया कि वे अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा करें, नवाचार एवं नव उत्साह के साथ कार्य करें तथा आपसी समझ और सहयोग से एक सशक्त व विकसित समाज की दिशा में कदम बढ़ाएँ।

महामंत्री सीए. रोहित परवाल ने गत एक वर्ष की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए समाज के जनोपयोगी भवन, डायग्नोस्टिक सेंटर्स, वृद्धाश्रम एवं मोक्षधाम से संबंधित प्रतिवेदन समाज पटल पर रखा। वहीं महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी ने समाज एवं एजुकेशन कमेटी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंडल सचिव श्री प्रवीण परवाल एवं महिला परिषद सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट ने भी अपनी-अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समारोह में समाज की 45 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज में स्थापित विभिन्न कोषों के माध्यम से माहेश्वरी विद्यालयों में अध्ययनरत 75 माहेश्वरी विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप ₹ 1100 का चेक एवं प्रशस्ति पत्र संबंधित विद्यालयों के माध्यम से भिजवाने की व्यवस्था की गई।

इस कार्यक्रम में पहली बार 'समाज गौरव सम्मान' से सेवानिवृत्त IFS श्री गौरीशंकर आगीवाल, सेवानिवृत्त जस्टिस श्री दीपक माहेश्वरी, पूर्व प्रोफेसर SMS मेडिकल कॉलेज डॉ. श्रीगोपाल काबरा को उनके विशिष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 'श्री अशोक कुमार एंड श्रीमती विमला माहेश्वरी एंडोमेंट फंड' श्रीमती कविता धर्मपत्नी श्री नवल परवाल द्वारा महेश सेवा कोष के अन्तर्गत नवीन कोष स्थापित कर 21,00,000/- की सहयोग राशि का चेक श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर को प्रदान किया गया। इसके प्रेरक श्री संजय माहेश्वरी (चाण्डक) का आभार।

## CA, CFA, IIT, IIM



AIR-20 CA Final
**नारायण गग्गड़**
S/o श्री श्याम गग्गड़

AIR-43 CA IPCC
**सुरभि लखोटिया**
D/o श्री कान्ता प्रसाद लखोटिया

AIR-18 CA Found.
**उदय माहेश्वरी**
S/o श्री अशोक माहेश्वरी

CFA
**मृणाल माहेश्वरी**
S/o श्री प्रेम सुख लखोटिया

CFA
**पायल माहेश्वरी (लखोटिया)**
W/o श्री मृणाल माहेश्वरी



IIT
**लक्ष्य माहेश्वरी**
S/o श्री रमाकान्त सारड़ा

IIT
**खुशी मोदानी**
D/o श्री आलोक मोदानी

IIT
**पार्थ भांगरिया**
S/o श्री महेश भांगरिया

IIM
**आयुष बियानी**
S/o श्री संजय बियानी

IIM
**अदित माहेश्वरी**
S/o स्व. श्री अतुल हुरकट

## Book, Award, Topper in Sports



Book Writing
**कृष्ण कुमार मोदानी**
S/o स्व. श्री बसन्तीलाल मोदानी

Atal E-Govern. Award
**राजेश असावा**
S/o स्व. श्री स्वरूप चन्द असावा

Young Achievers Award
**राघव तोतला**
S/o श्री पंकज तोतला



State Level Roller Scatting
**सौरभ सोढ़ानी**
S/o श्री गोविन्द दास सोढ़ानी

Gold Medal All India CBSE Taekwondo
**सिद्धिका माहेश्वरी**
D/o श्री आशीष मंत्री

2nd in U-14 Category Pickleball
**अथर्व माहेश्वरी (गिलड़ा)**
S/o श्री कपिल गिलड़ा

## SPECIAL ACHIEVEMENT



**डॉ. हरिप्रसाद सोमानी**
S/O श्री चंपालाल सोमानी
जयपुर बम विस्फोटों में उत्कृष्ट अनुसंधान पर केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक-2025 दिए जाने की घोषणा पर

**दीपक सारड़ा**
S/O श्री बंशी लाल सारड़ा
''भारत मैप्स'' को विकसित करने पर दिल्ली स्टार्टअप अवाइर्स से सम्मानित होने पर

**राहुल परवाल**
S/O श्री जयकृष्ण परवाल
स्कॉटलैंड में आयोजित यूरोस्टार-2025 में ''बेस्ट ट्यूटोरियल अवार्ड' (एशिया से प्रथम बार) मिलने पर

**प्रत्यक्ष भांगरिया**
S/O श्री महेश भांगरिया
माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका) पर चढ़ने, राज्य के शिक्षा मंत्री से सम्मानित होने पर।

**ध्रुव पेड़िवाल**
S/O श्री आशीष पेड़िवाल
USA के प्रतिष्ठित Harward Business School में MBA Program के लिए चयनित होने पर

**डॉ. तेजश्री परवाल**
W/o श्री ओम प्रकाश परवाल
Life Counselling एवं Spiritual Healing के क्षेत्र में मानद् डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने पर

**मनन काबरा**
S/O श्री रामअवतार काबरा
MVPM, Pune (माहेश्वरी विद्या प्रचारक मण्डल) से Engineering के क्षेत्र में छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर।

**लव्या कासट**
D/O श्री अभिषेक कासट
30 सेंकड में एक साथ दो हुलाहुप का उपयोग कर उसे घुमाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाने पर

**सानवी कासट**
D/O श्री अभिषेक कासट
एक मिनट में एक मुड़ी हुई कोहनी से दूसरी कोहनी तक 123 बार हुलाहुप को पास कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर।

## BBA-LLB Topper, M.Phil., MD, NEET-2025, PhD.



Gold Medal in LLB
**अनुश्री माहेश्वरी**
D/o श्री पवन कुमार

1st Rank in BA.,LLB
**राधिका झंवर**
D/o श्री रविन्द्र झंवर

M.Phil. Clinical Psycho.
**राशि माहेश्वरी**
D/o श्री राजेश असावा

MD
**रूपल पेड़ीवाल**
D/o श्री पवन पेड़ीवाल

MD
**डॉ. निमीषा काबरा**
D/o सीए. ओमप्रकाश काबरा

BAMS
**डॉ. आयुषी माहेश्वरी**
D/o श्री सुमित माहेश्वरी



Gold Medal in BDS
**मुस्कान माहेश्वरी**
D/o श्री राजेश माहेश्वरी

Admi. in PIMS NEET
**अधिश्री डागा**
D/o डॉ. अविनाश डागा

M.Tech PhD
**डॉ. देवांग फलोड**
S/o श्री अरुण कुमार फलोड

PhD
**डॉ. श्रद्धा आगीवाल**
W/o श्री जितेन्द्र पिरतानी

PhD (NIT)
**निखिल भण्डारी**
S/o श्री दिनेश चन्द्र भंडारी

## GATE & CBSE Exam-2025 (10th & 12th) securing over 97% marks



AIR-4 in GATE
**हर्षिल माहेश्वरी**
S/o श्री अशोक चांड़क

**स्वस्ति सोमानी**
D/o श्री करुणेश प्रसाद सोमानी

**कृत बिड़ला**
S/o श्री विष्णु बिड़ला

**अंशिता मांधना**
D/o श्री अवधेश मांधना



**कृष्णा बिड़ला**
D/o श्री विकास बिड़ला

**वनीशा माहेश्वरी**
D/o श्री मनीष कुमार मैनाना

**अक्षिमा माहेश्वरी**
D/o श्री अनिमेष माहेश्वरी

**नव्या माहेश्वरी**
D/o श्री विजय कुमार बाहेती

**सिया सोनी**
D/o श्री कमल नारायण सोनी





**उमेश सोनी**
अध्यक्ष
मो. 98290 59157

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## वार्षिक प्रतिवेदन

(फरवरी 2025 से जनवरी 2026)



**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री
मो. 98290 67244

**सम्माननीय बन्धुओं, मातृशक्ति एवं युवा साथियों, जय महेश!**

अत्यन्त गौरव की बात है कि हमारे समाज संस्थापकों की दूरदर्शी सोच के कारण सूर्य सप्तमी के शुभ दिन सन् 1925 ई. में स्थापित ''श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर'' अपनी स्थापना के गौरवशाली 101 वर्ष पूर्ण कर चुका है। श्री महेश भगवान की असीम अनुकम्पा, समाज बंधुओं के अथक सहयोग व स्नेह के फलस्वरूप श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर विशाल जनसमुदाय की सेवा करता हुआ 102वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है एवं नित नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। समाज के इस वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर आप सभी को कोटि–कोटि मंगलकामनाएँ।

**प्रबन्धन :-** समाज का संचालन श्री माहेश्वरी समाज के सदस्यों द्वारा चुनी गई कार्यकारिणी के निर्वाचित अध्यक्ष, 90 निर्वाचित सदस्य एवं 2 पदेन सदस्य सहित कुल 93 सदस्यों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में अध्यक्ष, 41 पदाधिकारी एवं 49 सदस्य व 1 पदेन सदस्य हैं। विधान की धारा 10 (ख) के अनुसार कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। समाज का पंजीकृत कार्यालय माहेश्वरी भवन, चौड़ा रास्ता, जयपुर में स्थित है। समाज का प्रशासनिक कार्यालय एम.पी.एस. इन्टरनेशनल, तिलक नगर स्थित परिसर में संचालित किया जा रहा है।

सत्र 2025–28 के लिए अध्यक्ष **श्री उमेश सोनी** तथा महामंत्री **सीए. रोहित परवाल** हैं।

1. **महेश सेवा कोष :-** ''धन के अभाव मे कोई भी स्वजातीय बालक–बालिका, वृद्धजन एवं असहाय परिवार के सदस्य शिक्षा, चिकित्सा एवं भरण–पोषण से वंचित न रहें'' इस कार्य हेतु महेश सेवा कोष की स्थापना की गई है। जिसका संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है। **श्री संदीप मूंदड़ा** –महेश सेवा कोष मंत्री है। **श्री मुकेश कालानी**, जोन–1 संयोजक, **श्री लोकेश झंवर** (चौकड़ी संयोजक, चारदिवारी दक्षिण), **श्री हितेश चाण्डक** (चौकड़ी संयोजक, चारदिवारी उत्तर), **श्री राजरूप मालू** (चौकड़ी संयोजक, मोती डूंगरी), **सीए. लोकेश कासट** जोन–2 संयोजक, **श्री महेश कुमार मालपानी** (चौकड़ी संयोजक, विद्याधर नगर), **श्री नीलेश भूतड़ा** (चौकड़ी संयोजक, शास्त्री नगर), **श्री अनिल अजमेरा** जोन–3 संयोजक, **श्री रघुनन्द राठी** (चौकड़ी संयोजक, झोटवाड़ा), **श्री भगवान जाजू** (चौकड़ी संयोजक, मुरलीपुरा) **श्री चेतन प्रकाश मूंदड़ा** जोन–4 संयोजक, **श्री हरीश मालू** (चौकड़ी संयोजक, वैशाली नगर), **श्री विष्णु बियानी** (चौकड़ी संयोजक, बनीपार्क), **श्री दीपक बिड़ला** जोन–5 संयोजक, **श्री अनिल साबू** (चौकड़ी संयोजक, मानसरोवर), **श्री लक्ष्मीनारायण मोदानी** (चौकड़ी संयोजक, श्याम नगर), **श्री चन्द्र प्रकाश लखोटिया** जोन–6 संयोजक, **श्री आलोक लढ्ढा** (चौकड़ी संयोजक, टोंक फाटक), **श्री मुकेश काबरा** (चौकड़ी संयोजक, बापू नगर) एवं **श्री सुरेश जैथलिया** (चौकड़ी संयोजक, सांगानेर) के संयोजक हैं। महेश सेवा कोष हेतु 5 सदस्यों की समिति का गठन किया गया है जिसके **श्री बालकिशन सोमानी, श्री बजरंग जाखोटिया, श्री मालचन्द बाहेती, श्री सत्यनारायण सोमानी** एवं **श्री देवी प्रसाद बियानी** सदस्य हैं।

फरवरी 2025 से जनवरी 2026 तक महेश सेवा कोष एवं स्थायी कोषों से समाज द्वारा विभिन्न मदों में करीब रु. **1,39,00,000/–** की सहायता समाज बन्धुओं को प्रदान की गई। महेश नवमी पर्व के शुभ अवसर पर दानदाताओं से प्राप्त भेंट राशि ही इस कोष की आय का मुख्य स्त्रोत है। इस वर्ष महेश नवमी पर्व पर समाज के कर्मठ कार्यकर्त्ताओं द्वारा दानदाताओं से 1 अप्रेल, 2025 से अब तक एकत्रित की गई राशि लगभग रु. **15,22,158/–** व स्थायी कोषों हस्ते रु. **47,84,516/–**, तथा कोषों पर प्राप्त ब्याज लगभग रु. **91,00,000/–** सहित कुल राशि रु. **1,54,06,674/–** है। श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी (समाज संरक्षक) द्वारा महेश नवमी पर लगातार छठीं बार सर्वाधिक राशि **3,00,000/–** भेंट की गई। सत्र 2022–25 के लिए राशि संकलन श्री पवन बजाज–उपाध्यक्ष (वित्त) एवं श्री रविन्द्र झंवर–अर्थमंत्री द्वारा निर्वहन किया जा रहा था। नवीन सत्र 2025–28 के लिए राशि संकलन का दयित्व **श्री पूनम चन्द भाला**–उपाध्यक्ष (अर्थ) एवं **सीए. नटवर सारड़ा**–अर्थमंत्री द्वारा निर्वहन किया जा रहा है। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सभी दानदाता बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

**महेश सेवा कोष के माध्यम से दी जा रही सहायता :**

**(अ) शिक्षा सहायता**– जिन परिवारों की कुल मासिक आय **रु.10,000/–** तक है उन माहेश्वरी परिवारों के शिक्षार्थियों को श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने पर विद्यालय शुल्क का सहयोग दिया जाता है। ऐसे परिवारों के शिक्षार्थियों को जो अन्य विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं प्रति शिक्षार्थी अधिकतम **रु.7500/–** वार्षिक का सहयोग दिया जाता है जो प्रति परिवार अधिकतम **रु.15000/–** वार्षिक है।

**(ब) मासिक सहायता**– विधवा बहनों एवं वृद्धजनों बन्धुओं जिनकी आय का कोई भी साधन नहीं है उनके भरण–पोषण हेतु समाज बन्धुओं को माह **अप्रैल 2025 से सहायता राशि 5,000/– रुपये** मासिक भरण–पोषण हेतु NEFT द्वारा बैंक खाते में प्रदान की जा रही है।

**(स) चिकित्सा सहायता** – जिन माहेश्वरी परिवारों की कुल मासिक आय **रु.10,000/–** से कम है उन परिवारों को महेश अस्पताल एवं राजकीय चिकित्सालयों की दवाईयाँ के लिए प्रति परिवार अधिकतम **रु.11,000/–** वार्षिक सहायता दी जाती है।

**(द) कन्यादान सेवा कोष** – इस कोष से आर्थिक रूप से कमजोर माहेश्वरी परिवारों को पुत्री विवाह के शुभ अवसर पर **'कन्यादान'** के रूप में भी सहायता राशि प्रदान की जाती है।

2. **महेश सेवा कोष में स्थायी कोष**– स्थायी कोष स्थापित करने वाले समाज बंधु एवं उनके प्रेरक बधाई के पात्र हैं। अब तक **483 स्थायी कोष** स्थापित किये जा चुके हैं, **जिनकी वर्तमान में कुल जमा राशि 11.27 करोड़ रुपये है।**

3. **समाज कोष**– विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर समाज बन्धुओं द्वारा दिये गये आर्थिक सहयोग हेतु एक पृथक् कोष की स्थापना की गई है। इसमें फरवरी, 2025 से अब तक लगभग **10,00,000/–** रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

4. **माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो (MIMB):–** माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो (MIMB) द्वारा संचालित वेबसाईट MIMBJAIPUR.COM पर जनवरी 2025 से 2026 तक कुल बायोडाटा 4244 थे उनमे से 1750 बायोडाटा जिनके संबंध सुनिश्चित हो गए उनको हटाकर वेबसाइट का प्रचार–प्रसार कर 1500 से अधिक बायोडाटा पंजीयन किये अब कुल बायोडाटा 3994 सक्रीय हैं। वेबसाईट पर पंजीयन शुल्क 2100 रु के स्थान पर 1100 रु किया गया। रविवार 8 मार्च 2026 को ऑनलाइन परिचय सम्मेलन (जूम एप के जरिए ) होना तय किया हैं जिसके पंजीयन गूगल फॉर्म के जरिए लिए जा रहे हैं। हर माह के दूसरे शनिवार को बायोडाटा अवलोकन एवं पंजीयन का प्रोग्राम होना तय किया हैं। इस वर्ष में 30 संबंध सुनिश्चित हुए। मैरिज ब्यूरो चेयरमैन श्री कमल किशोर साबू , विवाह प्रकोष्ठ मंत्री श्री श्याम सुन्दर जाजू की देखरेख में मैरिज ब्यूरो की गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है।

5. **श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव'**– ''उत्सव'' भवन गत लगभग 18 वर्षों से श्री माहेश्वरी समाज के वैवाहिक, धार्मिक व अन्य मांगलिक कार्यों में लगातार उपयोग में आ रहा है। यह भवन गत वर्षों के इतिहास में माहेश्वरी समाज, जयपुर की सर्वाधिक लोकप्रिय व महत्वपूर्ण उपलब्धि है। समाज बन्धु ''उत्सव'' में उपलब्धता के अनुसार अपने वैवाहिक कार्यक्रमों का मूहुर्त निकलवाने और साथ–साथ अन्य राष्ट्रिय व प्रादेशिक स्तर के आयोजनों में भी ''उत्सव'' सभी की पहली पसंद है। ''उत्सव'' की लोकप्रियता व उपयोगिता श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर व ''उत्सव'' प्रबन्ध समिति के सतत प्रयासों से निरन्तर बढ़ रही है। ''उत्सव'' की प्रबन्ध समिति सत्र 2025–28 का गठन नवम्बर 2025 में हुआ है। चेयरमैन श्री सुधीर जाजू एवं सचिव श्री सुनील बिहाणी के नेतृत्व में 50 सदस्यीय प्रबन्ध समिति तथा 11 सदस्यीय संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है। भवन में उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि एवं भवन के नवीनीकरण के प्रयासों को वर्तमान प्रबन्ध समिति द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। भवन के सभी कमरों में एलईडी टीवी, इलैक्ट्रिक कैटल, एसी, गीजर, लॉकर एंव मिनी फ्रिज आदि की सुविधा अतिथियों को उपलब्ध करवाई गई है। अप्रैल 2025 से वर्तमान माह तक लगभग 218 दिन बुक रहा है।

   प्रबन्ध समिति सत्र 2025–2028 त्रैवार्षिक कार्यकाल में समाज बन्धुओं को नवीनीकृत एंव उच्चस्तरीय सुविधा सम्पन्न कमरे एंव मुख्य हॉल समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुये भवन के दानदाता सदस्यों एंव उपयोग्कर्ताओं की भवन के प्रति आंकाक्षाओं की पूर्ति का हर सम्भव प्रयास करेगें। प्रबन्ध समिति के निर्णयानुसार ब्लॉक, प्रथम एंव द्वितीय का पूर्णरूप से नवीनीकरण कार्य की रूपरेखा बनाई गई है। आरक्षण को मध्यनजर रखते हुये उपरोक्त कार्य ऑफ सीजन में करवाया जाना है, इस वर्ष जुलाई से नवम्बर माह के समयान्तराल में द्वितिय तल का पूर्णरूपेण नवीनीकरण करवाना निश्चित किया ग्या है। भवन में पधारने वाले सम्मानीय उपयोगकत्ताओं का आगमन अविस्मरणीय बनाने के लिये ''उत्सव'' प्रबन्धन एंव स्टाफ सदैव प्रयासरत रहेगें। भवन के आरक्षण की जानकारी व्हाट्सएप्प के माध्यम से भी समाज बन्धुओं के लिये उपलब्ध है। फोन न. 9251033701 व 9251033703 पर सम्पर्क कर आरक्षण समाज बन्धुओं को दी जाने वाली छूट एंव अन्य सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

6. **श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन'**– श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन ''अभिनन्दन'' सर्व समाज बन्धुओं के लिए सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक अनुष्ठान व विवाह समारोह आदि के लिए किफायती दरो पर उपलब्ध है। भवन 152 बैडेड क्षमता के साथ पूर्णतः सुसज्जित एवं वातानुकूलित है। भवन में 1 बड़ा बैंक्वेट हॉल, फुड कोर्ट एवं मण्डप एरिया, 2 मिनि बैंक्वेट हॉल, 4 छोटे किचन, 2 बडे किचन, 2 पैसेंजर लिफ्ट, 1 लोडिंग लिफ्ट व डबल बेसमेन्ट पार्किंग की सुविधा के साथ उपलब्ध है। भवन में कुर्सी, सोफा, रेड कारपेट, राउन्ड टेबिल, लोहे की टेबिल, बर्तन, अतिरिक्त गद्दे, दरी, हलवाई बर्तन इत्यादि सामान किफायती दरो पर उपलब्ध है। माहेश्वरी बन्धुओं एवं अन्य समाज वर्गों में भवन सुन्दरता एवं भव्यता के कारण अलग ही पहचान बना चुका है। परिणामस्वरूप मांगलिक, धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भवन 2024–25 में 218 दिन एवं अप्रैल 2025 से वर्तमान माह तक 163 दिन बुक रहा है। प्रबन्ध समिति (सत्र 2025–28) के चेयरमैन श्री रमेश सोमानी एवं सचिव श्री राजेश कुमार सोढ़ानी व अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में भवन का सफल संचालन किया जा रहा है। भवन की अन्य जानकारी हेतु फोन नं. 0141–2980659 व मो. नं. 7414038883 ई–मेल **abhinandanmansarover@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

7. **श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्'**– श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'आनन्दम्' जगदम्बा नगर का भूमि पूजन 6 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुआ था। जिसके जेडीए से नक्शे पास करवाते हुए भवन का कुल निर्माण क्षेत्रफल 30,000.00 वर्ग फीट है अब तक भवन में 1 बेसमेन्ट, भूतल एवं 5 मंजिल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 28 कमरे, एक बडा वैंक्वेट हॉल (डबल हाइट), स्टिल्ट फ्लोर पर फूडकोर्ट, डाइनिंग हॉल, ऑफिस ब्लॉक व स्टोर रूम की भी व्यवस्था रहेगी। **मागंलिक कार्यो हेतु 1 फरवरी, 2025 से बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है।** तदर्थ समिति के चेयरमैन (निर्माण) **श्री विष्णु लढ्ढा** चेयरमैन (वित्त) **श्री राधेश्याम काबरा** सचिव (निर्माण) **श्री हरीश मालू**, सचिव (वित्त) **श्री हरीश भराड़िया**, समन्वयक (भवन) **श्री विकास मोहता** है।

8. **'कृष्णधाम' वृद्धाश्रम**– आज के भौतिक युग में बुजुर्गों को जो सम्मान मिलना चाहिये वह नहीं मिल पा रहा है। उन्हें श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर अपनी अलौकिक कृति ''कृष्णधाम'' में पूर्ण सम्मान के साथ एवं सुख–शांति से जीवन जीने की व्यवस्था करता है। आश्रम 2 मंजिला है उसमें 27 कमरे है 36 निवासियों के रहने की व्यवस्था है। तृतीय तल पर 16 कमरे अतिरिक्त तैयार किये जायेगे जो जून 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण होने की सम्भावना है। वृद्धाश्रम में मेडिकल सहायता कोष की स्थापना की गई है और अभी तक करीब 4 लाख रूपये की सहयोगकर्ताओं से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है वृद्धाश्रम प्रवासियों का सामाजिक जीवन बेहतर हो इस हेतु लगातार भजन संख्या, संगीत प्रोग्राम, तीर्थ यात्रा का आयोजन किये जा रहे है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रात 8 बजे से 9 बजे तक योगा क्लास भी चालू कर दी गई है। **श्री सत्यनारायण करवा** –वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री, **श्री रमेश पचीसिया एवं श्री प्रमोद लखोटिया** वृद्धाश्रम संभालने का निर्वहन कर रहे हैं।

9. **माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर, विद्याधर नगर :–** डायग्नोस्टिक सेन्टर में आधुनिक मशीनों द्वारा जाँच की जा रही है। अन्य डायग्नोस्टिक सेन्टरों की अपेक्षा में इस डायग्नोस्टिक सेन्टर की दरें बहुत कम रखी गई है। डायग्नोस्टिक सेन्टर की सेवाओ के विस्तारांतर्गत MD फिजिशियन, ENT विशेषज्ञ एवम शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएँ प्रारम्भ की जा चुकी है। सेन्टर की व्यवस्थाओं में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के फलस्वरूप

रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। डॉ. महेश भूतड़ा (स्वास्थ्य मंत्री), श्री मुरारी लाल बिडला (चेयरमैन), श्री संदीप जाजू (समन्वयक), एवं श्री कपिल सोमानी (संयोजक) की देखरेख में संचालन किया जा रहा है। सेन्टर के अथक प्रयासों से समाज को प्रारम्भ से लेकर अब तक केंद्र ने समाज को तीन करोड़ इक्यानवे लाख तीस हजार आठ सौ सैंतीस रुपये की राशि प्रदान की है।

डायग्नोस्टिक सेन्टर में फरवरी 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में 42381 मरीजों का जांच हेतु पंजीकरण हुआ, जिनके द्वारा सेन्टर में करवाई गई जाँचों का विवरण निम्न प्रकार है :

| Service | X-Ray | USG | Package | MRI | CT Scan | Echo | Pathology | Physiotherapy | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total No. of Patient | 5513 | 7725 | 1812 | 828 | 402 | 559 | 121044 | 1322 | 139205 |

10. **माहेश्वरी डायलिसिस डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेन्टर, निर्माण नगर**– आमजन को रियायती दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। आगन्तुकों तथा समाज के द्वारा प्राप्त सुझावों एवं पेशेन्ट की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निर्माण नगर, डेन्टल यूनिट का भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

समाज के अध्यक्ष **श्री उमेश सोनी**, महामंत्री **सीए. रोहित परवाल** व स्वास्थ्य मंत्री **डॉ. महेश भूतड़ा, श्री अशोक खटोड़** (विद्याधर नगर) और **श्री गिरिराज लढ्ढा** के मार्गदर्शन से सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। सेन्टर के अथक प्रयासों से समाज को प्रारम्भ से लेकर अब तक 70 लाख रुपये का सहयोग प्रदान किया गया। श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर में फरवरी, 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में कुल 26295 मरीजों को सुविधाए उपलब्ध करवाई गई जिनके द्वारा सेन्टर में करवाई गई जाँचों का विवरण निम्न प्रकार है :

| Service | X-Ray | USG | Package | ECG | CT Scan | Echo | Dialysis | Physiotherapy | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total No. of Patient | 2970 | 1331 | - | 1208 | - | 271 | 1732 | 933 | 8445 |

समाज के द्वारा प्राप्त सुझावो एवम् पेशेंट की सुविधा को ध्यान में रखते हुये OPD का शुभारम्भ किया गया जिसमें Gynecologist, General Physicians, Orthopedic तथा Pediatric Doctors अपनी सेवाऐ दे रहे हैं, निर्माण नगर सेन्टर के द्वारा समय–समय एवम् आवश्यकतानुसार जरूरतमद व्यक्तियों के शिविर आयोजित किये गये एवं 415 मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सेवायें प्रदान की गई।

11. **ब्लड कलेक्शन सेन्टर : श्याम नगर :** डायग्नोस्टिक सेन्टर, विद्याधर नगर के अन्तर्गत श्याम नगर व सोडालावासियों की सुविधा हेतु कलेक्शन सेन्टर संचालित किया जा रहा है। जिसके संयोजक **श्री सत्यनारायण मोदानी** है। **टोंक रोड :** डायलिसिस डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेन्टर निर्माण नगर, द्वारा टोंक रोड़, महेश कॉलोनी के महेश सत्संग भवन में सभी प्रकार जाँचों के ब्लड कलेक्शन सेन्टर संचालित किया जा रहा है।

12. **श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर**– नवीन सत्र 2025–28 हेतु अध्यक्षा श्रीमती स्नेहलता साबू एवं सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट के प्रेरणादायी नेतृत्व में परिषद् द्वारा फरवरी 2025 से जनवरी 2026 तक अनेक सेवाभावी, रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, सामाजिक चेतना जागृत करना, संस्कारों को सुदृढ़ करना तथा युवा पीढ़ी को समाज सेवा के मार्ग से जोड़ना रहा है। परिषद् द्वारा सेवा–भाव से प्रेरित होकर 400 से अधिक सक्रिय सदस्यों को संगठित कर समाजहित में कार्य किया गया। गतिविधियों की शुरुआत सातूड़ी तीज के अवसर पर माहेश्वरी परिवारों हेतु आटे की व्यवस्था से हुई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को सहयोग मिला, महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ और घरेलू सेवा का संदेश जन–जन तक पहुंचाया गया। 14 सितंबर को समाज गोठ में "अन्न व जल बचाओ" (जीरो वेस्ट) कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण, संसाधन बचत और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। महेश मेले में महिलाओं द्वारा निर्मित घरेलू उत्पादों की स्टॉल आत्मनिर्भरता और महिला उद्यमिता की सशक्त मिसाल बनीं और आकर्षण का केंद्र रहीं। परिषद् में प्रथम बार आयोजित 'करवाचौथ चंद्र पूजन उत्सव' ने परंपरा, रिश्तों में सद्भाव प्रेम एवं स्नेह का समावेश, महिलाओं में संस्कार एवं संस्कृति अभिवर्धन, वैवाहिक जीवन की समरसता एवं सामाजिक एकता को नई पहचान दी। 28 दिसंबर को आयोजित "नई दिशा" कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा, संस्कार और संगठन से जोड़ने का प्रेरक प्रयास किया गया। नए वर्ष में आयोजित 'विंटर कार्निवल एवं स्वाद संगम 2026' महिला परिषद् के नवाचार, ऊर्जा और सृजनशीलता का सजीव उदाहरण बना, जिसमें 50 से अधिक महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का मंच प्रदान किया गया। 'सीनियर सिटीजन सम्मान' सूर्य सप्तमी पर वृद्धाश्रम में सेवा कार्य, तथा जरूरतमंदों के लिए सहयोग कार्यक्रमों द्वारा परिषद् ने संवेदना, बुजुर्गों का सम्मान और सेवा का अद्भुत परिचय दिया। करवाचौथ, सीनियर सिटीजन सम्मान, आत्मनिर्भरता अभियान और महिला सशक्तिकरण जैसे अमूल्य सेवा कार्यों के माध्यम से महिला परिषद् समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। महिला परिषद् सेवा के क्षेत्र में सेवा,जोश और जज़्बे का दूसरा नाम है, जो समाज में नवाचार, सकारात्मक सोच और सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए उदाहरण देते हुए हर घड़ी तत्पर रहती है। महिला परिषद् वह है,जहाँ परंपरा, प्रतिभा और प्रगति का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। परिषद् की सभी गतिविधियाँ समाज में जागरूकता, सहभागिता, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने में पूर्णतः सफल रहीं है और भविष्य में भी सेवा, संस्कृति और समाजहित के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने के लिए संकल्पित है।

13. **श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर**– श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर सदैव समाज के युवाओं को संगठित कर उनके सामाजिक, सांस्कृतिक, वैचारिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहा है। नवाचार, सेवा एवं सहभागिता मंडल की कार्यशैली के मूल स्तंभ रहे हैं। वर्तमान में मंडल का संचालन अध्यक्ष **सीए अखिल भाला** एवं सचिव **सीए प्रवीण परवाल** के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हो रहा है, जिनके सशक्त नेतृत्व में मंडल निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम 07 सितंबर 2025 को रक्तदान शिविर के रूप में आयोजित किया गया, जिसे संयोजक श्री अनंत दधड़ के संयोजन में संपन्न हुआ। 14 सितंबर 2025 को महेश मेला का भव्य आयोजन के संयोजक श्री अशोक लद्दड़ एवं कोषाध्यक्ष श्री धीरज मालपानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समाज में प्रथम बार KBC शैली पर आधारित "माहेश्वरी मेगा क्विज़" का आयोजन किया गया, जिसे मंडल के आईटी सचिव श्री गौरव जाजू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। 04 अक्टूबर 2025 को डांडिया महोत्सव का आयोजन संयोजक सीए श्री पुनीत मांधना एवं कोषाध्यक्ष श्री पुनीत खटोड़ के नेतृत्व में भव्य रूप से संपन्न हुआ। युवाओं के वैचारिक एवं व्यावसायिक विकास को प्राथमिकता देते हुए मंडल द्वारा एक नवीन पहल के रूप में स्टार्ट–अप सीरीज़ की शुरुआत की गई। **MNM Startup Conclave – Chapter 1 : Vision to Venture** का आयोजन श्री अर्पित होलानी के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसने युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नववर्ष के पावन अवसर पर मंडल द्वारा बाबा श्याम के पावन कीर्तन "श्याम रसधारा" नामक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन संयोजक श्री वैभव मंत्री एवं कोषाध्यक्ष श्री शुभम साबू द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं समर्पण के साथ किया गया, जिसे समाजजनों द्वारा अत्यंत सराहा गया। लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद MBCL–2026 का आयोजन किया गया, जिसे राघव फलोर, प्रियल नोवाल एवं अमन सोनी की

टीम द्वारा संयुक्त रूप से अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। मंडल का दृढ़ विश्वास है कि युवा ही समाज का भविष्य हैं, और उनके सर्वांगीण विकास हेतु सेवा, संस्कार, नवाचार एवं नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराना मंडल का सतत उद्देश्य है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए मंडल आगे भी इसी समर्पण, एकजुटता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा।

14. **सर्वधर्म मोक्षधाम चांदपोल :** श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा वर्ष 2022 में नगर निगम, जयपुर से चांदपोल में स्थित मोक्षधाम की जमीन 19 साल 11 महीने के लिए लीज पर ली गई है। जिसे 3 मई 2022 से सर्वधर्म मोक्षधाम के नाम से संचालित किया जा रहा है। इसे सुचारु रूप से संचालित करने के लिए समिति का गठन किया गया है जिसमें चेयरमैन **श्री प्रदीप बाहेती**, सचिव **सीए. राजेन्द्र जी परवाल**, कोषाध्यक्ष **श्री चन्द्र मोहन कासट** हैं जो की एक कर्मठ समाजसेवी के रूप में अपनी सेवाएं मोक्षधाम को दे रहे हैं। मोक्षधाम में 8 शवदाह स्थल हैं, जिसमें प्रतिदिन 7–8 दाहसंस्कार किये जा सकते हैं। यहां विश्राम हेतु दो बड़े हॉल भी है जिन्हें भव्य रूप देने के लिए हॉल में भगवत चित्रण कराया गया है और सुविधा हेतु कुर्सियों एवम् पंखों की व्यवस्था भी है अब इसमें कूलर की व्यवस्था भी जोड़ दी गई है। अन्य क्रिया कार्यों के लिए टीन शेड में पक्के फर्श का निर्माण कराया गया है एवं हवन–पूजा के लिए आसन, बर्तन, हवन–कुंड आदि एवं यहां पर अस्थिपुष्प को रखने के लिये लॉकर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। मोक्षधाम में दाह संस्कार के लिए गोकाष्ट व थापडी का उपयोग किया जाता है जो कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण कदम है प्रारंम्भ के दिसम्बर माह तक कुल 2319 दाह संस्कार हो चुके है जिससे लगभग 3200 पेड़ एवं 30,000 किलो घी बचाया जा सका।

15. **आरोग्यम् – माहेश्वरी-योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थान :** व्याधियों के उपचार के लिए श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित 'माहेश्वरी आरोग्यम् प्राकृतिक चिकित्सालय' का शुभारंभ बनीपार्क, जयपुर में किया गया। यहां चिकित्सालय में अनेक प्राकृतिक उपचार विधियों द्वारा जन साधारण को अत्याधुनिक, सुसज्जित व सुव्यवस्थित रूप से उपचार दिया जाता है, जिसकी देख–रेख के लिए **श्री मनीष मांधना** संयोजक है।

16. **पत्रिका प्रकाशन–** समाज द्वारा 'जयपुर माहेश्वरी पत्रिका' नई साज–सज्जा, आकर्षक कलेवर एवं सामयिक विषयों पर आधारित विभिन्न विशेषांकों के रूप में प्रतिमाह प्रकाशित की जा रही है। विशेषांक से संबंधित सारगर्भित एवं उपयोगी सामग्री के अतिरिक्त सामाजिक, शैक्षणिक, ECMS से संबंधित सभी जानकारियाँ– आवश्यक सूचनाएँ एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों की जानकारी समाज बन्धुओं को पहुँचाने हेतु पत्रिका का प्रकाशन श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की ओर से प्रचार मंत्री **श्री विजय सारड़ा** की देखरेख में किया जा रहा है। पत्रिका के प्रधान संपादक **श्री मोहन तोषनीवाल** है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में समाज के सौ वर्षों के इतिहास में प्रथम बार समाज पत्रिका के संपादन कार्य हेतु **श्रीमती मधु जी भूतड़ा 'अक्षरा'** को संपादिका एवं **श्रीमती प्रिन्सा (चारू) बांगड़** को संयोजिका मनोनीत किया गया।

17. **सदस्यता समिति :–** समाज के विधानानुसार वर्तमान कार्यकारिणी सत्र 2025–28 के सदस्यों से प्राप्त सदस्यता प्रपत्रों का निरीक्षण व स्वीकृति समाज के संगठन मंत्री **श्री देवेन्द्र झंवर** एवं उप समिति सदस्यगण श्री हितेश चांडक, श्री अरूण बाहेती, श्री श्रवण बियानी, श्री दीपक राठी, श्री मनोज तोषनीवाल द्वारा किया जा रहा है। 31 दिसम्बर, 2025 तक समाज में लगभग कुल 6115 परिवार हैं एवं 23315 मतदाता पंजीकृत सदस्य हैं।

18. **विधान संशोधन समिति :–** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा नवीन सत्र 2025–28 हेतु विधान संशोधन समिति का गठन किया गया है जिसके **श्री राधाबल्लभ अजमेरा** संयोजक, **श्री सुनील अजमेरा, सीए.अनिल सारड़ा, सीए.नटवर सारड़ा, श्री मुकेश राठी, श्री जयन्त बाहेती** सदस्य है।

19. **वस्तु भंडार–** वस्तु भंडार की शाखाएँ 'उत्सव' भवन, विद्याधर नगर एवं 'अभिनन्दन' भवन, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर में संचालित की जा रही हैं। भंडार में शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर आयोजित भोज में काम आने वाले सभी प्रकार के बर्तन उपलब्ध करवाये जाते हैं। वस्तु भण्डार की देखरेख सत्र 2025–28 के लिये **श्री बजरंग लाल सोमानी** –भंडार मंत्री संभाल रहे हैं। विद्यालय भवन में आयोजित तीये की बैठकों/शोक सभाओं में वस्तु भण्डार दरियाँ, कुर्सियाँ, माइक की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध करवा रहा है।

20. **माहेश्वरी गोल्ड कार्ड योजना–** समाज के समस्त सदस्यों को विभिन्न क्षेत्रों (अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेन्टर, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेन्ट, होटल, स्वीट्स शॉप, ग्रोसरी स्टोर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रोनिक्स, गारमेन्ट्स, ज्वैलरी इत्यादि) में आकर्षक रियायतें उपलब्ध करवाने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई थी। योजना से जुड़े संस्थानों की सूची समाज पत्रिका में समय–समय पर प्रकाशित की जाती है।

21. **मध्यस्थता एवं विवाद निराकरण समिति–** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा नवीन सत्र 2025–28 हेतु मध्यस्थता एवं विवाद निराकरण समिति का गठन किया गया है जिसके **श्री गोपाल सोमानी (मीठड़ी वाले)**–संयोजक, **जस्टिस दिनेश चंद्र सोमानी**, **श्री द्वारकादास मालपानी**, **श्री विनोद मूंदड़ा (श्याम नगर)**, एवं **श्री विश्वनाथ सिंगची** (एडवोकेट) सदस्य है।

22. **रोजगार प्रकोष्ठ :** संयोजक **श्री खगेश चितलांग्या** की देखरेख में माहेश्वरी युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु रोजगार प्रकोष्ठ प्रारम्भ किया गया। माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास हमेशा ही सर्वोपरि रहा है। वर्तमान में युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करना एक चुनौती बन गया है। इसके अन्तर्गत कई समाज बन्धुओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है।

23. **महेश अन्न सेवा :** अन्न सेवा वर्षपर्यन्त प्रत्येक गुरूवार को किया जा रहा है। इस अन्न सेवा के अन्तर्गत लगभग 500 जरूरतमंद बंधुओं को भोजन प्रसादी उपलब्ध करवाई जा रही है, आप अपने परिजनों की पुण्य तिथि, जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर इस सेवा का लाभ उठा सकतें है। इच्छुक समाज बंधु तिथि की उपलब्धता एवं अधिक जानकारी के लिए संयोजक **श्री विकास मोहता** 9414072094 पर सम्पर्क कर सकते है।

24. **निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा :** मानव सेवा में समर्पित एम्बुलेंस की सेवायें समाज के सभी परिवारों के लिए उपलब्ध है। इस सेवा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेन्टर, निर्माण नगर, जयपुर को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

25. **महेश बैंकुठ रथ:** मानव सेवा में समर्पित महेश बैंकुठ (मोक्ष वाहिनी) की सेवायें समाज के सभी बन्धुओं को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। इस सेवा को सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।

26. **व्हाट्सअप नम्बर की सेवायें प्रारम्भ :** व्हाट्सअप नम्बर 01412623500 की सेवायें प्रारम्भ कर दी गई है। उक्त सेवा का समाज बन्धु न केवल लाभ उठा रहे हैं, वरन् इस सेवा के चालू होने के बाद से कार्यालय में आने–जाने में श्रम एवं समय की भी बचत हो रही है।

27. **लेखों का अंकेक्षण:–** मैसर्स बी.पी. मूंदड़ा एण्ड कम्पनी (सी.ए.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लेखों का अंकेक्षण किया जा चुका है। आन्तरिक

अंकेक्षण मैसर्स दिलीप मोहता एण्ड कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के माह सितम्बर, 2025 तक किया जा चुका है।

28. **आयकर की धारा 80G-** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर को दी जाने वाली दान राशि पर आयकर की धारा **80जी** के अन्तर्गत छूट प्राप्त होती है।

29. **समाज परिसम्पत्तियों का किराया प्रबंधन-** समाज को दान में मिली हुई एवं किराए पर चल रही परिसम्पत्तियों के प्रबंधन एवं देखरेख **समाज भवन मंत्री श्री कमलेश लढ्ढ़ा** द्वारा किया जा रहा है। समाज को दान में मिली हुई सम्पत्तियाँ इस प्रकार हैं : (1) परतानियों का रास्ता की सम्पत्ति– श्री बुलाकी चन्द मालपानी (भेंट–1954 में) (2) पितलियों का चौक की सम्पत्ति– श्री कल्याणबक्स, अंचीबाई मणिहार (भेंट–1964 में) (3) जोबनेर की सम्पत्ति– श्री रामस्वरूप साबू (भेंट–1972 में) (4) ऑफिर्स कॉलोनी, वैशाली नगर की सम्पत्ति– श्री सत्यनारायण हिंगड़ (भेंट–2022 में) (5) सुदामा नगर की सम्पत्ति– श्री चांदमल राठी (भेंट–2025 में)

30. **100वाँ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का 100वाँ वार्षिकोत्सव सूर्यसप्तमी मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 को माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' विद्याधर नगर, जयपुर में सम्पन्न हुआ। आयोजित 'प्रतिभा सम्मान' में खेलकूद, शैक्षणिक, सामाजिक, शिक्षा, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं चिकित्सा आदि क्षेत्रों की लगभग 60 से अधिक प्रतिभाओं को समाज द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति–पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया एवं महेश सेवा कोष में स्थापित कोषों से लगभग 75 प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मान स्वरूप चैक व प्रशस्ति–पत्र कोष स्थापितकर्ताओं के द्वारा संबंधित विद्यालय द्वारा भिजवाये गये।

31. **कवि सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन -** दिनांक 16 मार्च, 2025 को 'होली स्नेह मिलन के अवसर पर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, जयपुर के तक्षशिला ऑडिटॉरियम् में आयोजित किया गया। प्रख्यात कविगण काव्य पाठ किया गया साथ समाज बन्धुओं स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया। कार्यक्रम **श्री संदीप मूंदड़ा** के संयोजन में आयोजित किया गया।

32. **महेश नवमी महोत्सव-** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपना वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी बुधवार दिनांक 04 जून, 2025 को महोत्सव के रूप में अनेक कार्यक्रमों के साथ उमंग व उल्लास से मनाया गया साथ ही श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर द्वारा सांस्कृतिक संध्या मधुरम् कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। माहेश्वरी जाति का उत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' के शुभ अवसर पर प्रातः 8.30 बजे चौड़ा रास्ता स्थित भवन में विराजमान भगवान महेश के चित्र की विशेष पूजा–अर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ। सायंकाल महेश भगवान की शोभा यात्रा माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर से प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में केसरिया परिधान में सुसज्जित महिलाएँ तथा सफेद धोती–कुर्ता व केसरिया दुपट्टा धारण किये पुरुष चल रहे थे। श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव', विद्याधर नगर में भगवान महेश की महाआरती की गई। कार्यक्रम में महेश सेवा कोष के लिए राशि प्रदान करने वाले भामाशाहों को बधाई पत्र, दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात् प्रसादी का आयोजन किया गया। संयोजक **श्री चन्द्र मोहन कासट** तथा कोषाध्यक्ष **श्री अशोक फलोड़** सह संयोजक **श्री निलेश भूतड़ा** एवं **श्री गोविन्द राठी** रहे।

33. **सामूहिक गोठ एवं महेश मेला-** रविवार, दिनांक 14 सितम्बर, 2025 को विद्याधर नगर स्टेडियम में 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में माहेश्वरी परिवारों ने भाग लेकर मेले व स्वादिष्ट दाल–बाटी–चूरमे का आनन्द प्राप्त किया। बादाम के चूरमे को समाज बंधुओं ने खूब सराहा तथा वृद्धजनों की सेवा हेतु 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को घर पर प्रसादी पहुचांने की व्यवस्था भी की गई और समाज बन्धुओं के लिए ऑन लाईन टिकट की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। जो समाज के इतिहास में पहली बार हुआ। मेले में खाद्य सामग्री, गेम्स, डिस्प्ले आदि की अनेक स्टॉल्स लगाई गईं एवं मनोरंजन के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। स्वादिष्ट प्रसादी का करीब 12 हजार समाज बन्धुओं ने आनन्द प्राप्त किया। गोठ संयोजक **श्री नवीन सोमानी, नवीन मूंदड़ा** तथा गोठ कोषाध्यक्ष **श्री श्याम झंवर** रहे।

34. **माहेश्वरी भारत गौरव व माहेश्वरी समाज रत्न सम्मान 2025 -** समारोह की श्रृखंला में दिनांक 14 सितम्बर, 2025 को सामूहिक गोठ एवं महेश मेले के अवसर पर अनूठी सज्जायुक्त समारोह में हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति में देश के सुप्रसिद्ध समाजसेवी विभूतियों में से **श्री लक्ष्मी नारायण सोमानी** (मुम्बई), **श्री अशोक सोमानी** (हैदराबाद) एवं **श्री जुगल किशोर बिड़ला** (मेड़ता सीटी) को माहेश्वरी भारत गौरव सम्मान तथा **श्री गिरधर गोपाल मूंदड़ा, श्री शिवरतन चितलांग्या** एवं **श्री सुनील अजमेरा** को माहेश्वरी समाज रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा ऐसा कार्यक्रम था जो कि समाज अध्यक्ष **श्री उमेश सोनी** एवं समाज महामंत्री **सीए. रोहित परवाल** तथा उनकी टीम की भावना को दर्शाता है, जिसने पूरे देश में माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रतिष्ठा में वृद्धि की।

35. **दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव-** रविवार, दिनांक 26 अक्टूबर, 2025 को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर प्रांगण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह के अन्तर्गत भक्ति संगीत संध्या तथा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गिरिराज पर्वत की झांकी एवं विशेष झांकी (छप्पन भोग सहित) सजाई गई व महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 5,000 समाज बंधुओं ने सम्मिलित होकर अन्नकूट प्रसादी का आनन्द लिया। अन्नकूट महोत्सव के **श्री अतुल लोहिया** संयोजक, कोषाध्यक्ष **श्री दामोदर फलोड़**, सहयोगकर्ता संयोजक **श्री शैलेश फलोड़,** टिकट संयोजक **श्री रवि चाण्डक** रहे।

समाज के इतिहास में कार्यकारिणी सत्र 2025–28 में पहल चलाई गई जिसके तहत समाज सेवा में वर्षों से अनवरत नि–स्वार्थ समर्पित विभूतियों **श्री नंदकिशोर जी चितलांग्यि, श्री अम्बिका प्रसाद जी भण्डारी** एवं **श्री रामदास जी कोठ्यारी** को **''सेवा श्री सम्मान''** से सम्मानित किया गया।

36. **दिवाली क्विज-2025 -** समाज द्वारा माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के तक्षशिला सभागार में पहली बार दीवाली क्विज का आयोजन किया गया जिसमें ख्याति प्राप्त **श्री महेन्द्र जी सुराना** का व्याख्यान रहा उनके द्वारा रोचक तरह से प्रश्न पूछ कर सभी को रोमांचित किया गया।

37. **विश्व मधुमेह दिवस पर टॉक शो 2025 -** जयपुर के सुप्रसिद्ध एंडोक्रिनोलॉजिस्ट **डॉ. शैलेष लोढ़ा** द्वारा डायबिटीज के कारण, रोकथाम एवं आधुनिक निदान पद्धतियों पर विस्तृत और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

38. **विशाल मेडिकल शिविर 2025 -** समाज एवं EHCC के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिनांक 14 दिसम्बर, 2025 को एमपीएस इन्टरनेशनल स्कूल के सान्दीपनि सभागार में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक समाज बन्धुओं ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया तथा 775 से अधिक विभिन्न चिकित्सकीय जाँचें निःशुल्क की गई। यह कार्यक्रम श्री ओ.पी.दरगड़ फाउंडेशन के सौजन्य से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक **श्री सत्यनारायण मोदानी, श्री मोहन तोषनीवाल** की देखरेख में हुआ।

**39. रामदास राठी मार्ग का अनावरण**– 21 दिसम्बर, 2025 को तिलक नगर में स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के समीप के मार्ग का नामाकरण अब रामदास राठी मार्ग के रूप में हुआ। यह नामकरण समाजसेवी एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री रामदास राठी की स्मृति में किया गया, जिनका शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है।

**40. साधारण सभा 2025** – समाज के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए दिनांक 28 दिसम्बर, 2025 को श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा पहली बार साधारण सभा का आयोजन किया गया। यह सभा समाज में पारदर्शिता, सहभागिता एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही। यह सभा माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर, जयपुर के लाहोटी सभागार में समाज अध्यक्ष **श्री उमेश सोनी** की अध्यक्षयता में सम्पन्न हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन कहा कि साधारण सभा समाज के प्रत्येक सदस्य को निर्णय प्रक्रिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम है तथा यह आयोजन समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। समाज महामंत्री **सीए. रोहित परवाल** ने सभा में समाज की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर सुझाव सुनकर विस्तृत चर्चा की।

**41. महेश अस्पताल ( मुख्य संरक्षक श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )**– वर्ष 2025 में महेश अस्पताल में ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी) संख्या 30655, भर्ती रोगियों की संख्या 2027 रही। अस्पताल परिसर में लगभग राशि 24 लाख रूपये की लागत से तृतीय तल पर 5000 वर्गफीट का टीनशेड लगवाया गया। जिसमें अध्यक्ष–**श्री तेजप्रकाश रांधड़** एवं सचिव– **श्री ओम प्रकाश मांधना** है।

**निम्नलिखित महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का विचार एवं प्रारम्भ प्रस्तावित है :**

**1. मल्टी स्पेशलिटी वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल :** समाज का उद्देश्य एक ऐसे अत्याधुनिक मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना करना है, जहाँ उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएँ सुलभ एवं किफायती दरों पर उपलब्ध हों। सभी प्रमुख चिकित्सा विभागों की सुविधा एक ही छत के नीचे, समाज बन्धुओं एवं आमजन के लिए रियायती उपचार, आधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सक एवं नैतिक चिकित्सा व्यवस्था हो। यह अस्पताल समाज की सेवा भावना का जीवंत उदाहरण होगा।

**2. माहेश्वरी युवाओं के लिए सहकार्य स्थान (Co-Working Space) :** समाज के युवाओं को एक साझा कार्यस्थल उपलब्ध कराने का उद्देश्य है, जहाँ वे पढ़ाई, रिसर्च, फ्रीलांसिंग एवं डिजिटल कार्य कर सकें आपस में विचारों का आदान–प्रदान कर सकें। मार्गदर्शन एवं नेटवर्किंग के अवसर प्राप्त कर सकें। यह स्थान युवाओं की रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता को नई दिशा देगा।

**3. स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर :**नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु समाज द्वारा स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना का विचार है। नए उद्यमियों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं मेंटरशिप बिज़नेस प्लानिंग, फंडिंग एवं कानूनी सहायता सफल उद्यमियों के अनुभवों से सीखने का अवसर इससे समाज के युवा आत्मनिर्भर बनेंगे एवं रोजगार सृजन में योगदान देंगे।

**4. वरिष्ठ नागरिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान केन्द्र :**वरिष्ठ समाज बन्धुओं के लिए एक विशेष केन्द्र की परिकल्पना है, जहाँ सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ हों अनुभव साझा करने एवं सामाजिक सहभागिता के अवसर मिलें एकाकीपन दूर हो और सम्मानपूर्ण वातावरण बने यह केन्द्र वरिष्ठजनों के ज्ञान एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा।

**5. महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु व्यापार एवं कुटीर उद्योग :**समाज की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, सिलाई आदि का प्रशिक्षण उत्पादों के विपणन एवं ब्रांडिंग में सहयोग स्वरोजगार एवं लघु व्यापार के अवसर इस पहल से महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज की आर्थिक शक्ति बढ़ेगी।

**6. व्यापार एवं रोजगार प्रकोष्ठ :** समाज के युवाओं एवं व्यवसायियों के लिए एक संगठित प्रकोष्ठ का गठन प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना व्यवसायिक मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग योग्य युवाओं को सही मंच से जोड़ना यह प्रकोष्ठ समाज के मानव संसाधन को सशक्त बनाएगा।

**7. आपसी व्यापार हेतु व्यापार मंच का सृजन :** समाज के व्यापारियों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए एक संगठित व्यापार मंच का निर्माण "पहले समाज में व्यापार" की भावना को प्रोत्साहन नेटवर्किंग मीट, व्यापार मेलों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास इससे समाज के भीतर आर्थिक सुदृढ़ता एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी।

**8. UPSC एवं Judicial Services Guidance Centre विवरण :** आज का युग ज्ञान, अनुशासन और सतत मार्गदर्शन का युग है। देश की सर्वोच्च प्रशासनिक एवं न्यायिक सेवाओं जैसे UPSC (IAS, IPS, IFS) तथा Judicial Services (Civil Judge, Judicial Magistrate आदि) में चयन केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही दिशा, रणनीति और निरंतर मार्गदर्शन से संभव होता है। इसी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए समाज द्वारा UPSC एवं Judicial Services Guidance Centre की स्थापना का प्रस्ताव है।

उपरोक्त सभी योजनाएँ श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर को सेवा, स्वावलम्बन, समृद्धि और संस्कार की दिशा में एक नई ऊँचाई पर ले जाने का संकल्प हैं। इन योजनाओं की सफलता समाज बन्धुओं के सहयोग, सुझाव एवं सहभागिता से ही संभव है।
आइए, हम सभी मिलकर समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनें।
सादर जय महेश।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## समाज कार्यकारिणी सत्र 2025-28

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (वित्त)

**निर्मल दरगड़**
उपाध्यक्ष (शिक्षा)

**भवानी शंकर बाहेती** – संयुक्त मंत्री
**रामअवतार काबरा** – संयुक्त मंत्री
**कमल सोमानी** – महासचिव शिक्षा
**वैभव सोमानी** – शिक्षा सचिव (MPS, T.N.)
**सीए. संजय बांगड़** – शिक्षा सचिव (MPS, J.N.)
**एड. द्वारका दास मालू** – शिक्षा सचिव (MBV)
**आशीष जाखोटिया** – शिक्षा सचिव (MGPS)
**सीए. शरद काबरा** – शिक्षा सचिव (MPS, P.N.)
**एड. मनीष गगरानी** – शिक्षा सचिव (MCCA, P.N.)
**सीए. राधा मोहन कचौलिया** – शिक्षा सचिव (MPS Int., T.N.)
**सुरेन्द्र काबरा** – शिक्षा सचिव (MPS, Ajmer Road)
**आशीष मंत्री** – शिक्षा सचिव (MPS, Kalwar Road)
**एडवोकेट प्रकाश बिड़ला** – शिक्षा सचिव (MPS, Sanskriti)
**ओम प्रकाश सोढ़ानी** – शिक्षा सचिव (MPS, Sanskriti, Jagatpura)
**सीए. नटवर सारड़ा** – अर्थ मंत्री
**सुशील जाजू** – कोषाध्यक्ष (समाज)
**अरूण कुमार मालू** – कोषाध्यक्ष (शिक्षण संस्थाएँ)
**देवेन्द्र झंवर** – संगठन मंत्री
**विजय सारड़ा** – प्रचार मंत्री
**बजरंग लाल सोमानी** – भंडार मंत्री
**कमलेश लढ्ढा** – भवन मंत्री (समाज)
**अजय नोवाल** – भवन मंत्री (MPS, TN)
**प्रवीण लढ्ढा** – भवन मंत्री (MPS, J.N.)
**हरिकिशन बाहेती** – भवन मंत्री (MBV)
**दामोदर फलोड़** – भवन मंत्री (MGPS)
**अशोक अजमेरा** – भवन मंत्री (MPS, P.N.)
**सतीश कुमार सारड़ा** – भवन मंत्री (MPGC, P.N.)
**गोविन्द मालपानी** – भवन मंत्री (MPS Int., T.N.)
**गिरिराज लढ्ढा** – भवन मंत्री (MPS, Ajmer Road)
**रवि पेड़ीवाल** – भवन मंत्री (MPS, Kalwar Road)
**राजीव बागड़ी** – भवन मंत्री (MPS, Sanskriti)
**दीपक लढ्ढा** – भवन मंत्री (MPS, Sanskriti, Jagatpura)
**अनिल कोठ्यारी** – सांस्कृतिक मंत्री
**श्याम सुन्दर जाजू** – विवाह प्रकोष्ठ मंत्री
**डॉ. महेश भूतड़ा** – स्वास्थ्य मंत्री
**सत्यनारायण करवा** – वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री
**संदीप मूंदड़ा** – महेश सेवा कोष मंत्री

अमित कुमार लढ्ढा
अनिल कचौलिया
अनिल कुमार अजमेरा (गोवर्धन)
सीए. अनिल सारड़ा
अनुज मूंदड़ा
अरूण बाहेती
आशीष मालपानी
अशोक कुमार खटोड़ (मुरलीपुरा)
अशोक कुमार मालू
अशोक परवाल
अश्वनी जैथलिया (सी.पी.)
चन्द्र प्रकाश धूत (सी.पी.)
चन्द्र प्रकाश लखोटिया
चेतन प्रकाश मूंदड़ा
दीपक बिड़ला
दीपक सारड़ा (कम्प्यूटर इंजीनियर)
द्वारकादास नोवाल
सीए. गणेश बांगड़
घनश्याम कचौलिया
गिरिश लढ्ढा
गिर्राज राठी
जितेन्द्र कुमार फलोड़
ज्योति तोतला
कमल जाखोटिया
सीए. लोकेश कासट
मधुसूदन बिहाणी
महेश चांडक
मनीष जाजू
मनीष मांधना
मुकेश बाहेती
मुकेश कालानी
मुकेश राठी
मुरारीलाल बिड़ला
नवरतन झंवर
पवन बजाज
प्रमोद हुरकट
संदीप कचोलिया
संदीप साबू
सत्यनारायण काबरा
सौरभ मालपानी
श्याम लाल मालपानी
श्याम सुन्दर तोतला
सुमित काबरा
सुमित मनिहार
सुनील कुमार अजमेरा
सुनील मालपानी
सुनील साबू
सुशील (शंटी) चितलांग्या
विपिन साबू
केदार मल भाला (पदेन सदस्य)

# दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर


**माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003**

प्रशासनिक कार्यालय : माहेश्वरी पब्लिक स्कूल इन्टरनेशनल ( MPS इन्टरनेशनल ),

भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर-302004

**Email :** ecmsgs@hotmail.com • **Website** : www.ecmsjaipur.com





उमेश सोनी

अध्यक्ष

मो. 98290 59157


## सोसायटी के अन्तर्गत सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय की जानकारी




कमल सोमानी

महासचिव शिक्षा

मो. 98290 69497


श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के अन्तर्गत दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर ''राजस्थान सोसाइटीज एक्ट 1860'' के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था है। इसका पंजीयन क्रमांक 96/1956–57 हैं। शताब्दी अमृत वर्ष में प्रवेश करते हुए, शिक्षा समिति का संकल्प और भी मजबूत हुआ है। इसका उद्धेश्य एक ऐसे उज्ज्वल भविष्य की ओर बढना है, जहाँ ज्ञान, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों को एक साथ बढावा दिया जाए, ताकि आने वाली पीढियाँ सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित सार्थक शिक्षा प्रदान करने हेतु गठित यह सेवाभावी संस्था निरन्तर शैक्षिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए वर्तमान में जयपुर में निम्न दस शिक्षण संस्थाओं एवं एक महाविद्यालय का कुशलता पूर्वक संचालन कर रही है, जिनमें वर्तमान में 23260 शिक्षार्थी लाभान्वित हो रहे हैं : :

| School | Mps-tn | Mps-Jn | mbv | mgps | Mps-Pn | Mps-Int. | Mps-Kr | Mps-Bagru | Mps-Sansk.Pr. School, Bp | Mps-Sanskriti Jagatpura | College |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Establish | 1936 | 16.07.77 | 1985 | 18.04.01 | 28.04.08 | 2014 | 01.05.18 | 2014 | 09.07.18 | 28.05.22 | 13.07.10 |
| Meduim | English | English | English | English | English | English | English | English | English | English | English |
| Class | Nursery to XII | Nursery to XII | I to XII | Nursery to XII | Nursery to XII | I to XII | Nursery to XII | Nursery to XII | Nursery-Second | Nursery-KG-PREP | Graduation & P.G. |
| Education | Co-Edu. | Co-Edu. | Girls | Girls | Co-Edu. | Co-Edu. | Co-Edu. | Co-Edu. | Co-Edu. | Co.-Edu | Co.-Edu |
| Students | 2245 | 4179 | 1740 | 3732 | 2910 | 3369 | 3069 | 1233 | 442 | 223 | 118 |
| Board | CBSE | CBSE | RBSE | CBSE | CBSE | CBSE | CBSE | CBSE | - | - | University |
| X Result | 100% (RBSE) | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% | - | - | - |
| 90 % + (x) | 14 | 99 | 36 | 124 | 87 | 70 | 47 | 7 | - | - | - |
| XII Result | 100% (RBSE) | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% | 99.40 % | 100% | - | - | - |
| 90 % + (XII) | 27 | 52 | 48 | 99 | 34 | 53 | 19 | 9 | - | - | - |

विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा परिणाम संख्यात्मक व गुणात्मक दृष्टि से उल्लेखनीय रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों का विवरण निम्नानुसार है :

| Class | Mps-tn | Mps-Jn | mbv | mgps | Mps-pn | Mps-Int. | Mps-Kr | Mps-Bagru | College |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| X | नन्दिनी खींची 96.83 | आयुष जाजू 98.20 | उनीषा अग्रवाल 98.67 | वर्षा झुनझुनवाला 99 | लक्ष्य मेहरा 98.40 | कन्या बसैला आश्विका मंत्री 98.80 | यज्ञ शर्मा 98.40 | भूमिका चौधरी 93.20 | B.A. आरती 72.72 B.Com दीपिका नामदेव 65.61 |
| XII Sci. | योगराज नारनिया 95.20 | सहजप्रीत सिंह सेठी 95.80 | इफरा खान 97.40 | सोहा अली 96.80 | दिव्यांश अग्रवाल 95.20 | कार्तिकेय शर्मा 96.20 | पार्थ राजोरिया माधव खेतान 94.40 | रिषभ चतुर्वेदी 91.80 | B.B.A. चांदनी जैन 72.28 B.Sc. किरण चोपड़ा 81.19 |
| XII Com. | खुशनुमा बानो 93.20 | सक्षम जैन 97.60 | कीर्ति चट्टानी 96.20 | राशि धूत 98.60 स्वस्ति गोलछा 98.60 | रक्षित जयसवाल 96.40 | अंशिता मांधना 99.40 | ब्रजेश्वरी कट्टा 96.60 | खुशी जैन 98.40 | M.Com कंचन तिवारी 65.89 |
| XII Hum. | वेदांशी शर्मा 96.00 | आदित्य गर्ग 98.80 | — | सनिका चौधरी 99.20 | अभिनव अग्रवाल 95.60 | माया गोस्वामी 97.47 | प्रियल चौधरी 99.00 | रुद्रांश भारद्वाज 96.00 | M.A. (Eng) करीना बरवल 78.11 |

## सोसायटी द्वारा विभिन्न कार्यों का सुदृढ़ व पारदर्शी सम्पादन :

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज ( सोसायटी ), जयपुर के द्वारा कुशल संचालन एवं प्रबन्धन की दृष्टि से निम्न समितियों का गठन किया गया है, जो कि पारदर्शिता के साथ विधिवत रूप से कार्य संपादित कर रही हैं :

| समिति का नाम | चेयरमैन/वाईस चेयरमैन | संयोजक/कॉर्डिनेटर/सचिव | सदस्यगण |
|---|---|---|---|
| केन्द्रीय परीक्षा समिति (CEC) | – | सीए. सौरभ मालपानी<br>सीए लोकेश काबरा | – |
| मानव संसाधन एवं साक्षात्कार कमेटी | – | श्री प्रदीप चांडक | श्री दीपक शारदा |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) विद्यालय सामग्री | श्री निर्मल दरगड<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री अरविन्द मालपानी |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) भवन सामग्री | श्री निर्मल दरगड<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री अरविन्द मालपानी<br>श्री मनीष भूतड़ा<br>श्री श्याम सुन्दर भण्डारी |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) विद्यार्थी एवं स्टॉफ गणवेश | श्री निर्मल दरगड<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री अरविन्द मालपानी<br>श्री रामेश्वर सोनी<br>श्री रमेश जी सोमानी (चित्रा) |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी | श्री निर्मल दरगड<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री दीपक सारडा<br>श्री अरविन्द मालपानी<br>श्री अविनाश कालानी<br>श्री आनन्द मालपानी<br>श्री मुरारी सोमानी |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) निर्माण पर्यवेक्षण | चेयरमैन :<br>श्री उमेश सोनी (अध्यक्ष)<br>वाईस चेयरमैन :<br>श्री निर्मल दरगड उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री नवल चौधरी<br>श्री मुकेश सोनी<br>श्री जितेन्द्र बिहाणी<br>श्री हरीश शर्मा |
| केन्द्रीय क्रय समिति (CPC) पेपर | श्री निर्मल दरगड<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | श्री अरविन्द मालपानी |
| बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान निर्माण समिति, निर्माण नगर | श्री प्रमोद हुरकट<br>श्री सुनील मालपानी | सचिव : श्री मनीष जाजू<br>सचिव : श्री घनश्याम फलोड<br>कार्डिनेटर : श्री मुकेश सोनी | |
| निर्माण पर्यवेक्षक समिति | अध्यक्ष : श्री उमेश सोनी<br>वाईस चेयरमैन :<br>श्री निर्मल दरगड,<br>उपाध्यक्ष (शिक्षा) | श्री सत्य नारायण काबरा (श्रीमाधोपुर)<br>श्री गोपाल लाल मालपानी | |
| महेश उच्च शिक्षा सहायता कोष समिति | | श्री निर्मल दरगड, उपाध्यक्ष (शिक्षा)<br>श्री रमेश मणिहार, समाज संरक्षक<br>श्री मनोहर लाल सारडा, समाज संरक्षक<br>श्री सत्य नारायण काबरा (अम्बाबाडी)<br>सीए पी.डी. करनानी<br>सीए. नटवर कुमार सारडा | |

## 1. शैक्षणिक दृष्टिकोण

- **विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन :**

  भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुसार सोसायटी के अन्तर्गत संचालित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल–जवाहर नगर, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल–विद्याधर नगर एवं माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर जयपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ किया गया।

- **एम.पी.एस. संस्कृति प्राइमरी स्कूल, बनीपार्क को शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता :**

  जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक, जयपुर ने पत्रांक : जिशिअ/मु./प्रा.शि./जय/फा– मान्यता/25-26/2327 दिनांक 16 सितम्बर, 2025 के द्वारा एम.पी.एस. संस्कृति प्राइमरी स्कूल को सत्र 2025-26 से अंग्रेजी माध्यम एवं सहशिक्षा के अन्तर्गत मान्यता प्रदान कर दी है। विद्यालय का मान्यता कोड : RJJAI36286 है।

## 2. सह-शैक्षणिक दृष्टिकोण

- **सोसायटी स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन :**

प्रकृति से रूबरू और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), बच्चों में योग के प्रति जागरूकता एवं अरस्तू के कथन ''स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है'' की सार्थकता को जीवन में चरितार्थ करने हेतु सोसायटी द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं द्वारा दिनांक 21 जून, 2025 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **स्वाधीनता दिवस समारोह, 2025 का आयोजन :**

सोसायटी द्वारा स्वाधीनता दिवस समारोह का आयोजन मंगलवार दिनांक 15 अगस्त, 2025 को प्रातः 9:00 बजे माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस पावन पर्व पर मुख्य अतिथि डॉ. अरूण जी चतुर्वेदी, अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग व विशिष्ट अतिथि श्री नितिन जी गिलडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की थीम ''शौर्य गाथा–कर्मक्षेत्र से रणक्षेत्र'' के अनुसार सजी भव्य झाँकियाँ–बांग्लादेश युद्ध विभाजन 1971, कारगिल विजय 1999, सर्जिकल स्ट्राइक 2016, पुलवामा बलिदान व एयर स्ट्राइक 2019, ऑपरेशन सिन्दूर व राधा–कृष्ण की रसमयी छटा का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे।

- **शिक्षक दिवस समारोह, 2025 का आयोजन :**

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह, 2025 का आयोजन शुक्रवार 5 सितम्बर, 2025 को MPS जवाहर नगर के तक्षशिला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग, राजस्थान सरकार के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में SMS मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी उपस्थित रहे।

## 3. प्रशासनिक दृष्टिकोण

- **माहेश्वरी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेंज एंड रिसर्च सेन्टर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह :**

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बुधवार दिनांक 30 अप्रैल, 2025 को सोसायटी की महत्वपूर्ण परियोजना ''माहेश्वरी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेन्टर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्री हरि मोहन जी बांगड (चेयरमैन–श्री सीमेन्ट) एवं विशिष्ट अतिथि माहेश्वरी महासभा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर जी सोनी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

- **6 दिवसीय फैकल्टी डवलपमेन्ट कार्यशाला का आयोजन :**

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 16 जून से 21 जून, 2025 के दौरान विद्यालयों में कार्यरत स्टॉफ के लिए 6 दिवसीय Faculty Development Program, 2025 का आयोजन माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर प्रांगण में किया गया। इस कार्यशाला को Mystic Brains के संस्थापक व निदेशक श्री विक्रम शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने अनेक गतिविधियों तथा तकनीकों के माध्यम से शिक्षकवृंद को पाठ्यक्रम के साथ साथ शिक्षार्थियों में भारतीय संस्कृति के पावन मूल्यों का बोध कराने व शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रोचक बनाने के लिए नवाचारों पर विशेष बल दिया।

- **माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में वर्ग परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन हेतु आवेदन :**

माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जयपुर की प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव को दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर की सभा में स्वीकृति के उपरान्त विद्यालय को वर्ग परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई। इस निर्णय की अनुपालना में विद्यालय को बालिका शिक्षा के स्थान पर सह शिक्षा (Co-Education) तथा विद्यालय का नाम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल किए जाने हेतु माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा चुका है।

- **एम.पी.एस. मैराथन 2.0 का आयोजन :**

प्रकृति से रूबरू और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के तत्वावधान में रविवार दिनांक 27 अप्रैल, 2025 को mps Marathon 2.0 (Run for Happiness) का आयोजन किया गया। मैराथन का आगाज फ्लैग ऑफ़ के साथ अल्बर्ट हॉल से मुख्य अतिथि श्रीमती सौम्या गुर्जर, मेयर, नगर निगम (ग्रेटर) द्वारा किया गया तथा उन्होंने स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई। मैराथन के दौरान लगभग 10,000 से अधिक लोगों द्वारा एक साथ राम स्तुति प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। 'फिटनेस रन (21 किमी) के प्रथम विजेता को 11,000 रुपए, द्वितीय विजेता को 7100 रुपए व तृतीय विजेता को 5100 रुपए से पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल व रिफ्रेशमेंट वितरित किए गए।

- **केन्द्रीय कार्यालय में पदों का सृजन एवं नियुक्ति :**

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर के अन्तर्गत संचालित शिक्षण संस्थाओं के सुव्यवस्थित संचालन, बढती शैक्षणिक गतिविधियों, संस्थानों के विस्तार एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सुदृढता को सुगम व प्रभावी करने के उद्देश्य से केन्द्रीय कार्यालय के अन्तर्गत निदेशक (वित्त), शैक्षणिक सलाहकार, उप निदेशक इत्यादि पदों का सृजन कर इन पदों पर आवश्यक नियुक्तियाँ की गई हैं जिससे संस्थानों के लिए एक आधुनिक, अनुशासित एवं प्रभावी प्रशासनिक ढाँचा विकसित होगा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा सभी शिक्षण संस्थाएँ शैक्षणिक एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ सकेंगी।

- **नया ERP साफ्टवेयर प्रभावी :**

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर द्वारा सोसायटी के अन्तर्गत संचालित शिक्षण संस्थाओं के लिए नया ERP साफ्टवेयर प्रभावी किया गया है जिसमें निम्नांकित मॉडयूल्स है :

| शैक्षणिक प्रबन्धन (Academic Management) | प्रशासकीय प्रबन्धन (Administrative Management) |
|---|---|
| प्रवेश मॉड्यूल | लेखा एवं वित्त मॉड्यूल |
| शैक्षणिक मॉड्यूल | एम.आर. एवं पेरोल मॉड्यूल |
| पूर्व एवं प्रश्न पत्र परीक्षा मॉड्यूल | खरीद (Purchase) मॉड्यूल |
| शुल्क प्रबन्धन (Fee Management) | स्टोर एवं इन्वेंटरी प्रबन्धन, पुस्तकालय प्रबंधन |
| ई–लर्निंग एवं असाइनमेन्ट मॉड्यूल | सम्पत्ति प्रबधन (Asset Management) Principal & Management |
| फैकल्टी एवं छात्र प्रबन्धन | फाईल टैकिंग सिस्टम, मीटिंग प्रबन्धन |
| प्रमाण पत्र प्रबन्धन | मोबाइल एप/डैशबोर्ड (छात्र व कर्मचारी) |
| विद्यार्थी, फैकल्टी एवं स्टॉफ मॉड्यूल | कृत्रिम बुद्धिमता (AI) मॉड्यूल (Chatbot) |
| केन्द्रीय भण्डारण/संग्रहण मॉड्यूल | डायनेमिक बेबसाईट अपडेट मॉड्यूल, काल सेन्टर |
| कोडिंग व डीकोडिंग मॉड्यूल | आडियों लैंग्वेज मॉनिटर, पेरेन्ट मीटिंग मॉड्यूल |
| डिजीटल परीक्षा व मूल्यांकन मॉड्यूल | यातायात मॉड्यूल, शिकायत निस्तारण मॉड्यूल |

- **महेश उच्च शिक्षा सहायता संबंधी नियमों का सरलीकरण :**

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर द्वारा मेधावी व जरूरमंद स्वजातीय विद्यार्थियों को उच्च, तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा तथा RPSC/UPSC/Judicial Services की कोचिंग हेतु पूर्णतया ब्याजमुक्त आर्थिक सहयोग संबंधी नियमों का सरलीकरण की रूपरेखा को अंतिम स्वरूप प्रदान करते हुए इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा को भी सम्मिलित किया जा रहा है।

## 4. निर्माण कार्य

- **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर :**

विद्यालय परिसर में 29 हजार वर्गफीट एरिया में नव निर्मित पूर्व प्राथमिक अनुभाग व कल्चर सेन्टर का लोकार्पण शुक्रवार दिनांक 23 मई, 2025 को केन्द्रीय पर्यटन मंत्री माननीय गजेन्द्र सिंह जी शेखावत व समाज के भामाशाह श्री ज्योति जी माहेश्वरी विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस कल्चरल सेन्टर में Pre Primary wing, Incubation Center for skill development, Activity Hall, Library and Open Library, Multipurpose hall का प्रावधान किया गया। विद्यालय परिसर में शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन केन्टीन का निर्माण किया गया। कला संकाय हेतु कला प्रयोगशाला की स्थापना की गई। सात नए कक्षा कक्षों का सृजन किया गया।

- **माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर :**

संस्कृति विद्यालय के नवीनीकरण में स्वागत कक्ष, इंचार्ज रूम, कॉर्डिनेटर एण्ड काउन्सलर रूम, रोल प्ले रूम, मल्टीपरपज हॉल तथा कक्षा कक्ष तैयार करवाए गए। सभी तलों के बाथरूम का नवीनीकरण करवाया गया। बुकशॉप व गणवेश काउन्टर का निर्माण किया गया। बुकशॉप के सामने कोर्टयार्ड में Kids Play area भी बनवाया गया।

- **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड :**

संस्कृति विद्यालय के कक्षा कक्षों का नवीनीकरण तथा एल शेप कॉरिडेर तैयार करवाया गया।

- **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर:**

पूर्व प्राथमिक अनुभाग के नवीन भवन का लोकार्पण रविवार दिनांक 18 मई, 2025 को गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह जी बेढम व प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी श्री राजकिशोर जी मालपानी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

- **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कालवाड रोड :**

शुक्रवार दिनांक 06 जून, 2025 को नव निर्मित तरणताल का लोकार्पण श्री जयदीप जी बिहाणी, विधायक श्री गंगानगर के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। विद्यालय की पार्किंग एरिया व संस्कृति की तरफ के एरिया में बारिश व धूप इत्यादि से बचाव हेतु शेड़ का निर्माण करवाया गया।

- **एम.पी.एस. इन्टरनेशनल, तिलक नगर :**

विधालय के खेल मैदान में बॉक्स क्रिकेट सुविधा व मल्टी एक्टिविटी जोंन का निर्माण करवाया गया। खेल मैदान क्षैत्र में स्पोर्ट्स रूम का भी निर्माण करवाया गया।

- **माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर :**

प्रथम तल पर स्थित प्राथमिक अनुभाग के सात कक्षा कक्षों का नवीनीकरण कार्य करवाया गया। विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कक्षा–कक्षों, गलियारों, प्रवेश द्वारों, कार्यालय एवं अन्य महत्वूपर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए।

- **माहेश्वरी बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल, चौडा रास्ता :**

विद्यालय में तीन नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण करवाया गया तथा बेसमेन्ट एरिया बुकशॉप व ड्रेस काउन्टर का निर्माण किया गया।

- **एम.पी.एस. संस्कृति, जगतपुरा :**

बच्चों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए स्विमिंग पूल का निर्माण किया गया तथा स्केटिंग रिंग का निर्माण किया गया।

## 5. उपलब्धियाँ

### माहेश्वरी शिक्षा समिति की दो शिक्षण संस्थाएँ 'एज्यूकेशन वर्ल्ड' द्वारा सम्मानित :

- एज्यूकेशन वर्ल्ड द्वारा सत्र 2025–26 के लिए इण्डिया स्कूल रैकिंग में ''गर्ल्स डे स्कूल'' श्रेणी के अन्तर्गत माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय स्तर पर 19 वीं, राज्य स्तर पर तृतीय व जयपुर स्तर पर द्वितीय रैंकिंग प्रदान की गई है।
- एज्यूकेशन वर्ल्ड द्वारा सत्र 2025–26 के लिए इण्डिया स्कूल रैकिंग में ''सहशिक्षा डे स्कूल'' श्रेणी के अन्तर्गत माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर को राजस्थान में द्वितीय रैंकिंग प्रदान की गई है।

## 6. आगामी योजनाएँ

- **स्वर्ण शताब्दी वर्ष के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन :**

  इस वर्ष सोसायटी ने अपने स्वर्ण शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर लिया है तथा सोसायटी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर शहर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की कार्ययोजना को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है।

- **सोसायटी स्तर पर टेलेन्ट हन्ट प्रतियोगिता का आयोजन :**

  दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर द्वारा पहली बार कक्षा 9 से 12 तक के प्रतिभावान शिक्षार्थियों के चयन हेतु जयपुर शहर में ''टेलेन्ट हन्ट प्रतियोगिता'' का आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिसमें चयनित शिक्षार्थियों को आगामी 4 साल में लगभग 2 लाख रूपये प्रति शिक्षार्थी मैरिट छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी ताकि सोसायटी के 7 विद्यालयों में (mps-jn, mgps, mps-pn, mps-Int., mps-kr, mps-Bagru, mps-tn) मेधावी शिक्षार्थियों को विद्यालय में प्रवेश दिया जा सके।

- **निर्माण नगर में पूर्व प्राथमिक विद्यालय का संचालन :**

  निर्माण नगर में बहुउद्देशीय भवन में अतिशीध्र पूर्व प्राथमिक विद्यालय का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा।

- **कौशल विकास पाठ्यक्रम अतिशीघ्र प्रारम्भ :**

  दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर द्वारा अतिशीघ्र इच्छुक स्वजातीय बन्धुओं की कौशल क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से निम्नांकित कोर्सेज प्रारम्भ किए जा रहे है:

  - Makeup Artist Courses
  - Tally Course
  - AI Short course
  - Advance MS Word & Excel Course
  - Microsoft office (MS Word, MS Excel)
  - Mechanical Stitching & Machine Embroidery Course



# ईसीएमएस द्वारा 77वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



दिनांक 26 जनवरी, 2026 को माहेश्वरी शिक्षा समिति (ECMS) जयपुर के तत्त्वावधान में 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया जिसने सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति की भावना के ओत-प्रोत कर दिया।

ईसीएमएस द्वारा संचालित सभी शैक्षणिक संस्थान, तिलक नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के एक ही परिसर में एकत्रित हुए। इस समग्र कार्यक्रम की थीम 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष और आत्मनिर्भर भारत' थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री अशोक कुमार जैन और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह श्री जसवंत खत्री थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सहित शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, उपाध्यक्ष (शिक्षा) श्री निर्मल दरगड़, महासचिव (शिक्षा) श्री कमल किशोर सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू और महामंत्री समाज सीए. रोहित माहेश्वरी व ईसीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया जिसके बाद एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा सतत अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए एक सुव्यवस्थित परेड की गई। स्कूल बैंड के लाइव प्रदर्शन से पूरा वातावरण देशभक्ति की सुमधुर धुनों से भर गया। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया था, जिससे सम्पूर्ण परिदृश्य राष्ट्रीय गौरव से ओतप्रोत हो गया। दोनों ही अतिथियों व पूर्व संरक्षकों, पूर्व अध्यक्षों व पूर्व महासचिव का पुष्पहारों से स्वागत किया गया तथा आभार के प्रतीक के रूप में उन्हें शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। जहाँ एक ओर शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने अपने भाषण में उपस्थित सम्मानित आगन्तुकों का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर महासचिव शिक्षा ने शिक्षा समिति के भावी विजन और मिशन के साथ-साथ समस्त शिक्षण-संस्थानों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं को अपने मन में देशभक्ति और एकता के मूल्यों को विकसित करने की प्रेरणा दी।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक समृद्ध शृंखला 'संविधान से स्वाभिमान तक' से भारत की विविध विरासत व विकास यात्रा को प्रदर्शित किया। समिति द्वारा संचालित प्रत्येक विद्यालय द्वारा अनूठी प्रस्तुतियाँ दीं गईं, जिनमें नृत्य, देशभक्ति गीत और राष्ट्रीय गौरव व एकता को दर्शाते हुए नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इनके माध्यम से हमारे स्वतंत्रता सेनानियों व सीमा पर तैनात वीर सैनिकों के संघर्ष और विश्व-पटल पर महाशक्ति के रूप में उभरते भारत की उपलब्धियों को दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। समारोह का प्रमुख आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत झाँकियों का जीवंत प्रदर्शन था जो कि 'विकसित भारत और विरासत' की पृष्ठभूमि पर प्रस्तुत की गईं थीं। इस रचनात्मक प्रदर्शन में भारत की समृद्ध विरासत और प्रगति की यात्रा को दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने इस विशाल समारोह की सावधानीपूर्वक योजना और सफल क्रियान्वयन के लिए समिति की तारीफ की तथा छात्रों में देशभक्ति और एकता को बढ़ावा देने के लिए समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

गौरतलब है कि इस संपूर्ण भव्य कार्यक्रम का आयोजन, समग्र व्यवस्था व संयोजन मेजबान विद्यालय माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ने की जिसके मानद शिक्षा सचिव सीए संजय बांगड़ द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत के साथ हुआ।



# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर

✆ 2624400, 2620541



विद्यालय में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व, विद्यार्थी पतंगबाजी करके हुए आनंदित।





स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के उद्देश्य से 'स्वामी विवेकानंद की यात्रा' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन।





23 जनवरी को वसंत पंचमी पर वसंत ऋतु और देशभक्ति आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।





24 जनवरी को एन.सी.सी. कैडेट्स और बैंड ट्रुप द्वारा देशभक्ति का उत्साह जगाने वाली तिरंगा रैली का हुआ आयोजन, देशभक्ति के नारों से गूँजा परिसर। विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना की गहरी समझ विकसित करने के उद्देश्य से 'देशभक्ति' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन।







77वें गणतंत्र दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सबको किया मंत्रमुग्ध।



## mps Sanskriti®
Pre Primary School

आँख और हाथों के समन्वय के साथ आत्मविश्वास जगाने, कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से लेवल 2 के बच्चों को करवाई 'ड्रॉ और कलर एक्टिविटी'।




बच्चों में भारतीय संस्कृति, त्योहारों और परंपराओं की समझ विकसित करने व सूक्ष्म मोटर कौशल और संवेदी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वसंत पंचमी पर गतिविधि का आयोजन किया गया।





बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस पर आधारित उत्सव में लेवल 1 के बच्चों ने माता को समर्पित डांस फॉर्मेंस, लेवल 2 के बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा लेवल 3 के बच्चों ने अपने डांस मूव्स से अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन।



## 77वाँ गणतंत्र दिवस : मानद सचिव संजय बांगड़ ने फहराया तिरंगा

विद्यालय में 77वाँ गणतंत्र दिवस राष्ट्रभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय गौरव के इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में मानद सचिव सी.ए. श्री संजय बांगड़ ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान के सामूहिक गान से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। ध्वजारोहण के उपरांत कर्मचारियों और उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री संजय बांगड़ ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने एक प्रेरणादायी संकल्प साझा करते हुए कहा- ''उस स्वर्ण दिवस के लिए आज से कमर कसें, बलिदान करें। जो पाया उसमें खो न जाएँ, जो खोया उसका ध्यान करें।'' इस अवसर पर विद्यालय के भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव एवं उपप्राचार्य श्री डी.डी. पाठक ने भी राष्ट्रध्वज के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षकगण सहित स्टाफ ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों का पुण्य स्मरण किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।



## विद्यालय में वसंत पंचमी



विद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व बहुत श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया गया, जो वसंत ऋतु के आगमन और ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के उपासना का प्रतीक है। वसंतोत्सव का शुभारंभ प्रात: प्रार्थना-सभा से हुआ, जिसने पूरे कैंपस में एक आध्यात्मिक रूप से उत्साहवर्धक वातावरण निर्मित किया। सभा में एक ज्ञानवर्धक भाषण, मधुर भक्ति गीत, श्लोकों का लयबद्ध पाठ और निर्देशित ध्यान का एक सत्र शामिल था। विद्यालय के सरस्वती मंदिर में एक भव्य पूजा पूरी श्रद्धा के साथ की गई, जो ज्ञान और मूल्यों के प्रति स्कूल की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विभिन्न वर्गों के क्लास मॉनिटर को इस अनुष्ठान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिससे छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और आध्यात्मिक जिम्मेदारी को बढ़ावा मिला। प्री-प्राइमरी विंग में एक मनमोहक उत्सव हुआ, जहाँ छोटे बच्चों ने एक सुंदर और जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रंगीन पगड़ी और पारंपरिक पोशाक पहने बच्चों ने अपनी मासूमियत, उत्साह और मनमोहक प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे यह कार्यक्रम वास्तव





में यादगार बन गया। इस मौके पर विद्यालय के भवनमंत्री, प्रधानाचार्या, प्री-प्राइमरी इंचार्ज और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। उनके प्रोत्साहन और समर्थन ने कार्यक्रम को गरिमा व महत्व प्रदान किया। प्रधानाचार्या ने अपने विशेष संबोधन में विद्यार्थियों को वसंत पंचमी के महत्व व प्रासंगिकता के बारे में बताया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में विद्यालय के तक्षशिला सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'विवेकानंद - एक महान हस्ती, युवा शक्ति की शाश्वत लौ' शीर्षक वाले पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से हुई। स्वामी विवेकानंद के विश्वविख्यात शिकागो भाषण को भी याद किया गया और समझाया गया।

विद्यालय के मानद सचिव (सीए) संजय बांगड़ ने छात्रों को संबोधित किया और युवा शक्ति, नैतिक



मूल्यों और राष्ट्र निर्माण पर अपने प्रेरक विचारों से उन्हें प्रेरित किया। बच्चों ने अंग्रेजी और हिंदी में अपनी लिखी कविताएँ सुनाईं। स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित रोचक व ज्ञानवर्धक प्रश्नमंच आयोजित किया गया। छात्रों के उत्साहवर्धक नृत्य-प्रदर्शन और संस्कृत में एक मधुर गीत ने कार्यक्रम में आकर्षण भर दिया।





## बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों हेतु विद्यालय में 'गुडलक सेरेमनी' का भव्य आयोजन





5 फरवरी 2026 को विद्यालय के सभागार में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा के उपलक्ष्य में एक भव्य 'गुडलक सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सी.ए. अंकित माहेश्वरी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती प्रियंका माहेश्वरी व प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव और प्रबंध समिति के सदस्य श्री अशोक कचोलिया मंचासीन थे। मुख्य अतिथि ने अपने मार्मिक संदेश में विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और धैर्य का महत्व समझाया।

# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆2314646, 2313072

## विवेकानंद जयंती पखवाड़ा : मूल्य, विचार और युवा शक्ति का संगम



ECMS के आदेशानुसार 8 जनवरी से 15 जनवरी तक विद्यालय में विवेकानंद जयंती पखवाडा गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके ओजस्वी विचारों को शैक्षिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुँचाया गया। विचार प्रधान प्रार्थना-सभा, निबंध लेखन, भाषण, कविता, नाट्य- प्रस्तुति एवं विचार अभिव्यक्ति जैसे आयोजनों ने विद्यालय वातावरण को प्रेरणा, अनुशासन और युवा चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। यह पखवाड़ा छात्राओं में आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

## विद्यालय में गणतंत्र सप्ताह के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन

ECMS के निर्देशानुसार 19 जनवरी से 25 जनवरी तक विद्यालय में आयोजित गणतंत्र सप्ताह के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति, प्रार्थना, प्रेरक भाषण, कविता पाठ प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में प्राथमिक कक्षाओं की बालिकाओं के लिए स्वतंत्रता सेनानी थीम आधारित फैंसी ड्रेस गतिविधि तथा देशभक्ति विषयाधारित सोलो डांस प्रस्तुतियाँ आयोजित हुईं। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना को सजीव रूप में अभिव्यक्त किया।



## ज्ञान, संस्कृति और परंपरा का संगम : विद्यालय प्रांगण में बसंत पंचमी उत्सव

23 जनवरी को विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू ने माँ सरस्वती की विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। पर्व के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन करते हुए छात्राओं ने बसंत पंचमी का महत्व कविता, गीत, भाषण आदि के माध्यम से व्यक्त किया। इसी क्रम में प्राथमिक कक्षाओं की नन्हीं बालिकाएँ पीले परिधान पहनकर विद्यालय पहुँची। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियाँ देते हुए पूरे वातावरण को उल्लास, ऊर्जा और वसंती रंगों से सराबोर कर दिया।



## अंग्रेजी वाद विवाद : रोटरी क्लब में विजयी विद्यालय



24 जनवरी को रोटरी क्लब द्वारा RTN MCB PAREKH INTER SCHOOL ENGLISH DEBATE COMPETITION आयोजित हुआ। प्रतियोगिता Community Service Should be a Compulsory part of our school curriculum विषयाधारित थी। विद्यालय की कक्षा 11 वीं की छात्रा गुंजन पडिया ने विषय के विपक्ष में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## सेवानिवृत्ति कार्यक्रम



विद्यालय में 35 वर्षों की लम्बी दीर्घावधि व्यतीत कर हिंदी की अध्यापिका श्रीमती अंजू भार्गव की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू, भवन मंत्री श्री हरिकिशन जी बाहेती, प्रबंध समिति के सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माल्यार्पण एवं ईश वंदना से हुआ। इस अवसर पर उपस्थित परिवारजन का पुष्पहार पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। शिक्षकों ने अपनी भावभीनी विचार अभिव्यक्ति भाषण, गायन द्वारा की। मानद् सचिव महोदय ने मैडम के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए उनकी कार्य शैली, कर्तव्यनिष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने मैडम के साथ बिताये पलों को याद करते हुए भाव-विह्वल होकर उनके आगामी जीवन में आरोग्य व सुख-समृद्धि की सुखद कामना की। श्रीमती भार्गव ने अपने कार्यकाल को स्मरण करते हुए सभी सहयोगी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित दिया। इसी क्रम में स्मृति स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करते हुए भवन मंत्री महोदय ने शुभकामना प्रेषित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## युवा दिवस और विवेकानंद पखवाड़े के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम



12 जनवरी 'युवा दिवस' के अवसर पर विद्यालय में विवेकानंद पखवाड़े के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विवेकानंद जी की शिक्षा से जुड़े पोस्टर, भाषण, काव्य पाठ और निबंध लेखन के माध्यम से उनसे सीखी, जीवन सीख को प्रस्तुत किया।

## जीते पदक



विद्यालय की छात्रा इधिता खंगारोत ने नई दिल्ली में आयोजित 68 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (शॉटगन) में 21 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



विद्यालय की प्रतिभावान खिलाड़ी लविष्का यादव ने टीम इवेंट में, राजसमंद में आयोजित सनराइजर्स राजस्थान स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



विद्यालय की प्रतिभावान खिलाड़ियों सिद्धिका माहेश्वरी व जान्वी बगेरिया ने 69वें SGFI नेशनल कराटे टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता।

अवनी शर्मा ने 69 वें SGFI नेशनल योगासन प्रतियोगिता में U-17 श्रेणी में भाग लिया।

## मकर संक्रांति और लोहड़ी की रही धूम

भारतीय संस्कृति के दो उत्साहपूर्ण त्योहारों मकर सक्रांति और लोहड़ी के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने जोश और उत्साह को रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इन दोनों त्योहारों की जीवन में महत्ता को गीतों व कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

## शौर्य प्रदर्शनी देखकर रगों में भरा जोश

जयपुर में आयोजित सैनिक दिवस (15 जनवरी) के अवसर पर भवानी निकेतन विद्यालय के



प्रांगण में लगी शौर्य प्रदर्शनी को विद्यालय की छात्राओं ने न सिर्फ देखा बल्कि सेना के साथ अपने जुड़ाव को साबित भी किया।

## वसंत पंचमी व पराक्रम दिवस को धूमधाम से मनाया




23 जनवरी 2026 विद्यालय में वसंत पंचमी व पराक्रम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर शिक्षा की अधिष्ठाता देवी माँ सरस्वती का पूजन किया गया और सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को कविता, लेख और गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## उत्साह से मनाया 'परीक्षा पर चर्चा' व देश भक्ति पखवाड़ा

विद्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व देशभक्ति व प्रधानमंत्री की पहल 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के तहत एक सप्ताह के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक व देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन सिलसिलेवार किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा की छात्राओं के लिए स्तरानुकूल गतिविधियों जैसे-पोस्टर निर्माण, कबड्डी मैच, नुक्कड़ नाटक, क्विज आदि का आयोजन किया। जिनके माध्यम से छात्राओं ने देशभक्ति, सहयोग, प्रबंधन, समर्पण जैसे जीवन मूल्यों और गुणों को सीखा।

## एम.जी.पी.एस में मनाया गणतंत्र दिवस

माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी श्री कैलाश जी मालपानी




थे। इस अवसर पर विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया, माहेश्वरी समाज के पदाधिकारीगण, प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका गौर उपस्थित थे।

## एम.जी.पी.एस में संपन्न हुआ विदाई समारोह



दिनांक 2 फरवरी, 2026 को माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जन उपयोगी भवन 'उत्सव', विद्याधर नगर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अंकिता-डॉ. अजय काबरा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती दीपा-नितिन मालपानी रहे। इस अवसर पर ECMS चेयरमैन श्री उमेश सोनी, विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष जाखोटिया, समाज के पदाधिकारीगण, प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका गौर, शिक्षकगण व छात्राएँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। श्री उमेश जी ने अपने भाषण में छात्राओं से भविष्य में भी अपने संस्कारों को ना भूलकर एक अच्छा मनुष्य बनने पर जोर दिया। मानद सचिव महोदय ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और जीवन में अनुशासन व कड़ी मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्राचार्या ने छात्राओं को विद्यालय में बिताए गए समय को यादगार बताया। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने भी विद्यालय जीवन के अनुभवों को साझा किया और शिक्षकों व साथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर हेड गर्ल अनन्या मंत्री ने अपने कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को डिप्टी हेड गर्ल साक्षी शर्मा को सौंपा। पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन द्वारा कक्षा 12 की छात्राओं के गत वर्षों के कुछ यादगार पलों को दर्शाया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न उपाधियों से अलंकृत किया गया जिसमें मिस एम.जी.पी.एस.की उपाधि मोनिशा अग्रवाल को प्रदान की गई। विद्यालय के पलों को यादगार बनाने हेतु शिक्षकों ने छात्राओं को स्मृति चिह्न और शुभकामना पत्र भेंट किए।

## बैगलेस डे पर आयोजित हुई गतिविधियाँ

31 जनवरी को विद्यालय की कक्षा 1-5 की छात्राओं के लिए बैगलेस डे का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने व्यर्थ सामग्री से बहुत सी कलात्मक वस्तुओं का निर्माण कर ना सिर्फ प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया बल्कि अपनी कला का भी परिचय दिया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ✆ 9116929333, 9116738408

## युवा सप्ताह का आयोजन

विद्यालय में दिनांक 8 जनवरी से 13 जनवरी, 2026 तक देश के युग-पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं अमर क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मरण में युवा सप्ताह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में निर्धारित तिथियों पर विविध रचनात्मक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 की ऑनलाइन कक्षाओं में सभी कक्षा अध्यापिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराया गया। कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों द्वारा काव्य-पाठ तथा कक्षा 6 एवं 7 में नारे लेखन गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन किया गया। कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक जीवन से जुड़ी घटनाओं पर आधारित सुंदर चित्र बनाए गए। कक्षा 9 में निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी जैसी ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ गतिविधियों में सहभागिता की।

इसी क्रम में प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता एवं सुमधुर गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय ने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की शिक्षाओं एवं सिद्धांतों की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उन्हें जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया।

## 77वाँ गणतंत्र दिवस का आयोजन



गणतंत्र दिवस के अवसर पर दी एजुकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा आयोजित समारोह में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भव्य शौर्य परेड के माध्यम से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का सशक्त प्रदर्शन किया। सुसंगठित कदमताल और अनुशासित प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया। इस अवसर पर बैंड वादन प्रस्तुत कर रहे विद्यार्थियों ने सुमधुर देशभक्ति की धुनों से वातावरण को देशप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया, जिससे उपस्थित दर्शक समूह भावविभोर एवं रोमांचित हो उठा।

विद्यालय में दिनांक 23 जनवरी को प्रार्थना सभा में पराक्रम दिवस, वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस का संयुक्त रूप से भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अद्वितीय योगदान, वसंत पंचमी के आध्यात्मिक एवं शैक्षिक महत्व तथा गणतंत्र दिवस की वर्तमान प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती की आराधना गीत का सुमधुर गायन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बन गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेताजी के आदर्शों, संविधान के मूल्यों एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## सेना दिवस परेड : एनसीसी कैडेट्स में भरा राष्ट्रभक्ति का जोश



जयपुर में आयोजित ऐतिहासिक 78वीं सेना दिवस परेड की भव्य तैयारियों का प्रत्यक्षदर्शी होना, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रतापनगर के एनसीसी कैडेट्स के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का अवसर रहा। यह आयोजन महल रोड, जगतपुरा में संपन्न हुआ, जहाँ विद्यालय के सभी कैडेट्स ने अत्यधिक उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता की।

कैडेट्स ने भारतीय सेना द्वारा प्रस्तुत परेड रिहर्सल का सजीव अवलोकन किया और देश की रक्षा में प्रयुक्त आधुनिक सैन्य संसाधनों-टैंक, सैन्य जीप, सेमी-ट्रक, अत्याधुनिक ड्रोन तथा हेलीकॉप्टर को निकट से देखा। इस अनुभव से कैडेट्स भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने तालियों की गूँज व 'भारत माता की जय' के नारों के जयघोष से परेड में भाग लेने वाले वीर सैनिकों का सलामी देकर उत्साहवर्धन किया। यह भव्य आयोजन सभी कैडेट्स के लिए एक प्रेरणादायी, गौरवपूर्ण एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने उनके मन में देशप्रेम और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ किया।

## विशेष उपलब्धियाँ

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत आर्यभट्ट गणित चैलेंज, 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के सफल समापन के पश्चात् प्रत्येक सीबीएसई क्षेत्र से शीर्ष 100 विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। अजमेर क्षेत्र से हमारे विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी शौर्य प्रताप सिंह नाथावत ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 73वाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।
- कक्षा चार के विद्यार्थी दिव्यांश चौधरी ने नेशनल साइंस ओलंपियाड के लेवल-1 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।
- 24 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी, 2026, एक भारत, श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय एकता शिविर, उदयपुर में विद्यालय की 2 एनसीसी इन्फैंट्री (आर्मी विंग) की कैडेट्स जिया रायसिंगानी एवं पलाक्षी जैन ने सराहनीय उपलब्धि प्राप्त की। देशभर के एनसीसी कैडेट्स की सहभागिता वाले इस शिविर में दोनों कैडेट्स ने रस्साकसी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा नृत्य प्रतियोगिता में रजत पदक अर्जित किए। उन्हें सहभागिता प्रमाण पत्रों से भी सम्मानित किया गया।

## राजस्थान डिजीफेस्ट ग्लोबल x TiE समिट




सूचना एवं प्रौद्योगिकी जनसंचार विभाग द्वारा जेईसीसी जयपुर में दिनांक 5 से 6 जनवरी को आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट ग्लोबल x TiE समिट 2026 में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मानित



भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राजस्थान राज्य में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 10 राज्यों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस शिविर में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कीर्ति रावत को एनएसएस के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट, अनुकरणीय एवं सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल प्रतिबद्धता और सेवा भावना को दर्शाती है, बल्कि समस्त महाविद्यालय के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

## सेना दिवस पर आयोजित आर्मी परेड



सेना दिवस के अवसर पर दिनांक 9,11,13 और 15 जनवरी 2026 को जयपुर के महल रोड पर आयोजित मार्च (परेड) का विद्यार्थियों ने अवलोकन किया एवं भारतीय सेना की परंपरा, अनुशासन, शौर्य और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने मार्च से जुड़ी तैयारियों एवं सैन्य अनुशासन की जानकारी प्राप्त की, जिससे उनमें देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना सुदृढ़ हुई।

## आर्मी हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन




दिनांक 10 जनवरी 2026 को आर्मी डे के पावन अवसर पर भवानी निकेतन में आयोजित भारतीय सेना के अत्याधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी का गहन अवलोकन किया तथा उनके तकनीकी उपयोग, कार्यप्रणाली और सामरिक महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सहभागिता



दिनांक 12 जनवरी 2026 को सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में भव्य युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सहभागिता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

## पक्षी सहायता शिविर

दिनांक 13 व 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पक्षी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पतंगबाजी के दौरान घायल हुए पक्षियों को प्राथमिक उपचार प्रदान कर उनके जीवन की रक्षा करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में जीव-दया, संवेदनशीलता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया गया।




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पदयात्रा एवं साइकिल रैली




भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में 25 जनवरी 2026 को मतदाताओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता पदयात्रा एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मताधिकार के महत्व का संदेश दिया।

## 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह




महाविद्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदया द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव, एडवोकेट श्री मनीष गगरानी एवं भवन मंत्री श्री सतीश कुमार सारडा ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा संविधान के आदर्शों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

# जनवरी माह का प्रतिवेदन

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड में जनवरी माह के दौरान विविध सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पर्वों को बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया।

**कार्यक्रमों की शुरुआत विवेकानंद जयंती पखवाड़ा से हुई,** जिसके अंतर्गत प्रार्थना सभा में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर भाषण, एवं प्रेरक उद्धरणों का वाचन किया गया। विद्यार्थियों को अन्य गतिविधियों-पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन द्वारा उनके आदर्शों से प्रेरित कर चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया।

## पतंग महोत्सव, लोहड़ी व मकर संक्रांति

दिनांक 13 जनवरी को विद्यालय में **पतंग महोत्सव व लोहड़ी उत्सव** का आयोजन किया गया। अतिथियों और विद्यालय प्रशासन की उपस्थिति में **लोहड़ी की पवित्र अग्नि को प्रज्जवलित कर परंपरागत रूप से लोहड़ी पूजन कर नृत्य एवं संगीत का आनंद उठाया गया।** बच्चों ने रंग-बिरंगी कागज से पतंगें बनाई। **रंग-बिरंगी पतंगों ने विद्यालय परिसर को उमंग से भर दिया।**

## वसंत पंचमी उत्सव




विद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थी फूल, तितली, किसान, सरस्वती माता आदि विभिन्न परिधानों में सजकर आए।

इस अवसर पर प्रार्थना सभा में प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने उद्बोधन, कविता पाठ, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर ज्ञान, कला एवं संस्कृति के महत्व को उजागर किया।

विद्यालय में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह (FLIGHT TO SUCCESS) का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि डॉ. हरी प्रसाद सोमानी, अतिरिक्त एस.पी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमान रोहित बजाज (को-फाउंडर एवं सी.ई.ओ.ऑफ बलवान कृषि) की गरिमामयी उपस्थिति रही।




दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्या द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों का महत्व बताया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विशिष्ट अतिथि ने भी अपने संबोधन में विद्यालय के संस्कारों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



**कार्यक्रम** के दौरान कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया गया। हेड गर्ल और हेड बॉय ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## गणतंत्र दिवस पखवाड़ा आयोजित

समारोहों की श्रृंखला में गणतंत्र दिवस पखवाड़ा का भी भव्य आयोजन के साथ हुआ। राष्ट्रगान, नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रेरणादायी उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों में देशप्रेम एवं संविधान के प्रति सम्मान की भावना विकसित की गई।





इन सभी आयोजनों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एम.पी.एस. इंटरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर ✆ 2621544, 2621545

## फुल ऑन जज्बा, फुल ऑन क्रिएटिविटी : कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि



विद्यालय में 'बसंत पंचमी' एवं 'तिरंगा' थीम पर कक्षा 6-9 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-कक्षा 'कुकिंग विदाउट फायर' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना था बल्कि उनमें सहयोग, अनुशासन, स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस गतिविधि से प्रेरित होकर विद्यार्थी भविष्य में इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाकर आर्थिक रूप से सुदृढ हो सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह ने मिठाई, नमकीन एवं पेय श्रेणी से संबंधित एक-एक आकर्षक एवं नवाचारी व्यंजन जैसे नारियल लड्डू, भेलपुरी, पपड़ी चाट, गोल-गप्पे, सैंडविच, चाट, सलाद, रंग-बिरंगे शरबत, जूस, मोजितो, केसर मिल्क आदि तैयार किए जिनमें बसंत पंचमी की पीतवर्णीय छटा और तिरंगे के रंगों की सुंदर झलक आकर्षण का केंद्र रहा।



## कार्यशाला द्वारा शिक्षकों को दी 'POCSO Act' के बारे में जानकारी

विद्यालय में POCSO Act के विषय में शिक्षकों को जानकारी देने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि वक्ता एडवोकेट राधिका माहेश्वरी एवं नीतिका कलाकार ने 'सेक्सुअल एब्यूज' व 'साइबर बुलिंग', POCSO Act में सम्मिलित सभी संवैधानिक प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबर्स, विद्यार्थियों में बदलते हुए व्यवहार की पहचान एवं डॉक्यूमेंटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## विद्यालय में छाया पतंग उत्सव का उल्लास



इस शुभ अवसर पर विद्यालय सचिव राधामोहन कचोलिया, भवन मंत्री गोविंद मालपानी, एम.एम.सी. मेंबर सुशील चितलांगिया एवं प्राचार्या मंजू शर्मा ने समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ लोहड़ी पूजन किया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पतंगों पर युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं एवं प्रेरक विचारों को अंकित कर समाज तक सकारात्मक संदेश पहुँचाए।

## स्वामी विवेकानंद सप्ताह : विचार, संस्कार और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का प्रेरक संगम





विद्यालय में स्वामी विवेकानंद सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ जैसे कहानी व कविता वाचन, वाद -विवाद, पोस्टर मेकिंग आदि का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी व आध्यात्मिक विचारों, नैतिक मूल्यों, दूरदर्शिता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना था।

## धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

विद्यालय में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम



के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविता पाठ एवं कहानी वाचन के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया।

## गणतंत्र दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन



विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा में देशभक्ति गीत व 'शहादत को नमन' थीम पर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई । साथ ही विद्यालय में 'जय भारत', 'मेरा भारत अमर रहे' ओजस्वी उद्घोषणा के साथ प्रेरक रैली का आयोजन किया गया।

## विशेष उपलब्धियाँ



- विद्यालय के विद्यार्थियों का गणित, प्रॉब्लम सॉल्विंग व फाइनेंशियल लिटरेसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन।



- राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की 'बूथ डिजाइनिंग एंड ब्यूटीफिकेशन' कला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा रिद्धिमा दाधीच ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया।
- UMAI सीनियर नेशनल म्यूथई चौंपियनशिप' में विद्यालय के कक्षा 11 के सक्षम बरनेला व मुदित गुप्ता ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## विद्यालय द्वारा उठाया गया अभिनव कदम



विद्यालय द्वारा एक अभिनव पहल के अंतर्गत प्राथमिक स्तर से ही विद्यार्थियों को दोनों हाथों से लिखने का अभ्यास कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों का समग्र मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास करना है।

**विद्यालय शिक्षा सचिव की कलम से-** 'हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।'

**CA Radha Mohan Kacholia**, Hon. Secretary

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कालवाड़ रोड ✆ 7412949000, 7410968000

## स्वामी विवेकानंद पखवाड़ा



स्वामी विवेकानंद पखवाड़ा के उपलक्ष्य में विद्यालय ने ECMS के तत्वावधान में नारा लेखन, कलाकृति, पोस्टर, निबंध, कोलाज और भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। 12 जनवरी 2026 को आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में अभिनय, कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के साहस और आत्मविश्वास के आदर्शों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## लोहड़ी उत्सव



दिनांक 13 जनवरी, 2026 को लोहड़ी का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया। विद्यालय के कार्मिकों ने अग्नि प्रज्वलित कर रेवड़ी, मखाने तथा मूँगफली अर्पित करते हुए पारंपरिक प्रार्थनाएँ की तथा हर्षोल्लास एवं सौहार्द से भरे उत्सव के क्षणों का आनंद लिया।

## वसंत पंचमी समारोह



दिनांक 23 फरवरी को माँ सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना कर वसंत पंचमी का पावन पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु देवी सरस्वती को पीले फूल अर्पित किए। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों ने पीले वस्त्र पहनकर विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया और सीखा कि भारत के अन्य राज्यों में भी यह त्योहार विभिन्न रूपों एवं विधियों से मनाया जाता है।



## पराक्रम दिवस

दिनांक 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके अदम्य साहस, निडर नेतृत्व क्षमता, अटूट देशभक्ति और स्वतंत्रता के लिए उनके अमर आह्वान 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यालय में पराक्रम दिवस बड़े ही गर्व के साथ मनाया गया।





विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं भारतीय सैनिकों की गणवेश धारण कर राष्ट्र के प्रति प्रेम, त्याग, सम्मान तथा वीरता का परिचय दिया तथा देश के लिए जीने-मरने की प्रेरणा एवं भाव को धारण कर गर्व की अनुभूति की।




## गणतंत्र दिवस समारोह सप्ताह

16 से 24 जनवरी 2026 तक 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर ECMS के मार्गदर्शन में देशभक्ति, गणतंत्र, संविधान एवं राष्ट्र चिह्नों के सम्मान आदि कार्यक्रम से परिपूर्ण सप्ताह मनाया गया। छात्रों ने पोस्टर बनाना, नारा लेखन, निबंध लेखन, तिरंगा कला, बैज प्रतियोगिता, मानचित्र अभ्यास और देशभक्ति गीत प्रस्तुतियों में भाग लिया। दैनिक कार्यों के प्रति जिम्मेदारी निभाकर भी हम देशभक्ति दिखा सकते हैं। इस संदेश को लेकर एनसीसी कैडेट्स द्वारा विशेष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।



# HAPPY REPUBLIC DAY

**Freedom in mind, strength in words.**



# HAPPY LOHRI

**The fire of Lohri teaches us hope, positivity, and moving forward".**




# BASANT PANCHAMI

**May Goddess Saraswati bless our family with harmony and growth.**



## Swapnil: "A Journey into the world of dreams"




## संस्कृति और भक्ति की अनुपम झलक -श्री सांवरिया सेठ जी की झांकी



# कृष्णधाम वृद्धाश्रम



✿ कौशल उत्थान संस्थान, जयपुर द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत दिनांक 8.1.26 को वृद्धाश्रम में शॉल, मोजे, टूथपेस्ट-टूथब्रश का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में गणमान्यजनों सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

✿ श्री भंवरलाल जी शारदा (झोटवाड़ा) द्वारा अपनी धर्मपत्नी की स्मृति में वृद्धाश्रम में 2, 01, 000/- रुपये का स्व. श्रीमती सरला शारदा वृद्धाश्रम मेडिकल कोष की स्वीकृति प्रदान की गई।



✿ स्व. सेठ श्री बद्रीनारायण जी सोढ़ानी की पुण्य स्मृति में श्रीमती शारदा देवी-श्री रामावतार सोढ़ानी द्वारा एक डीलक्स कमरे के निर्माण हेतु 6, 01, 000/- रुपये के सहयोग एवं 2100/- रुपये प्रतिमाह मेडिकल सहायता कोष में देने की स्वीकृति। प्रेरक : श्री मालचन्द बाहेती।



✿ श्रीमती शारदा देवी काबरा द्वारा वृद्धाश्रम में 51,000/- रुपये का 'श्रीमती शारदा देवी काबरा-स्व. श्री प्रेम चन्द काबरा स्थाई सेवा कोष' स्थापित किया गया है। प्रेरक-श्री गोविन्द काबरा।



✿ श्रीमती निर्मला-श्री ओमप्रकाश तेला द्वारा वृद्धाश्रम में 1,03,111/- रुपये का स्थाई सेवा कोष स्थापित किया गया है। प्रेरक : दिव्य तेला।



✿ स्व. श्रीमती सावित्री देवी- स्व. श्री रामेश्वर लाल मर्दा की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों श्रीमती संतोष-राधेश्याम मर्दा (पुत्र-पुत्रवधू), श्रीमती माधुरी-तुषार मर्दा (पौत्र-पौत्रवधू) द्वारा वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि 5,01,000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।



✿ 23.01.2026 को समाजसेवी श्रीमती शकुंतला-बालकृष्ण जाजू (बालक) ने अपनी 38वीं वैवाहिक वर्षगांठ वृद्धाश्रम में मनाई। इस अवसर पर परिवार सदस्यों द्वारा भगवान का प्रसाद वितरण कर भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया तथा वृद्धाश्रम में निवासरत सभी आदरणीय वरिष्ठजनों को ब्लैंकेट भेंट कर सम्मानित किया।



✿ स्व. श्री बसंती लाल जी मोदानी की पुण्य स्मृति में श्रीमती कमला मोदानी-कृष्ण कुमार मोदानी (पुत्र-पुत्रवधू)(शास्त्री नगर) के द्वारा वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि 5,01,000/- की स्वीकृति प्रदान की गई है। विशेष सहयोग : श्री प्रमोद लखोटिया।



✿ स्व. श्रीमती शांति देवी- स्व. श्री गोपाल जी लखोटिया की पुण्य स्मृति में श्रीमती मीता- श्री प्रमोद लखोटिया (सदस्य, कृष्णधाम वृद्धाश्रम प्रबंध समिति) द्वारा वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि 5,01,000 की स्वीकृति प्रदान की गई है।

✿ गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर द्वारा वृद्धाश्रम में ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत




वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों के बीच मंडल अध्यक्ष श्री अखिल भाला एवं सचिव श्री प्रवीण परवाल व वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री श्री सत्यनारायण करवा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक मालपानी, आईटी सचिव श्री गौरव जाजू एवं मंडल सदस्यों में सर्वश्री अनुज सोनी, पुनीत खटोड़, मनीष मालपानी, माधव बाहेती, अंकित अजमेरा आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती स्नेहलता साबू, सह सचिव श्रीमती अल्पना मूंदड़ा, समाज भवन मंत्री श्री कमलेश लड्ढा, श्री मालचंद बाहेती, श्री अशोक खटोड़ (विजयबारी), श्री अनिल मालपानी सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थिति रहे।



✿ स्व. श्रीमती अरूणा देवी सोनी की पुण्य स्मृति में श्री महेश सोनी (पति) व नूपुर-राजन सोनी (पुत्र-पुत्रवधू)(विजयबाड़ी) द्वारा वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि 5,01,100 की स्वीकृति प्रदान की गई है।



✿ श्री सत्यनारायण-अशोक कुमार सोमानी (हैदराबाद) के द्वारा वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक डीलक्स कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि 6,01,000/- की स्वीकृति प्रदान की गई। विशेष सहयोग : श्रीमती पिंकू सोमानी।

## नियमित नये जुड़े मासिक सहयोगी

(न्यूनतम अवधि एक वर्ष तक के लिए)

| क्र. सं. | विवरण | सहयोग राशी (₹) |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शारदा देवी-श्री रामावतार जी सोढानी (राशन)<br>प्रेरक : श्री मालचन्द बाहेती | 2,100 |

अन्य सहयोगी :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री बालकिशन जाजू (36 A/C रजाई) (अनु. लागत) | 12,700 |
| 2. | Jaipur Non Woveus C/o Naveen Saini (35 रजाई) | 28,000 |

सत्यनारायण करवा (वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री) मो. 92140-67771

## कृष्णधाम वृद्धाश्रम

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

उत्सव जनोपयोगी भवन के पास, पी-10ए, सेक्टर-2, विद्याधर नगर, जयपुर-39

**जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं आपके अन्य खुशी का दिन वृद्धाश्रम में निवासरत आदरणीय वृद्धजनों के साथ मनायें व उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त करें।**

**प्रातः नाश्ता : 2,100/-** (समय : प्रातः 9:00 से 9:30 बजे)

**दोपहर भोजन : 5,100/-** (समय : दोपहर- 12 से 1 बजे)

**रात्रि भोजन : 5,100/-** (समय : शाम- 7:00 से 8:00 बजे)

विशेष : मेजबान नाश्ता 50/- एवं लंच/डीनर 100/- रुपये प्रति व्यक्ति अतिरिक्त।

BANK A/C Detail

SHRI MAHESHWARI SAMAJ VRADHASHRAM, JAIPUR
A/c No. 2111000000000151 • IFSC : AUBL0002163
Bank Name : AU Small Finance Bank Ltd., Ambabari

सम्पर्क सूत्र : ✆ 9079018860

समस्त सहयोगकर्ता का हृदय से आभार

# NITIN ENTERPRISES

Painting Contractor & Specialist

Our services

- Interior Paint
- Italian Polish
- P.U. Polish
- Duco Metalic
- Water-proofing
- Exterior Paint
- Distemper
- Melamine Polish
- Inte.-Exterior Texture
- All type Paint Solution




Satya Narayan Ajmera



Nitin Ajmera


A/5, Alpana Colony, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur

9314930537 • 8955838965



Shree Krishna Group

# जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स

Reg. No.-SCA/2016/14/993369

- डूप्लेक्स/विला/फ्लेट
- खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
- व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
- शॉर्ट टाईम व लोंग टाईम इन्वेस्टमेंट

बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु





भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206

H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर

B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100

skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com



Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.

ANAND AJMERA

9828111112

9828019221

## Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.

Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL

SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives

Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)

Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off

E-mail : zeesab1@hotmail.com



# SHREE MAHESH

Fruits and Vegetables





Fresh from the farm, straight to your plate

- Fresh and healthy
- Wholesale and Retail
- Home Delivery
- Resonable prices
- Desi and Foreign varities available

Brij Mohan Bhandari (Maheshwari)

+919928955080



Regora

AAYUSHI MAHESHWARI

UMESH BHOOTRA

LABOUR LAW CONSULTANT

"अनुपालन में सटीकता, विश्वास में मजबूती"

हमारी प्रमुख सेवाएँ

- नया श्रम कानून दस्तावेज़ीकरण एवं अनुपालन"
- एचआर एवं अनुपालन ऑडिट, सीएलआरए के अंतर्गत लाइसेंस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा फैक्ट्री अधिनियम के अनुसार लाइसेंस एवं अनुपालन
- पॉश (POSH) अनुपालन एवं बाहरी सदस्य की भूमिका
- एचआर नीतियों का मसौदा तैयार करना, स्टार्टअप्स के लिए वर्चुअल एचआर सेवाएँ
- पीएफ/ईएसआईसी पंजीकरण तथा निकासी प्रक्रिया, दावा निपटान"

OUR KEY SERVICES

- PF/ ESIC Registration, Challan, Claim Settlement, Details correction, Labour law documentation and compliance.
- Compliance Audit, License Issue and renewal as per labour act, factories act Ex. - CLRA, Pollution .
- POSH/POCSO Training and External member role
- Drafting HR policies and virtual HR role for startups.





CALL US +91 8290018111 +91 9928372580 regora.hrc@gmail.com



नितिन माहेश्वरी 9829028642

# विनायक मेडिकल स्टोर

(21 वर्षो से आपकी सेवा में समर्पित)

FREE DELIVERY

माहेश्वरी बंधुओं को सभी दवाईयों पर 15% तक की छूट

3000/- की दवाईयों पर 18% तक की छूट

Call Us 982 9028 642

23, खेतान हॉस्पिटल के सामने, सीकर रोड, जयपुर



विद्याधर नगर जयपुर में

Cloud KITCHEN

(A Unit of Buffet Badshah)

नितिन माहेश्वरी 98290-28642

एक बार सेवा का मौका अवश्य दें

| 10 Pax | | 20 Pax | |
|---|---|---|---|
| 1600 Rs | 2200 Rs | 2800 Rs | 4000 Rs |
| दाल तड़का 2 Kg | दाल मखानी 2 Kg | दाल तड़का 4 Kg | दाल मखानी 4 Kg |
| मिक्स वेज 2 Kg | पनीर लवाबदार 2 Kg | मिक्स वेज 4 Kg | पनीर लवाबदार 4 Kg |
| जीरा राईस 2 Kg | वेज रायता 2 Kg | जीरा राईस 4 Kg | वेज रायता 4 Kg |
| 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 2 Kg | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 4 Kg |
| डिस्पोज़ल सहित फ्री | 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | डिस्पोज़ल सहित फ्री | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद |
| | डिस्पोज़ल सहित फ्री | | डिस्पोज़ल सहित फ्री |

सब्जियां kg में

1. पनीर बटर मसाला -380/-
2. पनीर लवाबदार - 360/-
3. कढ़ाई पनीर - 360/-
4. शाही पनीर - 360/-
5. मिक्स वेज - 320/-
6. दाल फाई - 260/-
7. दाल तड़का - 280/-
8. दाल मखानी - 340/-
9. जीरा राईस - 200/-
10. वेज पुलाव - 220/-
11. वेज बिरयानी - 240/-
12. चपाती ( सादा ) -10/-
13. चपाती ( बटर में ) -15/-

| STARTERS | Per Kg. |
|---|---|
| Chilli Potato | 280/- |
| Honey Chilli Potato | 300/- |
| Chilli Paneer (Dry) | 360/- |
| Chilli Paneer (Gravy) | 360/- |
| Hakka Noodles | 280/- |
| Veg Chowmein | 280/- |
| Veg Manchurian (Dry) | 320/- |
| Veg Manchurian (Gravy) | 320/- |
| Veg Fried Rice | 280/- |
| Mix Veg Pakoda | 320/- |
| Red Sauce Pasta | 350/- |
| White Sauce Pasta | 380/- |

Delivery in Complete Jaipur

## नर सेवा, नारायण सेवा :

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प




पूर्वी काबरा सुपुत्री श्री मनोज जी काबरा के सहयोग से गुरुवार, दिनांक 5 फरवरी, 2026 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज उपाध्यक्ष (अर्थ) श्री पूनमचन्द भाला सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



श्री विकास मोहता के सहयोग से गुरुवार, दिनांक 29 जनवरी, 2026 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज उपाध्यक्ष (अर्थ) श्री पूनमचन्द भाला, श्री गौरव नरूला, सीए. अमित मोहता, श्रीमती भावना मोहता, अंबिका मोहता सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



श्री दिनेश कुमार राठी के सहयोग से गुरुवार, दिनांक 12 फरवरी, 2026 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनुज राठी, पूर्वी खटोड़, निहिल खटोड़ सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अन्न सेवा का पुण्य अवसर

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 'नर सेवा, नारायण सेवा' प्रकल्प के अन्तर्गत जे.के. लॉन अस्पताल के बाहर साप्ताहिक अन्न सेवा आयोजित की जाती है, जिसके अन्तर्गत लगभग 400-500 जरूरतमंद भाई-बहनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाता है। यह सेवा समाज द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुचारू रूप से संचालित की जा रही है, जिससे समाज बंधु परोपकार के भागीदार बन पुण्य लाभ कमा रहे हैं।

सेवा भावना से प्रेरित बंधुजनों से विनम्रअनुरोध है कि आप भी 'अन्न सेवा' करवाकर इस पुण्य कार्य के सहभागी बनें।

**दिवस :** प्रत्येक गुरुवार

**स्थान :** जे.के. लॉन अस्पताल, जे.एल.एन. मार्ग

**सहयोग राशि :** 8,100/-

**सम्पर्क सूत्र :**

श्री विकास मोहता- संयोजक, अन्न सेवा मो. नं. : 99280 82094
समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल,
तिलक नगर, भाभा मार्ग, जयपुर फोन न. 0141-2623500
(भोजन प्रसादी : चपाती, दो सब्जी, अचार, मिठाई-आगरे का पेठा)

KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE KDRC JAIPUR

कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001
(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com

Estt since 2011



सुविधाएँ

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)

- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री



एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

निर्मल मूंदड़ा - 98290-50202

# 'सशक्त नारी-समृद्ध समाज' (महिला स्वावलम्बन की ओर)





















## देहदान संकल्प पत्र पर आभार

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के निम्न समाज बन्धुओं द्वारा मरणोपरान्त अपनी देह का दान शरीर रचना विभाग को करने हेतु संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा में इनके इस योगदान हेतु इनको सादर साधुवाद देता है।



श्री अभिषेक तोतला
महारानी फार्म, दुर्गापुरा



श्रीमती अरुणा मानधनियां
गांधीपथ वेस्ट, लालरपुरा

सादर वंदन एवं आभार

उमेश सोनी
अध्यक्ष

सुरेन्द्र बजाज
संयोजक-नेत्रदान-देहदान प्रेरणा प्रकल्प समिति

सीए. रोहित माहेश्वरी
महामंत्री

## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

द्वारा

मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु

**महेश बैकुंठ रथ (मोक्ष वाहिनी)** की सेवाएँ संचालित हैं।



सम्पर्क सूत्र

97859-85000, 99502-69470, 96948-68177

# स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।


श्रीमती शरबती देवी खटोड़
02.01.2026


श्री गौरीशंकर बिहानी
04.01.2026


श्रीमती बसंती देवी शारदा
14.01.2026


श्री गौरी शंकर खटोड़
15.01.2026


श्रीमती धापा देवी साबू
15.01.2026


श्री अनूप कालानी
16.01.2026


श्रीमती जमना देवी झंवर
16.01.2026


श्रीमती संगीता साबू
18.01.2026


श्री गोविन्द राम काबरा
18.01.2026


श्रीमती निर्मला देवी झंवर
20.01.2026


श्रीमती शांता देवी बियानी
20.01.2026


श्री गौरीशंकर मालू
21.01.2026


श्रीमती परमेश्वरी देवी सिगची
21.01.2026


श्रीमती गीता देवी मूंदड़ा
22.01.2026


श्री लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा
24.01.2026


श्रीमती शारदा देवी काबरा
24.01.2026


श्री कन्हैया लाल अजमेरा
24.01.2026


श्री चाँदरतन चाँडक
27.01.2026


श्री चन्द्रमोहन बिहानी
28.01.2026


श्रीमती संतरा देवी परवाल
29.01.2026


श्री कौशल हुरकट
01.02.2026


श्रीमती पिस्ता देवी कासट
01.02.2026


श्रीमती उर्मिला देवी खटोड़
03.02.2026


श्री प्रशान्त मालपानी
04.02.2026


श्रीमती लीला देवी जाजू
06.02.2026


रिटायर्ड कर्नल
श्री आनन्द स्वरूप काबरा
07.02.2026


श्री निर्मल कुमार काबरा
10.02.2026


श्रीमती रामेश्वरी देवी तोतला
10.02.2026


श्रीमती गीता देवी लढ्ढा
10.02.2026


श्रीमती सुशीला लढ्ढा
11.02.2026

## विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979


## गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट
★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
'गणगौर हाउस', प्लाट नं. 166, सेक्टर - 2, गणेश पार्क के पास, 'उत्सव' माहेश्वरी जनउपयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर
0141-2235363
+91-9314242432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
0141-4015444
+91-9309485200

## नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 07.01.2026 | श्रेयांश | श्री वी. के. जी | मुस्कान | श्री राजीव भाला |
| 23.01.2026 | श्रेय | श्री श्रीनन्दन भाला | अनिका | श्री पारूल जी |
| 23.01.2026 | रिपुसुदन | श्री मधुसूदन मारू | श्रद्धा | श्री प्रदीप सोमानी |
| 23.01.2026 | अतुल | श्रीमती राजकुमारी जी | दीक्षा | श्री नवीन खटोड़ |
| 23.01.2026 | संस्कार | श्री राज जी | रूपल | श्री ललित कुमार बियाणी |
| 23.01.2026 | कौशिक | श्री लीलाधर गट्टानी | हर्षिता | श्री संजय कुमार सारड़ा |
| 23.01.2026 | अभिषेक | श्री विनोद कुमार मूंदड़ा | मोना | श्रीमती पूजा जी |
| 01.02.2026 | यश | श्री अशोक कोठारी | बुद्धिता | श्री रमेश साबू |
| 04.02.2026 | शिखा | श्री घनश्याम भण्डारी | अनुराग | श्री मनोज बियानी |
| 04.02.2026 | अंकित | श्री गिरिराज प्रसाद अजमेरा | शिल्पी | श्री राजेन्द्र बाहेती |
| 04.02.2026 | सोमेश | श्री विष्णु साबू | दीपांशी | श्री अजय माहेश्वरी |
| 05.02.2026 | डॉ. अर्जुन | श्री अवनि कुमार जी | डॉ. उमंग | श्री नरेश जाजू |
| 05.02.2026 | चेतन | श्री कंवर सिंह जी | नेहा | श्री गौरीशंकर राठी |
| 06.02.2026 | अनन्त | श्री भगवान दास मंत्री | मुस्कान | श्री महेश कोठारी |
| 07.02.2026 | माधव | श्री महेश कोठारी | निधि | श्री मनोज झंवर |
| 08.02.2026 | आयुष | श्री सुरेश माहेश्वरी | शुभांगी | श्री अशोक माहेश्वरी |
| 08.02.2026 | सक्षम | श्री जय कुमार जी | श्रेया | श्री रितेश माहेश्वरी |
| 10.02.2026 | उत्कर्ष | श्री मनोज माहेश्वरी | डॉ. आयुषी | श्री भीमराज जी |
| 10.02.2026 | रौनक | श्री नवीन परवाल | वंशिका | श्री विष्णु सारड़ा |
| 10.02.2026 | विनीत | श्री विजेन्द्र जी | शैली | श्री मनोज कुमार बाहेती |
| 13.02.2026 | अंकुर | श्री शिव कुमार जी | वेदिका | श्री मधुसूदन बिहाणी |
| 13.02.2026 | श्रेयांश | श्री रमेश साबू | प्राशी | श्री मनोज कुमार सोमानी |
| 13.02.2026 | रजत | श्री सुभाष चन्द्र धूत | कनिका | श्री पवन बागड़ी |
| 13.02.2026 | अनुज | श्री नरेश कुमार जी | माधुरी | श्री कमल मानधनियाँ |
| 13.02.2026 | अंकित | श्री महेश जी | भूमिका | श्री संजय मालू |
| 13.02.2026 | कृष्ण | श्री रोशन अजमेरा | महक | श्री संजय परवाल |
| 15.02.2026 | कार्तिक | श्री इन्द्र मल माहेश्वरी | चार्वी | श्री राजेश अजमेरा |

### वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ

| | | |
|---|---|---|
| 04.01.2026 | श्रीमती सीता एवं श्री नटवर लाल अजमेरा | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |
| 10.01.2026 | श्रीमती सरोज देवी एवं श्री महेश काबरा | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |
| 25.01.2026 | श्रीमती पुष्पा देवी एवं श्री महेश कुमार चौखड़ा | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |
| 27.01.2026 | श्रीमती कृष्णा एवं श्री श्रीगोपाल भूतड़ा | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |
| 08.02.2026 | श्रीमती गायत्री एवं श्री भवानी शंकर भुराड़िया | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |
| 09.02.2026 | श्रीमती रश्मि एवं श्री आलोक अजमेरा | 25वीं वर्षगांठ ( रजत जयन्ती ) |
| 10.02.2026 | श्रीमती चन्द्रकान्ता एवं श्री बाबूलाल तोतला | 50वीं वर्षगांठ ( स्वर्ण जयन्ती ) |

## समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु आभार

| सहयोगकर्त्ता | राशि |
|---|---|
| श्री ललित कुमार बियाणी | 5,100 |
| श्री संजय कुमार सारड़ा | 5,100 |
| श्री नरेश जाजू | 5,100 |
| श्री विष्णु सारड़ा | 5,100 |
| श्री मनोज कुमार सोमानी | 5,100 |
| श्री सुभाष चन्द्र धूत | 5,100 |
| श्री मधुसूदन मारू | 3,100 |
| श्री विष्णु साबू | 3,100 |
| श्री अजय माहेश्वरी | 3,100 |
| श्री रोशन अजमेरा | 2,500 |
| श्री संजय परवाल | 2,500 |
| श्री श्रीनन्दन भाला | 2,100 |
| श्री प्रदीप सोमानी | 2,100 |
| श्री नवीन खटोड़ | 2,100 |
| श्री विनोद कुमार मूंदड़ा | 2,100 |
| श्री घनश्याम भण्डारी | 2,100 |
| श्री मनोज बियानी | 2,100 |
| श्री गिरिराज प्रसाद अजमेरा | 2,100 |
| श्री मनोज माहेश्वरी | 2,100 |
| श्री गौरीशंकर राठी | 2,100 |
| श्री भवानी शंकर भुराड़िया | 2,100 |
| श्री बाबू लाल तोतला | 2,100 |
| श्री पवन बागड़ी | 2,100 |
| श्री कमल मानधनियाँ | 2,100 |
| श्री महेश कुमार चौखड़ा | 1,100 |
| श्री राजेन्द्र बाहेती | 1,100 |
| श्री महेश कोठारी | 1,100 |
| श्री मनोज झंवर | 1,100 |
| श्री सुरेश माहेश्वरी | 1,100 |


## Advertising Rates List for JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

| Particulars | Size | Rates (₹) |
|---|---|---|
| Front Inner Page | 24 × 19 cm | 21,000 |
| Front 4th Page | 24 × 19 cm | 15,000 |
| Front 6th Page | 24 × 19 cm | 13,000 |
| Full Page Inside | 24 × 19 cm | 12,000 |
| Half Page | 12 ×19 cm | 6,000 |
| Quarter Page | 12 ×9.5 cm | 3,000 |
| Strip | 4.8 × 19 cm | 2,500 |
| Visiting Card | 4.8 × 9.5 cm | 1,200 |
| COVER | | |
| Back Cover | 22 × 19 cm | 35,000 |
| Back Inner | 24 × 19 cm | 21,000 |

**PAYMENTS**
All payments to be made in favour
Shri Maheshwari Samaj, Jaipur
Bank
PNB, Johari Bazar, Jaipur
A/c No. : 3553000100004861
IFSC Code PUNB0355300
* GST extra
**30% Discount**
For Maheshwaries

## माहेश्वरी बहनों के लिए
# सुनहरा अवसर
माहेश्वरी पत्रिका में प्रकाशित करवाएं
रियायती दर विज्ञापन

माहेश्वरी बहनें जो स्वतंत्र रूप से अपना घरेलू कार्य/कुटीर उद्योग जैसे पापड़, मंगोड़ी, अचार, अगरबत्ती, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई इत्यादि का कार्य करती हैं और उसे विस्तार देने में इच्छुक हैं, तो ऐसी बहनों के लिए माहेश्वरी पत्रिका द्वारा विशेष ऑफर...

अब अपने गृह उद्योग उत्पादों का क्लासीफाइड विज्ञापन करवाइए-
वह भी मात्र ~~800~~ 300 + GST में!
आपके लिए यह ऑफर बहुत खास है।

**फायदे एक नहीं अनेक**
1.घर बैठे अपने कार्य का प्रचार,
2.नए ग्राहकों तक पहुँचने का सुनहरा मौका
3. उद्योग को विस्तार देने की नई राह

हुनर को दीजिए पहचान, अपने सपनों को इक नई उड़ान!

विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क सूत्र
विजय सारड़ा 9828112198
श्रुति लाहोटी 9829599642, मंजू मंत्री 9829264257
जयपुर माहेश्वरी पत्रिका -आपकी आवाज, आपके साथ

# SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER

(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)

210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19

फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com

## ओपीडी



**General Medicine**
Dr. Ravindra Mathur
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**MD Radiodiagnosis**
Dr. Sahil Sharma
Timing 9:00 to 12:00 PM



**Nephrology, Hypertension & Kidney**
Dr. Ajay Singh
Transplantation Geetanjali Hospital MD Medicine (PGI Chandigarh), DM Nephrology (SGPGI Lucknow)
Time 8:00 AM to 9:00 AM
(Sunday Closed)



**Urologist**
Dr. Naman Singhal
MBBS, MCH (Urologist)
Timing : 4 PM to 5 PM
(Tuesday, Thursday, Saturday)



**Gynecologist**
Dr Priyanka Goel
MBBS, DNB (OBG), Gold Medalist Mahatma Gandhi Hospital, Jaipur Laparoscopic Surgeon Fellowship in Gynecological Oncology (GCRI, Ahmedabad)
Time 5:30 PM to 6:30 PM
(Sunday Closed)



**Senior Cardiologist**
Dr. Deepak Agarwal
Narayana Multi-Speciality Hospital, Jaipur MBBS,MD (General Medicine), DNB Cardiology Time 4:00 PM to 5:30 PM
(Prior Appointment)
(Sunday 9:00 AM to 10:00 AM)
(Prior Appointment)



**Gynaecologist**
Dr. Vinita Gupta
M.B.B.S., DGO
SHIJ Hospital, Jaipur consultant Obstrician & Gynaecology
Time 12:00 PM to 1:00 PM
(Thursday Closed)



**Dental Care**
Dr. Bharti Maheshwa
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Orthopaedic**
Dr. Gaurav Vaishnav
MBBS
Robotic Joint Replacement Surgeon Fortis hospital
Timing : 4:00 PM to 5:00 PM



**Physiotherapist**
Dr. Anoop Sharma & TEAM
BPT,MPT (Ortho), COMT
Consultant Physiotherapist, Consultancy By his Team (Fortis Hospital, Jaipur)
Time 8:30 AM to 9:00 AM
(Wednesday)



**Physiotherapist**
Dr. Naman Mathur
BPT
Timing : 8:00 AM-2:00 PM
(Monday-Saturday)



**Physiotherapist**
Dr. Ruchi Sharma
BPT
Timing : 8:00 AM-2:00 PM
(Monday-Saturday)

उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएँ भी रियायती दरों पर उपलब्ध

**DIALYSIS** START / ₹650/-

**सोनोग्राफी**
प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक

**Digital X-Ray** 200/- से शुरू

**PHYSIOTHERAPHY** START / ₹250/-
- Assessment and Diagnosis
- Rehabilitation Sessions
- Individualized Treatment Plans

लैब का समय
प्रात: 8 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रात: 8 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹ 2600/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- LIVER FUNCTION TEST
- HBAIC
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
- X-Ray Chest digital
- ECG



सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 50/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price / ₹700/-

CBC • FASTING BLOOD SUGAR • POST PARANDIAL BLOOD SUGAR • CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE • HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹1299/-

CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING • BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT • RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC • URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 1.5, 3.0 Tesla से

Special Price / ₹3500/-

## ब्लड कलैक्शन सेन्टर

महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी 0141-3517910, 8306300165
87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर 0141-4924112

कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक

संचालन समिति ( 2025-28 )

| उमेश सोनी | सीए. रोहित परवाल | डॉ. महेश भूतड़ा | लक्ष्मी नारायण मोदानी |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | महामंत्री | स्वास्थ्य मंत्री | प्रशासनिक सचिव 9460069917 |




स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक रोहित माहेश्वरी, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित।
सम्पादक- मधु भूतड़ा



## शिकायत

प्रति,
श्रीमान डाकपाल महोदय,

उक्त पत्रिका प्राप्तकर्ता को इसी पते पर प्रतिमाह पोस्ट की जाती है लेकिन विगत कई माह से लगातार 'जयपुर माहेश्वरी पत्रिका' प्राप्तकर्ता को नहीं मिल रही है। विशेष सतर्कता के साथ वितरण करावें। शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। सम्पादक, जयपुर माहेश्वरी पत्रिका